वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शनिवार, 20 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 166, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 607 अंकों की गिरावट

आईटी शेयरों में बिकवाली से शेयर बाजार पांच दिनों की तेजी के बाद गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 607 अंक और निफ्टी में 155 अंक की गिरावट दर्ज की गई। } 10

दोषसिद्धि की पूरी प्रक्रिया में हो प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जांच, अभियोजन और दोषसिद्धि की पूरी प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी का सक्रिय इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाना चाहिए। } 12

अब तक सृजित हुईं 70 लाख नौकरियां : मोदी

प्रधानमंत्री ने 15 लाख कर्मियों व नियोक्ताओं को जारी की 2,400 करोड़ की राशि

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार नौकरी पाने वाले 15 लाख कर्मचारियों एवं उनके नियोक्ताओं को 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी करते हुए शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के तहत देशभर में 70 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। सरकार की तरफ से यह राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने राशि अंतरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब सरकार, युवा और उद्योग साथ मिलकर काम करते हैं तो रोजगार सृजन कई गुना बढ़ता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत न केवल 70 लाख रोजगार सृजित हुए हैं, बल्कि लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज भी दिया गया है। सरकार नए रोजगार पैदा करने वाले संस्थानों एवं नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करती है। पीएम-वीबीआरवाई पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए उद्योग और कार्यबल के बीच एक पुल का काम करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा इस योजना के जरिए हम रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रहे हैं, युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और भविष्य के लिए मजबूत कार्यबल तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की आकांक्षाएं, कौशल और क्षमता ही विकसित भारत की दिशा तय करती हैं। आने वाले वर्षों में भारत के युवा वैश्विक विकास, नवाचार और उद्यमिता को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के लिए सरकार ने 99,446 करोड़ ...शेष पृष्ठ 10 पर

अमेरिका-ईरान वार्ता टली, शांति समझौते पर संकट के बादल

❍ दक्षिणी लेबनान में इजराइल ने तेज किये हमले ❍ इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 18 लोगों की मौत

एजेंसी

यरुशलम। इजराइल की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने रातभर दक्षिणी लेबनान में कई लक्ष्यों पर हमले किए, जबकि हिज्बुल्ला ने क्षेत्र में भीषण लड़ाई जारी रहने की जानकारी दी है इन घटनाओं ने ईरान और अमेरिका के बीच हाल में हुए युद्ध समाप्ति संबंधी प्रारंभिक समझौते के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में होने वाली वार्ता लड़ाई तेज होने के कारण टाल दी गई। इस वार्ता में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को शामिल होना था। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि मध्यस्थ उन बैठकों के समय में बदलाव की कोशिश कर रहे हैं जो ईरान युद्ध की समाप्ति के वास्ते बातचीत शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस बीच लेबनान में लड़ाई में मरने वालों की संख्या बढ़ गयी है। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी के अनुसार, इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई है। इजराइली सेना ने कहा कि उसकी कार्वाई अब भी जारी है। इजराइल ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में लड़ाई के दौरान एक लेफ्टिनेंट कर्नल समेत उसके चार सैनिक मारे गए। उसने यह भी बताया कि एक विस्फोटक ड्रोन हमले में पांच अन्य सैनिक घायल हो गए। इजराइली सेना ने शुक्रवार को लेबनान की पूर्वी बेका घाटी में भी ठिकानों पर हमला किया। लगातार जारी संघर्ष से यह नया समझौता प्रभावित हो सकता है, जिसमें सभी मोर्चों पर तत्काल सैन्य कार्वाई रोकने का प्रावधान है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। समझौते में लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता सुनिश्चित करने की बात भी कही गई है इस प्रारंभिक समझौते का मकसद युद्ध को खत्म करना ...शेष पृष्ठ 10 पर

इजराइल व हिज्बुल्ला युद्धविराम पर सहमत

यरूशलम। इजराइल और चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला शुक्रवार को अपने युद्धविराम को आगे बढ़ाने पर सहमत हो गए। स्विट्जरलैंड में ईरान और अमेरिका के बीच होने वाली बातचीत के लड़ाई के कारण टल जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच यह सहमति बनी। तीन अधिकारियों ने दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने की जानकारी दी। इन तीन अधिकारियों में दो क्षेत्रीय और एक अमेरिकी अधिकारी हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि इस समझौते में कतर, अमेरिका और ईरान ने मध्यस्थता की। इजराइल और हिज्बुल्ला ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

सई नदी में डूबकर दो किशोरियां की मौत

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नहोरा गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में सई नदी में डूबने से दो किशोरियों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य किशोरी को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नहोरा गांव की कुछ किशोरियां सई नदी के किनारे गई थीं। इसी दौरान नदी में नहाते समय तीन किशोरियां गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर तत्काल बचाव का प्रयास किया तथा पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों किशोरियों को नदी से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद गुड़िया (17 वर्ष) और शिवांगी (17 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरी किशोरी का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

प्रेम संबंध में बाधा बने बच्चे की मां ने की हत्या

मेरठ। जिले में प्रेम संबंधों में बाधा बनने पर छह वर्षीय बालक की हत्या कराने के आरोप में उसकी मां को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में महिला का प्रेमी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। 16 जून को बहसूमा थाने में एक महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था तथा उस महिला ने आरोप लगाया था कि मुजफ्फरनगर का अर्पित शर्मा छह वर्षीय बालक को कार में बैठाकर ले गया और उसके साथ अनहोनी की आशंका है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान में शर्मा ने स्वीकार किया कि उसकी और महिला गुरप्रीत कौर के प्रेम संबंधों में यह बालक बाधा बन रहा था।

एसआईटी जांच से हो जायेगा दूध का दूध और पानी का पानी

❍ अयोध्या को बदनाम करने की रची जा रही साजिश : योगी ❍ 290 करोड़ से अधिक की 245 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

करुणाकर दुबे

अयोध्या। अयोध्या। मणिरामदास छावनी के महंत एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज के 88वें जन्मोत्सव समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को लेकर विपक्ष को आड़े हाथ लिया। किया। उन्होंने कहा कि जो लोग कभी अयोध्या में रामलला के दर्शन तक करने नहीं आए, वे आज रामभक्ति की बात कर रहे हैं! अयोध्या धाम, श्रीराम जन्मभूमि और उसकी परंपरा को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश चल रही है। एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी कर देगी। राष्ट्रविरोधी शक्तियों के मंसूबे सफल नहीं होने दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या अब उपेक्षित और तिरस्कृत नहीं है। अब रामभक्तों पर कोई लाठी-गोली नहीं चला सकता और न ही कोई प्रभु के अस्तित्व पर अंगुली भी उठा सकता है। आज की अयोध्या त्रेतायुग का स्मरण कराती है। हमने रामचरित मानस व रामायण के ग्रंथों में जो पढ़ा, उससे लगता था कि अयोध्या की भव्यता कैसी होगी। 40 वर्ष पहले जब अयोध्या में दर्शन का सौभाग्य मिला तो यहां की स्थिति देखकर दिल को ठेस पहुंची थी। वह समय रामजन्मभूमि आंदोलन का था। तब संघर्षों के साये में सन्नाटा था, लोग भयभीत थे। सरकारों की मंशा अच्छी नहीं थी। लेकिन, मन में अयोध्या को देखने की उत्सुकता थी। गोरक्षपीठ की तीन-तीन पीढ़ियां इस आंदोलन से जुड़ी थीं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को नगर निगम अयोध्या में 290 करोड़ रुपये से अधिक की 245 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां रामायण वैक्स म्यूजियम व जोनल कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने म्यूजियम का अवलोकन और नगर निगम की विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने कहा कि अयोध्या की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए अभी और कार्य करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 31 मई को नगर निगम ने महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी के नेतृत्व में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया था। हजारों लोग गलियों, मोहल्लों में इस कार्यक्रम से जुड़े थे। इससे अयोध्या की छवि अच्छी बनी थी। आप सिर्फ अयोध्या के नागरिक या पार्षद भर नहीं है, बल्कि दुनिया की सबसे अधिक संभावना वाली आध्यात्मिक, सांस्कृतिक नगरी के वासी और प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली से जुड़े नागरिक भी हैं। सीएम ने अयोध्या में जन्म लेने वालों को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि आप प्रभु श्रीराम के चमत्कार को देखने का आनंद प्राप्त कर रहे हैं। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जिसने रामलला के प्रकटीकरण के भव्य आयोजन को देखा है। हमसे पहले की पीढ़ी बिना रुके, डिगे, थके, झुके आंदोलन करती थी। रामकाज में जो भी बाधक बना, ...शेष पृष्ठ 10 पर

मां पाटेश्वरी देवी शक्ति पीठ समेत 13 मार्गों के विकास को मंजूरी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ धाम एवं अन्य धार्मिक स्थलों तक सड़क संपर्क बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंडल के मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ एवं स्वामीनाराण मंदिर से बस्ती के मखौड़ा धाम एवं अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख 13 मार्गों के विकास को मंजूरी दी। कुल 4901.65 करोड़ रुपये की एक हजार से अधिक विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। योगी ने महाराजा सुहेलदेव सभागार में लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की तथा नई कार्य योजनाओं पर जनप्रतिनिधियों के साथ मंथन किया। इस दौरान उन्होंने देवीपाटन मंडल के गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती की सड़क संपर्क परियोजनाओं की प्रगति परखी। इसके साथ ही उन्होंने बस्ती मंडल के बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने, जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण, संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण और पुल सेतु से जुड़े निर्माण कार्यों पर चर्चा हुई। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री को देवीपाटन की मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क, पुल, सेतु और अन्य आधारभूत विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

प्रौद्योगिकी ने बदला युद्ध का स्वरूप

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वाईआईएल की आयुध फैक्टरी का किया भूमि पूजन

एजेंसी

नागपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पारंपरिक युद्ध और उससे जुड़े साधनों का आज भी उतना ही महत्व है, जितना 1947 में था। उन्होंने कहा कि इसलिये एक मजबूत सैन्य-औद्योगिक आधार का महत्व भविष्य में भी रहेगा।

रक्षामंत्री ने कहा कि युद्ध के दौरान जब आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती है, तो हर देश चाहता है कि ज़रूरी चीज़ों का उत्पादन देश के भीतर ही हो। उन्होंने कहा कि जो देश अपनी ज़रूरतें खुद पूरी करने में सक्षम होता है, वह पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकता है। नागपुर के अंबाझरी में स्थित यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) की आयुध फैक्टरी में 10,000-टन एल्युमीनियम एक्सट्रूज़न प्रेस (एईपी) के भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अब अगले कुछ वर्षों में तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य रखा है। सिंह ने कहा पारंपरिक युद्ध और उससे जुड़े साधनों का महत्व आज भी उतना ही है, जितना 1947 में था और 2047 तक भी ये काफी हद तक बना रहेगा।। हम अक्सर कहते हैं कि युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। सीमाएं धुंधली हो रही हैं। दुश्मनों की पहचान करना मुश्किल हो रहा है। सेनाएं अपनी जगह पर खड़ी रह सकती हैं और देश अस्थिर हो सकते हैं। इनमें से बहुत कुछ सच है, लेकिन यह बात भी उतनी ही सच है कि पारंपरिक युद्ध और उससे जुड़े साधन आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने 1947 में थे। उन्होंने कहा वर्ष 2047 में भी उनकी अहमियत लगभग वैसी ही रहेगी, जैसी आज है। हमें इस सच्चाई को भी स्वीकार करना होगा। एक मजबूत सैन्य-औद्योगिक आधार का महत्व लंबे समय ...शेष पृष्ठ 10 पर

अनियमितता के चलते खान अधिकारी सस्पेंड

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए जनपद कुशीनगर के खान अधिकारी अभिषेक सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई है।

सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने बताया कि विभागीय पोर्टल की समीक्षा तथा जिलाधिकारी कुशीनगर एवं ज्येष्ठ खान अधिकारी/प्रभारी कमांड सेंटर, मुख्यालय द्वारा कराई गई जांच में अवैध खनिज परिवहन से जुड़े मामलों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच में पाया गया कि अवैध खनिज परिवहन के संबंध में जारी किए गए चालान एवं ...शेष पृष्ठ 10 पर

हरिद्वार भूमि खरीद प्रकरण में धामी सरकार सख्त

आईएएस की बर्खास्तगी व पूर्व डीएम पर मेजर पनिशमेंट का बड़ा फैसला

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। हरिद्वार नगर निगम की भूमि खरीद से जुड़े विवादित मामले में धामी सरकार ने भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक आईएएस की बर्खास्तगी व पूर्व डीएम के विरुद्ध मेजर पनिशमेंट का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा के बाद मामले में कथित रूप से जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित निजी व्यक्तियों के खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

सरकारी जांच, विशेष ऑडिट और सतर्कता परीक्षण में भूमि खरीद प्रक्रिया के दौरान कई स्तरों पर प्रक्रियागत खामियां और वित्तीय अनियमितताओं के संकेत मिलने के बाद शासन ने दोष तय करने की कार्रवाई शुरू की। जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन नगर आयुक्त एवं आईएएस अधिकारी वरुण चौधरी के विरुद्ध सेवा से हटाए जाने की संस्तुति की गई है। इसके लिए आवश्यक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जा रहा है। मामले में तत्कालीन जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह की भूमिका की भी समीक्षा की गई। शासन ने पाया कि प्रशासनिक स्तर पर अपेक्षित निगरानी और जिम्मेदारियों के निर्वहन में गंभीर चूक हुई है। इसके चलते उनके विरुद्ध कठोर विभागीय दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। इसी प्रकरण में तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह को भी उत्तरदायित्व निर्धारण की प्रक्रिया में शामिल किया गया है। उनके सेवा रिकॉर्ड में प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने तथा तीन वार्षिक वेतनवृद्धियां रोकने का निर्णय लिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि मामला केवल प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा। जांच ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 38.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

❍ गौमाता की रक्षा करते हैं अयोध्या के राजा (पृष्ठ-02)

❍ नीट परीक्षा के लिए चार ट्रेनों का संचालन कल से (पृष्ठ-02)

❍ रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 94.34 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)

❍ विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 671.62 अरब डॉलर (पृष्ठ-10)

❍ वीआरआर नीलामी में बैंकों की मांग सुस्त (पृष्ठ-10)

विशेष खबर सबसे ज्यादा डीएल जारी करने में टॉप पर लखनऊ आरटीओ, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण में रिकॉर्ड उपलब्धि

डिजिटल गवर्नेंस का मॉडल बना यूपी परिवहन विभाग

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को नई पहचान मिली है। प्रदेश का परिवहन विभाग तकनीक आधारित सुधारों के माध्यम से नागरिक सेवाओं को सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाकर डिजिटल प्रशासन का सफल मॉडल बनकर उभरा है। वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, कर भुगतान और अन्य सेवाओं को ऑनलाइन किए जाने से आरटीओ कार्यालयों के चक्कर कम हुए हैं और लोगों को घर बैठे सुविधाएं मिल रही हैं।

प्रदेश में वर्तमान समय में कुल 5 करोड़ 30 लाख 25 हजार 689 वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें 34 लाख 76 हजार 928 वाणिज्यिक वाहन तथा 4 करोड़ 95 लाख 48 हजार 761 निजी वाहन शामिल हैं। इतने बड़े वाहन नेटवर्क का संचालन आधुनिक डिजिटल व्यवस्था और वाहन-सारथी पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। वाहन पंजीकरण के मामले में लखनऊ का ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ प्रदेश में सबसे आगे है, जहां 32 लाख 49 हजार 911 वाहन पंजीकृत हैं। इसके बाद क्रमशः प्रयागराज (32.49 लाख), कानपुर नगर (19.79 लाख), आगरा (16.92 लाख) और वाराणसी (16.70 लाख) वाहन रजिस्ट्रेशन के साथ शीर्ष पर हैं। ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने में भी उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में अब तक 2.99 करोड़ से अधिक नए ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। सबसे अधिक ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने वाले आरटीओ कार्यालयों में लखनऊ पहले स्थान पर है, जहां 13.66 लाख लाइसेंस जारी किए गए हैं। इसके बाद गाजियाबाद (13.11 लाख), मेरठ (10.58 लाख), कानपुर नगर (10.51 लाख) और प्रयागराज (10.16 लाख) शामिल हैं। व्यावसायिक ड्राइविंग लाइसेंस (ट्रांसपोर्ट डीएल) जारी करने में भी प्रदेश ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। अब तक 29 करोड़ 5 लाख 937 हजार ट्रांसपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। इस श्रेणी में प्रयागराज, कानपुर नगर, गोरखपुर, जौनपुर और आजमगढ़ ...शेष पृष्ठ 10 पर

20 को होगी नीट-यूजी परीक्षा का मॉक ड्रिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) नीट-यूजी पुनर्परीक्षा का सुचारू, सुरक्षित और पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करने की तैयारियों के तहत शनिवार को देशभर में मॉक ड्रिल आयोजित करेगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

❍ 21 को होनी है परीक्षा सभी तैयारियों पूरी

एनटीए ने एक बयान में कहा कि वह रविवार (21 जून) को होने वाली नीट (यूजी) 2026 पुनर्परीक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। गोपनीय परीक्षा सामग्री के सुरक्षित परिवहन की जिम्मेदारी जिला प्रशासन, पुलिस बलों और एस्कॉर्ट टीम को सौंपी गई है। बयान के अनुसार, पुनर्परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5.15 बजे तक कागज-कलम माध्यम से आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए देश के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में 22.79 लाख से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। एनटीए ने कहा कि प्रतिपूरक समय के पात्र दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए शाम 6.20 बजे तक समय होगा। एनटीए के अनुसार, पुनर्परीक्षा के आयोजन के लिए विभिन्न एजेंसियों और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। शहर स्तर पर व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए 674 शहर समन्वयक नियुक्त किए गए हैं, जबकि परीक्षा केंद्रों पर स्वतंत्र निगरानी के लिए 6,669 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

गौमाता की रक्षा करते हैं अयोध्या के राजा

भगवान मुनि सुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए सीएम योगी

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्यमंत्री ने किया ऋषभदेव जन्मभूमि द्वार व 101 भगवान जिनमंदिर का लोकार्पण
- जिसका स्वयं पर अनुशासन नहीं, वह कैसे दूसरों पर शासन कर सकता है: सीएम
- हर जैन परिवार कम से कम एक गाय का खर्च अवश्य उठाये

अयोध्या/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित भगवान मुनि सुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए। सीएम ने यहां ऋषभदेव जन्मभूमि द्वार एव 101 भगवान जिनमंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अयोध्या का गौरवशाली इतिहास है। अयोध्या के राजा ज्ञान परंपरा व गोमाता, दोनों की रक्षा करते हैं। सीएम ने आयोजन में शामिल श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि उन्हें गोरक्षा के लिए कुछ जरूर करना चाहिए। भारत में हर परिवार का संस्कार रहा है कि पहला ग्रास गोमाता और अंतिम ग्रास श्वान के लिए होगा। शाम को घर में दीपक जलाने पर चींटियों को आटा-चीनी देते हैं। जीव मात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना भी जियो और जीने दो की प्रेरणा है।

गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गाय दैवीय विभूति है। सबको उसकी रक्षा, संरक्षण, संवर्धन के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जैन परिवारों से अनुरोध किया कि संभव हो तो गोशाला को गोद लें या कुछ गायों के लिए वार्षिक सहयोग कीजिए अन्यथा साल में कम से कम एक गाय का खर्च जरूर उठाइए। दो-तीन बार गोशाला जाकर गोमाता के स्वास्थ्य को भी देखिए। गोमाता स्वस्थ रहेगी तो भारतीय संस्कृति, जैन धर्म व वैदिक सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा। एक की सुरक्षा दूसरे की सुरक्षा में निहित है।

मंजिल तक पहुंचने के रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन परंपरा एक है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि तीर्थों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए स्वच्छता, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण समेत हर उस अभियान का हिस्सा बनिए, जिसका भारत की सुरक्षा व संप्रभुता में योगदान हो। पीएम मोदी भी नागरिकों से कर्तव्यबोध की बात करते हैं। देश-समाज के लिए हमारा कर्तव्य क्या है, इसका ध्यान रखेंगे तो भारत व भारतीयता शाश्वत रहेगी।

सीएम ने विश्वास जताया कि समाज को सद्वृत्ति की ओर अग्रसर करने में जैन समाज सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिनाथ से चली यह परंपरा कहीं और की नहीं है। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ऋषभदेव ही हैं। अयोध्या भगवान ऋषभदेव की पावन भूमि भी है। वह धरती के पहले राजा हैं। अयोध्या का राजा धरती का राजा होता था। सीएम ने रामायण में भगवान राम व बालि के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि बालि उनसे कहता है कि तुमने मुझे धोखे से मारा है। मेरे राज्य पर तुम्हारा क्या अधिकार था, तब भगवान राम कहते हैं कि तुम्हारा कर्म ही तुम्हारी अधोगति का कारण बना है। सागर, वन से आच्छादित संपूर्ण धरा अयोध्या के राजाओं की है। भगवान ऋषभदेव के पुत्र भगवान जड़ भरत हैं, जिनके नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा।

सीएम ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि 24 में से सर्वाधिक तीर्थंकर इस धरती पर हुए। उसमें से पांच (पहले तीर्थंकर-भगवान ऋषभदेव, दूसरे-भगवान अजितनाथ, चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनंदननाथ, पांचवें तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ और 14वें भगवान अनंतनाथ) का प्रकटीकरण अयोध्या में ही हुआ। काशी में चार, श्रावस्ती में एक, हस्तिनापुर में भी तीर्थंकरों की लंबी परंपरा है। कुशीनगर में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर ने अंतिम उपदेश देकर उस धरती को पवित्र नगरी के रूप में आशीर्वाद दिया था। बीच के कालखंड में लोगों ने उसे फाजिलनगर कर दिया था, अभी हाल में ही मैंने कहा कि वह पावागढ़ है, उसका नाम वही होगा। सीएम योगी ने कहा कि धरती के राजा सबका संरक्षण, लालन-पालन और अनुशासन की प्रेरणा देते हैं। जियो और जीने दो का मंत्र वही दे सकता है, जो आत्म अनुशासन से बंधा हो। नकारात्मक ताकतें आत्म अनुशासन में नहीं रह सकतीं। जिसका स्वयं पर अनुशासन नहीं है, वह दूसरों पर कैसे शासन कर सकता है? इस पवित्र परंपरा ने दुनिया को यही प्रेरणा व संदेश दिया। इस संदेश पर चलकर हम सिर्फ मनुष्य ही नहीं, बल्कि जीव और दुनिया के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त कर सकते हैं। जैन तीर्थंकरों ने साधना व वाणी से विश्व मानवता को विश्व कल्याण की प्रेरणा दी।

2.17 करोड़ किसानों को मिलेगी सम्मान निधि

प्रधानमंत्री आज पश्चिम बंगाल से पीएम किसान सम्मान निधि जारी करेंगे

- 23वीं किस्त के रूप में उत्तर प्रदेश के किसानों को मिलेंगे 4352.40 करोड़ रुपये

लखनऊ। मोदी-योगी सरकार अन्नदाता किसान की समृद्धि को बढ़ा रही है। डबल इंजन सरकार खेत से लेकर किसानों के सम्मान तक निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल से किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त भेजेंगे। इससे उत्तर प्रदेश के 2.17 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इनके खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे 4352.40 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। यूपी के किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की अब तक (22वीं किस्त) 99,032.58 करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

शनिवार को जारी होने वाली पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त से उत्तर प्रदेश के 2.17 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों के खाते में 4352.40 करोड़ की धनराशि आएगी। योजना की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इसमें पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में तीन किस्त में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2026 को असम से सम्मान निधि का लाभ किसानों को दिया था। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को झांसी में किसानों के बीच रहेंगे। वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त वितरण के दौरान रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रहेंगे। मुख्यमंत्री यूपीएग्रीज परियोजना खरीफ संस्करण का शुभारंभ भी करेंगे। शनिवार को 4352.40 करोड़ जारी होने के बाद यह राशि 103,391.24 करोड़ रुपये हो जाएगी।

वर्ष	धनराशि
2018-19	2238.92 करोड़
2019-20	11006.87 करोड़
2020-21	14,432.14 करोड़
2021-22	15,775.52 करोड़
2022-23	12,454.32 करोड़
2023-24	13,808.48 करोड़
2024-25	15,594.74 करोड़
2025-26	13,727.85 करोड़
2026-27	4352.40 करोड़
(यह राशि आज खाते में भेजी जाएगी)	
कुल-	**1,03,391.24 करोड़**

नीट परीक्षा के लिए चार ट्रेनों का संचालन कल से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नीट परीक्षा 2026 के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल प्रशासन 21 जून को गोरखपुर-लखनऊ-गोरखपुर के मध्य चार अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। इन गाड़ियों में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 10 कोच होंगे।

जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता के मुताबिक 05007 गोरखपुर से लखनऊ जं के लिए गोरखपुर से 04:05 बजे चलेगी। खलीलाबाद से 04:56 बजे, बस्ती से 05:22 बजे, बभनान से 05:52 बजे, मनकापुर से 06:22 बजे, गोण्डा से 06:55 बजे, करनैलगंज से 07:24 बजे बाराबंकी से 08:38 बजे, बादशाहनगर से 09:20 बजे छूटकर लखनऊ जं. 10:00 बजे पहुंचेगी। 05008 लखनऊ से गोरखपुर के लिए लखनऊ जं. से 19:15 बजे प्रस्थान कर बादशाहनगर से 19:50 बजे, बाराबंकी से 20:28 बजे, करनैलगंज से 21:20 बजे, गोण्डा से 22:12 बजे, मनकापुर से 22:40 बजे, बभनान से 23:12 बजे, बस्ती से 23:42 बजे छूटकर अगले दिन खलीलाबाद से 00:08 बजे छूटकर गोरखपुर 01:15 बजे पहंचेगी। 05036 लखनऊ से गोरखपुर के लिए लखनऊ जं. से 04:40 बजे चलेगी।

बादशाहनगर से 05:10 बजे, बाराबंकी से 06:05 बजे, करनैलगंज से 06:54 बजे, गोण्डा से 07:33 बजे, मनकापुर से 07:59 बजे, बभनान से 08:20 बजे, बस्ती से 08:45 बजे, खलीलाबाद से 09:10 बजे छूटकर गोरखपुर 10:05 बजे पहुंचेगी। 05035 गोरखपुर से लखनऊ जं0 के लिए गोरखपुर से 19:15 बजे चलकर खलीलाबाद से 19:57 बजे, बस्ती से 20:25 बजे, बभनान से 20:54 बजे, मनकापुर से 21:25 बजे, गोण्डा से 22:00 बजे, करनैलगंज से 22:31 बजे, बाराबंकी से 22:52 बजे छूटकर अगले दिन बादशाहनगर से 00:32 बजे छूटकर लखनऊ जं 01:10 बजे पहुंचेगी।

लखनऊ-वाराणसी के बीच भी तीन ट्रेन का संचालन 21 से

लखनऊ। नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल विशेष अनारक्षित रेलगाड़ियों का संचालन करेगा। 21 जून को तीन विशेष अनारक्षित परीक्षा स्पेशल रेलगाड़ियों के संचालन किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबधंक उत्तर रेलवे समर्थ गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 04206 लखनऊझवाराणसी जं. (अयोध्या कैंट मार्ग से): यह विशेष ट्रेन 21 जून को लखनऊ स्टेशन से सायं 17:55 बजे प्रस्थान करेगी। इसमें 11 अनारक्षित कोच लगाए जाएंगे। यह ट्रेन लखनऊ के बाद बाराबंकी, रुदौली, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज ,अकबरपुर, शाहगंज, जौनपुर एवं जफराबाद स्टेशनों पर ठहरेगी। ट्रेन संख्या 04202 लखनऊझप्रयागराज संगम (रायबरेली-ऊंचाहार मार्ग से) : यह विशेष रेलगाड़ी दिनांक 21 जून को लखनऊ स्टेशन से सायं 17:45 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन में 14 अनारक्षित कोच लगाए जाएंगे। यह रेलगाड़ी बछरावाँ, हरचंदपुर, रायबरेली, लक्ष्मणपुर, ऊंचाहार, परियावां कालाकांकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, कुंडा हरनामगंज, रामचौरा रोड, फाफामऊ तथा प्रयाग जं. स्टेशनों पर ठहरेगी। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 04208 वाराणसी जं.झपटना जं. (पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं मार्ग से): यह विशेष ट्रेन 21 जून को वाराणसी जं. से सायं 17:45 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी में कुल 12 अनारक्षित कोच लगाए जाएंगे। यह रेलगाड़ी पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., दिलदारनगर, बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशनों पर ठहरेगी।

मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों में काशी सहित पूरे देश में हुआ अभूतपूर्व विकास

विशेष संवाददाता (vol)

- पत्र सूचना कार्यालय द्वारा वाराणसी में पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल- विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर 'वातार्लाप कार्यक्रम' (मीडिया कार्यशाला) का किया गया आयोजन
- मीडिया कार्यशाला में 100 से अधिक मीडिया संस्थानों ने लिया भाग

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जन कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी द्वारा आज वाराणसी में केंद्र सरकार के 12 साल- विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर वातार्लाप कार्यक्रम (मीडिया कार्यशाला) का आयोजन किया गया। मीडिया कार्यशाला में 100 से अधिक मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा भागीदारी की गयी। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन रवीन्द्र जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में काशी सहित पूरे देश में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं, जिनका प्रभाव आम नागरिकों के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का बजट 27 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है तथा पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को 4.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की प्रत्यक्ष सहायता प्रदान की जा चुकी है।

जायसवाल ने कहा कि सड़क, परिवहन और आधारभूत संरचना के व्यापक विकास ने देश में कनेक्टिविटी को नई गति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों में महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, रक्षा एवं विदेश नीति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों की यह यात्रा केवल योजनाओं और आंकड़ों की नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास, परिश्रम और आकांक्षाओं की यात्रा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, सामाजिक उत्थान, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प ने विकसित भारत-2047 की मजबूत नींव तैयार की है।

मीडिया कार्यशाला को वाराणसी जंक्शन के स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारतीय रेलवे ने सुरक्षा, गति, यात्री सुविधाओं और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

मीडिया कार्यशाला को काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ पत्रकार अरुण मिश्रा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो समाज और सरकार के बीच सेतु का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकार जनहित के मुद्दों को सामने लाकर शासन-प्रशासन को संवेदनशील और जवाबदेह बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कार्यक्रम के संयोजक एवं पत्र सूचना कार्यालय तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया।

कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय लखनऊ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। इस मौके पर उप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सर्वप्रथम पूर्वान्ह हनुमन्त धाम मंदिर, होटल क्लार्क अवध के पीछे, हजरतगंज में राहुल गांधी के जन्मदिन पर आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय द्वारा अपरान्ह प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में राहुल गांधी के जन्मदिन पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ मिलकर केट काटकर जन्मदिन की खुशियां मनायी गयीं। इस मौके पर मौजूद कांग्रेसजनों को मिष्ठान वितरित किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस मौके पर राहुल गांधी के स्वस्थ और दीघार्यु होने की कामना करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा संविधान और लोकतंत्र को बचाने, छात्रों, युवाओं, किसानों, महिलाओं, पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक वर्ग की आवाज बनकर संघर्ष कर रहे हैं। हम सभी जनविरोधी सरकार की नीतियों के खिलाफ डटकर खड़े रहेंगे। निश्चित तौर पर देश और प्रदेश में परिवर्तन होगा और आने वाला समय कांग्रेस का है।

सुन्नी वक्फ बोर्ड मस्जिद पर जुमे की नमाज के बाद डॉ. आशीष दीक्षित एवं अंकित सक्सेना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शरबत का वितरण किया गया।

कांग्रेस पार्षद दल की नेता एवं उप्र महिला कांग्रेस मध्य जोन की निवर्तमान अध्यक्ष ममता चौधरी एवं आरटीआई विभाग के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों द्वारा केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। राहुल गांधी के जन्मदिन पर चंदरनगर आलमबाग गुरूद्वारा पर अरदास की गयी जिसमें ओंकारनाथ सिंह एवं रंजीत सिंह आदि द्वारा गुरूद्वारे में मत्था टेककर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की गयी।

अनिल दुबे का चित्रकूट में स्वागत, हुई बैठक

लखनऊ/चित्रकूट। रालोद के महासचिव अनिल दुबे के शुक्रवार को चित्रकूट आगमन पर रालोद कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों द्वारा भरत कूप पर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया। उनके चित्रकूट आगमन पर बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्व विधायक दिनेश प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी और उनके समर्थन में नारे लगाये। इसके बाद अनिल दुबे ने दिनेश प्रसाद मिश्रा आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की व पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि पार्टी 2027 में उत्तर प्रदेश में पुनः एनडीए की सरकार को बनाने के लिए गांव-गांव नगर नगर अभियान चलाकर सरकार की कल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचा रही है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन नाम की कोई चीज नहीं है और जो है भी उसे जनता का समर्थन प्राप्त नहीं है। उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और रात के 12:00 बजे महिलाओं और बच्चे निर्भीक होकर सड़कों में आ जा रहे हैं जबकि विपक्ष की सरकार में ऐसा नहीं था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य मिल रहा है और उन्हें समय पर फसलों का भुगतान भी मिल रहा है। यही कारण है कि रालोद ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सभाओं और रैलियां की श्रृंखला शुरू की है, उसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर 2027 में पुनः एनडीए को सत्ता में लाने का संकल्प ले रहे है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार पाण्डेय, राजा बकटा, नवल सिंह चंदेल, आदर्श मिश्रा, सचिन त्रिपाठी, कमलेश जायसवाल, आसाराम कुशवाहा, हर्ष गुप्ता, शशिकांत त्रिपाठी अन्य सहयोगी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधान सभा सचिवालय में छह अधिकारियों को पदोन्नति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय ने अधिष्ठान अनुभाग द्वारा जारी आदेश के तहत छह अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की है। यह पदोन्नति प्रधान निजी सचिव (निःसंवर्गीय) देश राज मौर्य के 31 मई 2026 को सेवा निवृत्त होने के फलस्वरूप रिक्त हुए पदों के सापेक्ष की गई है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारियों को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थायी एवं स्थानापन्न रूप से उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों में जै. किशोर को प्रधान निजी सचिव (निःसंवर्गीय), जय प्रकाश तिवारी को निजी सचिव (श्रेणी-4), राम संहार यादव को निजी सचिव (श्रेणी-3), माता प्रसाद रावत को निजी सचिव (श्रेणी-2), आशीष कुमार तिवारी को विशेष कार्याधिकारी (निःसंवर्गीय) और श्याम बहादुर मौर्य को निजी सचिव (श्रेणी-1) के पद पर पदोन्नत किया गया है।

2027: अंजान आदमी पार्टी ने फूंका चुनावी बिगुल, रवाना किया चुनावी रथ

लखनऊ। अंजान आदमी पार्टी ने शुक्रवार को लखनऊ के 1090 चौराहे से 2027 के विधान सभा चुनाव की तैयारी शुरू करते हुए अपने चुनावी रथ को हरी झंडी दिखाई। रथ को हरी झंडी दिखाते हुए पार्टी सुप्रीमो आशुतोष मिश्रा ने कहा, हम आने वाले अगले साल के विधान सभा चुनाव की तैयारी को अभी से शुरू कर रहें है ताकि आम जनता के मुद्दों को सही से उठाया जा सके और जनता को एक विश्वास दिलाया जा सके कि हम उनके साथ है। इस कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा के साथ पार्टी के पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे, जिन्होंने इस पूरे कार्यक्रम के दौरान जोश बनाए रखा और चुनाव को लेके बेहद उत्साहित दिखे।

राम दूबे सपा से निष्कासित

लखनऊ। सपा ने महर्षि राम द्विवेदी उर्फ राम दूबे सदस्य राज्य कार्यकारिणी निवासी अयोध्या को सोशल मीडिया पर पार्टी के नेताओं के खिलाफ अशोभनीय बातें लिखने के कारण निष्कासित कर दिया दिया है। यह निष्कासन पार्टी के कार्यालय प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह द्वारा पदमुक्त करते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

रालोद के पूर्व प्रदेश महासचिव ने ली कांग्रेस की सदस्यता

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष मुरादाबाद निवासी रालोद के पूर्व प्रदेश महासचिव मंगू सिंह त्यागी ने अपने तमाम समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उप्र कांग्रेस कमेटी के ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलायी। मंगू सिंह त्यागी के साथ अरूण कुमार त्यागी, अक्षय चौधरी, अनुज कुमार त्यागी, ठाकुर सत्यभान सिंह, महेन्द्र आदि ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ने सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत करते हुए कहा कि आज जब देश और प्रदेश में लोकतंत्र और संवैधानिक ढांचे को नष्ट करने में भाजपा तुली हुई है। ऐसे में राहुल गांधी द्वारा लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए चलाये जा रहे अभियान में जन-जन की भागीदारी होनी चाहिए। आप सभी के कांग्रेस परिवार में शामिल होने से अभियान को मजबूती मिलेगी।

अब मरीज सीधे दे सकेंगे अपनी राय

ईएसआईसी ने शुरू की केंद्रीकृत ऑनलाइन रोगी फीडबैक प्रणाली

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने देशभर के अपने अस्पतालों और औषधालयों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्रीकृत ऑनलाइन रोगी फीडबैक प्रणाली शुरू की है। इस नई व्यवस्था के माध्यम से बीमाकृत व्यक्ति और अन्य हितलाभार्थी अब स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े अपने अनुभव, शिकायतें और सुझाव सीधे ईएसआईसी तक पहुंचा सकेंगे।

ईएसआईसी के अनुसार, यह डिजिटल प्लेटफॉर्म विशेष रूप से स्वच्छता, चिकित्सा कर्मचारियों के व्यवहार तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण सेवा मानकों पर मरीजों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए विकसित किया गया है। लाभार्थी एसएमएस लिंक, क्यूआर कोड और वेब पोर्टल सहित विभिन्न डिजिटल माध्यमों से अपना फीडबैक दर्ज कर सकेंगे। नई प्रणाली के तहत अस्पताल या औषधालय में सेवा प्राप्त करने के बाद लाभार्थियों को एसएमएस के माध्यम से फीडबैक लिंक भेजा जाएगा। इसके अलावा अस्पताल परिसरों और ओपीडी में लगाए गए बहुभाषी पोस्टरों पर उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर भी मरीज अपनी राय साझा कर सकेंगे। ईएसआईसी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से भी फीडबैक दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

फीडबैक प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इसमें ओटीपी आधारित सत्यापन प्रणाली लागू की गई है, जिससे लाभार्थियों की पहचान की पुष्टि की जा सके और डुप्लिकेट फीडबैक को रोका जा सके। साथ ही, देश के विविध भाषाई समूहों को ध्यान में रखते हुए बहुभाषी फीडबैक सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

ईएसआईसी ने बताया कि रोगियों से प्राप्त फीडबैक की निगरानी के लिए मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय और स्थानीय स्वास्थ्य संस्थान स्तर पर भूमिका-आधारित डिजिटल डैशबोर्ड विकसित किए गए हैं। यह प्रणाली तीन से कम रेटिंग प्राप्त करने वाली सेवाओं को स्वतः चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के लिए सचेत करेगी।

निगम का मानना है कि यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और सतत सुधार को बढ़ावा देने के साथ-साथ मरीजों की संतुष्टि बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ईएसआईसी ने इसे बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

अयोध्या महापापियों के लिए कुरुक्षेत्र साबित होगी : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि अयोध्या महापापियों के लिए कुरुक्षेत्र साबित होगी। यहीं भाजपाई राजनीति का आरंभ हुआ था, यहीं अंत भी होगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में चढ़ावे-चंदे-दान-शिला चोरी की घटना के बाद से यहां आनेवाले दर्शनार्थियों की संख्या पर नकारात्मक असर पड़ा है। लोगों की आस्थाएं खंडित हुई हैं। इसका सीधा असर अयोध्या के स्थानीय काम-कारोबार और आम आदमी की आमदनी पर पड़ा है। सरकार की गलती का खामियाजा जनता क्यों भुगते? उन्होंने कहा कि अयोध्या और आस-पास के सभी क्षेत्रों में भयंकर आक्रोश पनप रहा है। इस पावन सनातनी तीर्थ की शुचिता जिन भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की वजह से कलुषित हुई है, वो अपना कारनामा करके सदैव की तरह भूमिगत हो गये हैं। अस्पष्टता के कारण वातावरण और भी शंकापूर्ण व तनावपूर्ण हो गया है। स्थानीय लोग मंदिर जाने से भी घबरा रहे हैं कि कहीं उनको ही जांच के नाम पर फंसा न दिया जाए। श्रद्धालुओं में एक अज्ञात भय व्याप्त हो गया है। जांच कहां तक पहुंची इसकी डेली ब्रीफिंग होनी चाहिए क्योंकि भाजपा सरकार में हो रहे चतुर्दिक महा-भ्रष्टाचार के कारण जनता का अब एसआईटी पर रत्ती भर भी विश्वास नहीं है। मथुरा से भी आई धांधली की खबर बेहद गंभीर है, उसकी भी उच्च स्तरीय विश्वसनीय जांच हो।

एकेटीयू के छात्रों को आईबीएम करा रहा एआई आधारित प्रोजेक्ट पर इंटर्नशिप

- वर्चुअल माध्यम से 60 घंटे के इंटर्नशिप में शामिल हो रहे 2400 छात्र
- रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग से होगा लाभ

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने छात्रों को नई तकनीकी में जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। छात्रों के लिए कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उद्योगों के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन मिल रहा है। बड़ी कंपनियों के जरिये इंटर्नशिप कराया जा रहा है। इसी क्रम में जानी-मानी कंपनी आईबीएम विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के बीटेक के छात्रों को 60 घंटे की रोजगारोन्मुखी ऑनलाइन इंटर्नशिप करा रही है। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन मे आईबीएम की ओर से विश्वविद्यालय के 2400 छात्रों को वर्चुअल माध्यम से एक्सपीरियंसल प्रोजेक्ट बेस लर्निंग इंटर्नशिप कराया जा रहा है। यह इंटर्नशिप दो क्रेडिट का है। इंटर्नशिप पूरा करने पर छात्रों को प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। इंटर्नशिप के दौरान एक्सपर्ट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित हैंड्स ऑन ट्रेनिंग देंगे। इंटर्नशिप में छात्रों को एआई आधारित वर्तमान जरूरतों के मुताबिक प्रोजेक्ट कराया जा रहा है।

शहीद स्मारक पर बन रहीं दुकानें, नोटिस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के शहीद स्मारक परिसर के निकट लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की ओर से कराए जा रहे दुकानों के निर्माण पर सिंचाई विभाग ने आपत्ति जताते हुए नोटिस जारी किया है। विभाग का आरोप है कि निर्माण कार्य बिना विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त किए कराया जा रहा है।

सिंचाई विभाग के लखनऊ खंड-दो, शारदा नहर के अधिशासी अभियंता की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि गोमती नदी के दाएं तटबंध के बर्म क्षेत्र (ढलान वाली भूमि) के समीप स्थित शहीद स्मारक पार्क के पास दुकानों का निर्माण बिना विभागीय अनुमति के किया जा रहा है। विभाग की ओर से मौके पर भेजी गई टीम की जांच में पाया गया कि गोमती नदी के दाएं तटबंध क्षेत्र में एलडीए की ओर से लखनऊ हाट परियोजना के

- **सिंचाई विभाग ने लखनऊ विकास प्राधिकरण को दी नोटिस**

अंतर्गत निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सिंचाई विभाग का दावा है कि जिस भूमि पर निर्माण हो रहा है, वह नहर विभाग के अधिकार क्षेत्र की भूमि है और वहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य विभाग की पूर्व अनुमति के बिना नहीं कराया जा सकता। नोटिस में कहा गया है कि बिना अनुमति किसी प्रकार का निर्माण कार्य करना अथवा नहर के प्रवाह में बाधा उत्पन्न करना उत्तरी भारत नहर एवं जल निकासी अधिनियम, 1873 तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 430 से 432 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में विभाग ने निर्माण कार्य को बिना एनओसी आगे न बढ़ाने की चेतावनी दी है। मामले में एलडीए के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने कहा कि सिंचाई विभाग ने किस आधार पर आपत्ति दर्ज की है, इसकी जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि यह पुरानी परियोजना है और मामले में कोई भी निष्कर्ष निकालने से पहले स्थल की विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि मौके की स्थिति और उपलब्ध अभिलेखों की जांच के बाद ही विभाग की ओर से आगे की

डालीबाग के फ्लैटों को नोटिस देने के विवाद में सिंचाई विभाग के जेई हटाये गये

लखनऊ। मुख्तार अंसारी से जुड़ी जमीन पर बने फ्लैटों को नोटिस जारी करने के मामले में सिंचाई विभाग ने कार्रवाई करते हुए जूनियर इंजीनियर (जेई) मंगल प्रसाद वर्मा को उनके वर्तमान कार्यभार से हटा दिया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से षष्टम मंडल सिंचाई कार्य से संबद्ध कर दिया गया है। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश वर्मा ने आदेश जारी किया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद नोटिस चस्पा किए जाने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। विभाग का आरोप है कि जेई मंगल प्रसाद वर्मा ने कुछ ऐसे भवनों पर भी नोटिस चस्पा कर दिए, जिन्हें विभाग की ओर से वैध माना जा रहा था। इससे विभाग की छवि प्रभावित हुई और अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसी आधार पर उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि संबंधित प्रकरण में विभागीय स्तर पर पूरे मामले की समीक्षा की गई, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। हालांकि विभाग की ओर से मामले की विस्तृत जांच या आगे की कार्रवाई को लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। वहीं दूसरी ओर, विभागीय कर्मचारियों के बीच इस बात को लेकर भी चर्चा है कि विवादों में रहे एक अन्य जेई विवेक गुप्ता के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसे लेकर विभाग के भीतर सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब है कि हाल के दिनों में सिंचाई विभाग की ओर से अतिक्रमण और भूमि संबंधी मामलों में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत कई स्थानों पर नोटिस जारी किए गए हैं और कार्रवाई की गई है।

रियल एस्टेट एजेंटों को देना होगा कारोबार का पूरा रिकॉर्ड

यूपी रेरा ने एजेंटों के लिए सख्त अनुपालन नियम किए लागू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य यूपी रेरा ने बड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (जनरल) रेगुलेशन, 2019 के 11वें संशोधन को अधिसूचित करते हुए पंजीकृत रियल एस्टेट एजेंटों के लिए रिकॉर्ड संधारण और तिमाही लेन-देन रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य कर दिया है।

नए नियमों के तहत अब सभी पंजीकृत रियल एस्टेट एजेंटों को अपने व्यवसाय से जुड़े वित्तीय और ग्राहक संबंधी रिकॉर्ड निर्धारित प्रारूप में सुरक्षित रखने होंगे। साथ ही प्रत्येक तिमाही में किए गए लेन-देन की जानकारी यूपी रेरा की वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट जमा नहीं करने पर संबंधित तिमाही के लिए 10,000 रुपये का विलंब शुल्क देना होगा। संशोधित नियमों के

- **तिमाही लेन-देन रिपोर्ट देना होगा अनिवार्य, देरी पर 10 हजार रुपये जुर्माना**

अनुसार रियल एस्टेट एजेंटों को कैश बुक, जर्नल, लेजर तथा ग्राहक रजिस्टर जैसे दस्तावेज निर्धारित प्रारूप में संधारित करने होंगे। इन रिकॉर्ड को परियोजना पूर्ण होने अथवा बिक्री/लीज डीड के पंजीकरण की तिथि से कम से कम पांच वर्ष तक सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। जांच या किसी नियामकीय कार्यवाही के दौरान एजेंटों को यह रिकॉर्ड प्राधिकरण अथवा उसके अधिकृत अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। इससे संपत्ति लेन-देन से संबंधित प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध रहेगी और उपभोक्ताओं के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी। यूपी रेरा ने पंजीकृत एजेंटों के माध्यम से होने वाले सभी संपत्ति लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने के उद्देश्य से तिमाही रिपोर्टिंग व्यवस्था लागू की है। इसके तहत एजेंटों को प्रत्येक तिमाही समाप्त होने के 15 दिनों के भीतर अपने द्वारा कराए गए लेन-देन तथा एजेंसी से जुड़े कर्मचारियों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

पहली बार रिपोर्ट जमा करते समय एजेंटों को यूपी रेरा में पंजीकरण प्राप्त होने की तिथि से अब तक किए गए सभी लेन-देन का विवरण भी देना होगा। इसके बाद प्रत्येक तिमाही की रिपोर्ट अलग-अलग जमा करनी होगी। यूपी रेरा के चेयरमैन संजय भूसरेड्डी ने कहा कि नए प्रावधान रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और व्यावसायिकता को और मजबूत करने के उद्देश्य से लागू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट एजेंट घर खरीदारों और बिल्डरों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ऐसे में उनके द्वारा सही रिकॉर्ड रखना और समय पर लेन-देन की जानकारी उपलब्ध कराना बाजार में विश्वास कायम करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

केजीएमयू के पास 350 झोपड़ियों से हादसा होने की आशंका

लखनऊ। केजीएमयू की पश्चिमी बाउंड्री के पीछे बनी करीब 350 झोपड़ियों का शुक्रवार को नगर निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। मौके की स्थिति देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए। झोपड़ियों में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री, मोटरसाइकिलें और अन्य मूल्यवान सामान रखा मिला, जिससे किसी भी समय बड़े हादसे की आशंका जताई गई है।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त की अध्यक्षता में गठित समिति ने क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि जिस स्थान पर झोपड़ियां बनी हैं, वहां पहले भी आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। यदि भविष्य में कोई बड़ी आग लगती है तो इसका असर मेडिकल कॉलेज परिसर तक पहुंच सकता है, जिससे मरीजों और अस्पताल की संपत्तियों को गंभीर खतरा हो सकता है।

- **नगर निगम व एलडीए की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान टीम ने वहां रहने वाले लोगों से बातचीत कर भूमि संबंधी जानकारी जुटाई। साथ ही यह भी जांच शुरू कर दी गई है कि संबंधित भूमि नजूल श्रेणी की है या नहीं। यदि जांच में भूमि नजूल की पाई जाती है तो एलडीए की सहायता से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। एलडीए अधिकारियों के अनुसार दो दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन और नगर निगम को भेजी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। गौरतलब है कि शासन ने मामले का संज्ञान लिया था। इसके बाद नगर आयुक्त के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई थी। समिति अगले सप्ताह अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

केजीएमयू कर्मचारी परिषद पर लेटरहेड का इस्तेमाल करने पर रोक

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) कर्मचारी परिषद के पदाधिकारियों की ओर से संस्था के नाम और लेटरहेड का इस्तेमाल कर पत्राचार करने पर रोक लगायी गई है। फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स कार्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक कर्मचारी परिषद से जुड़े विवाद की सुनवाई 16 जून को हुई थी। इस दौरान शिकायत की गई कि परिषद की वर्तमान प्रबंध समिति का कार्यकाल दो साल पहले ही समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद कुछ पदाधिकारी संस्था के नाम से विभिन्न विभागों, अधिकारियों और अन्य स्तरों पर पत्र भेज रहे हैं। मामले में प्रस्तुत दस्तावेजों और तथ्यों पर विचार करते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार ने परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री को अंतिम अवसर देते हुए 27 जून को सुनवाई के लिए बुलाया है। उन्हें निर्देश दिया है कि वे संबंधित अभिलेखों और दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों। विवाद के अंतिम निस्तारण तक कर्मचारी परिषद की प्रबंध समिति या कोई पदाधिकारी संस्था के नाम, पद अथवा अधिकार का इस्तेमाल कर किसी विभाग, अधिकारी या प्राधिकरण को पत्र नहीं भेज सकेंगे। निर्धारित तिथि पर पक्षकारों के उपस्थित नहीं होने की स्थिति में उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर एकतरफा कार्रवाई की जा सकती है।

बसंतकुंज मेट्रो परियोजना के लिए 14,610 वर्गमीटर जमीन की जरूरत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में प्रस्तावित लखनऊ मेट्रो फेज-1बी (ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर) परियोजना को गति देने के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। परियोजना के तहत विभिन्न मेट्रो स्टेशनों के निर्माण और विस्तार के लिए कुल 14,610 वर्गमीटर नजूल भूमि चिन्हित की गई है। सबसे अधिक भूमि मेडिकल चौराहा मेट्रो स्टेशन के लिए प्रस्तावित की गई है, जबकि चौक, ठाकुरगंज और चारबाग स्टेशन भी भूमि आवश्यकता वाले प्रमुख स्टेशनों में शामिल हैं।

अधिकारियों के अनुसार मेडिकल चौराहा स्टेशन के निर्माण के लिए तीन अलग-अलग स्थानों पर कुल 7,864 वर्गमीटर भूमि की आवश्यकता है। इसमें गोलागंज-वजीरगंज क्षेत्र में 6,655 वर्गमीटर, खलायकबाग क्षेत्र में 384 वर्गमीटर तथा किला मच्छी भवन क्षेत्र में 825 वर्गमीटर भूमि शामिल है। कुल प्रस्तावित भूमि का आधे से अधिक हिस्सा अकेले इसी स्टेशन के लिए मांगा गया है। पुराने शहर के महत्वपूर्ण चौक मेट्रो स्टेशन के लिए 3,970 वर्गमीटर भूमि चिन्हित की गई है। वहीं ठाकुरगंज मेट्रो स्टेशन के लिए जल निगम और नगर निगम की भूमि से 1,775 वर्गमीटर जमीन हस्तांतरित किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके अलावा चारबाग मेट्रो स्टेशन के विस्तार के लिए 766 वर्गमीटर भूमि की आवश्यकता बताई गई है। यह भूमि ए.पी. सेन रोड योजना क्षेत्र

- **मेडिकल चौराहा स्टेशन के लिए सबसे अधिक भूमि प्रस्तावित**

मेट्रो स्टेशन	भूमि (वर्गमीटर)
मेडिकल चौराहा	7,864
चौक	3,970
ठाकुरगंज	1,775
चारबाग	766
गौतमबुद्ध मार्ग	235
कुल	**14,610**

से ली जाएगी। वहीं गौतमबुद्ध मार्ग मेट्रो स्टेशन के लिए 235 वर्गमीटर भूमि चिन्हित की गई है। हाल ही में हुई उच्चस्तरीय बैठक में भूमि हस्तांतरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) तथा विभागीय अनुमतियों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों को संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मेट्रो विस्तार परियोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समय पर शुरू कराया जा सके।

पॉलीटेक्निक का परिणाम घोषित काउंसिलिंग कार्यक्रम जारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की विभिन्न राजकीय, सहायता प्राप्त एवं निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)-2026 का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा एवं संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. एमके शन्मुगा सुन्दरम की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में परीक्षा परिणाम सार्वजनिक करने की औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही ऑनलाइन काउंसिलिंग कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है, जिससे प्रदेश के लाखों अभ्यर्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

बैठक में बताया गया कि पॉलीटेक्निक का आयोजन 02 जून से 09 जून तक पूरी तरह कंप्यूटर आधारित प्रणाली से किया गया। परीक्षा प्रदेश के सभी 75 जनपदों में स्थापित 182 परीक्षा केंद्रों पर प्रतिदिन तीन पालियों में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा संचालन के दौरान तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की गई, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और व्यवस्थित रही। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के अनुसार इस वर्ष कुल 4,23,795 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से 3,34,298 अभ्यर्थी (78.88 प्रतिशत) परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा परिणाम के आधार पर 3,34,262 अभ्यर्थी (99.99 प्रतिशत) आगामी ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया के लिए पात्र घोषित किए गए हैं।

परिषद द्वारा जारी परिणाम के अनुसार विभिन्न ग्रुपों में प्रदेश के अनेक मेधावी विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ग्रुप 'ए' में आजमगढ़ के अंकित यादव ने 396

- **3.34 लाख से अधिक अभ्यर्थी हुए परीक्षा में शामिल, लगभग सभी अभ्यर्थी काउंसिलिंग के लिए पात्र घोषित**

अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। ग्रुप 'बी' में गोरखपुर के अखिलेश कुमार गुप्ता, ग्रुप 'सी' में बलिया के कृष्णा शर्मा, ग्रुप 'डी' में पीलीभीत के संजीव तिवारी तथा ग्रुप 'ई' में लखनऊ की प्रतिक्षा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अन्य सभी ग्रुपों के टॉपरों की सूची भी परिषद द्वारा जारी कर दी गई है।

परिषद ने बताया कि ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय के भीतर ऑनलाइन पंजीकरण, विकल्प भरना, दस्तावेजों का सत्यापन तथा सीट आवंटन संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। निर्धारित समयावधि में प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को बाद के चरणों में अवसर नहीं मिलेगा। प्रमुख सचिव एवं परिषद के अध्यक्ष डॉ. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध एवं अभ्यर्थी हितैषी ढंग से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी तकनीकी व्यवस्थाएं सुचारु रखी जाएं तथा हेल्पलाइन एवं ऑनलाइन सहायता प्रणाली को भी प्रभावी बनाया जाए, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपना परीक्षा परिणाम एवं काउंसिलिंग से संबंधित समस्त जानकारी केवल परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर ही देखें तथा किसी भी भ्रामक सूचना अथवा अफवाह पर विश्वास न करें। अभ्यर्थी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समय से अपनी प्रवेश संबंधी सभी औपचारिकताएं पूर्ण करें।

प्रदेश के सभी जिलों में 'हुनर से आत्मनिर्भरता' का महा-अभियान

17 जिलों में प्रथम चरण सफल, अब 58 जिलों में विस्तारित होगा कौशल विकास अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) द्वारा 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जिलों में व्यापक कौशल विकास अभियान संचालित किया जा रहा है। मिशन निदेशक पुलकित खरे के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के माध्यम से कुल 8,525 युवाओं को उनके जिले के प्रमुख पारंपरिक उत्पादों से जुड़े आधुनिक एवं उद्योगोन्मुखी कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

यह पहल स्थानीय उत्पादों को आधुनिक तकनीक, डिजाइन, गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रथम चरण का शुभारंभ 1 अप्रैल से किया गया, जिसमें प्रदेश के 17 जिलों के 1,050 युवाओं को ओडीओपी आधारित विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण की सफलता तथा युवाओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए अब अभियान का विस्तार करते हुए दूसरे चरण में शेष 58 जिलों के 7,475 युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

दोनों चरणों को मिलाकर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कुल 8,525 युवाओं को उनके जिले के प्रमुख ओडीओपी उत्पादों के निर्माण, डिजाइनिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, डिजिटल मार्केटिंग एवं उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। मिशन द्वारा प्रत्येक जिले के प्रमुख पारंपरिक उत्पाद एवं उद्योग की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। प्रथम चरण में एटा में 575 युवाओं को हस्तशिल्प, मिजार्पुर में 200 युवाओं को कालीन एवं हैंडीक्राफ्ट, प्रतापगढ़ में 350 तथा बहराइच में 300 युवाओं को फूड प्रोसेसिंग, गौतमबुद्ध नगर में 200 युवाओं को अपैरल एवं फैशन डिजाइनिंग तथा आगरा में 75 युवाओं को आधुनिक लेदर टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रकार दूसरे चरण में वाराणसी के 200 युवाओं को आधुनिक टेक्सटाइल एवं डिजाइनिंग, गोंडा के 250 युवाओं को दलहन आधारित फूड प्रोसेसिंग तथा महाराजगंज एवं पीलीभीत के 500 युवाओं को आधुनिक फर्नीचर एवं वुडन फिटिंग निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अन्य जिलों में भी उनके प्रमुख ओडीओपी उत्पादों के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद युवाओं को प्रतिष्ठित उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं, बैंक ऋण एवं मुद्रा योजना सहित अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रशिक्षण प्रक्रिया को पूर्णतः डिजिटल एवं पारदर्शी बनाया है। इच्छुक अभ्यर्थी मिशन की आधिकारिक वेबसाइट ४स्त्रर्ेङ्ख५.ल्ल पर जाकर ओडीओपी लिंक के माध्यम से अपने जिले के प्रशिक्षण केंद्र, उपलब्ध ट्रेड, प्रशिक्षण प्रदाता संस्थान तथा आवेदन संबंधी सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्रशिक्षण, पंजीकरण अथवा तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने विशेष 'कौशल कॉल सेंटर' (0522-3619292) भी संचालित किया है।

केजीएमयू परिसर में न होने पाये मरीजों की दलाली

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रामा सेंटर और लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग प्रशासन की कोशिश है कि दलाल प्रलोबन देकर मरीजों को निजी केन्द्र पर न लेकर जाने पाएं लेकिन सीसीटीवी कैमरे, निजी सुरक्षा एजेंसी के जवान और 24 घंटे तैनात पुलिसकर्मी भी दलालों के बढ़ते नेटवर्क को रोक नहीं पा रहे हैं। दलाल अस्पताल परिसर के अंदर तक पहुंचकर मरीजों और तीमारदारों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। बुधवार रात सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ, जिसमें निजी अस्पताल के दलाल मरीज को एम्बुलेंस से ले जाते हुए दिख रहे हैं। यह सिलसिला जारी है। ट्रामा सेंटर में रोजाना 300 से ज्यादा गंभीर मरीज पहुंच रहे हैं।

400 बेड वाले इस सेंटर में ज्यादातर बेड अक्सर भरे रहते हैं। वहीं लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग की इमरजेंसी में रोजाना लगभग 250 व ओपीडी में 400 से ज्यादा मरीज पहुंचते हैं। कई बार मरीजों को स्ट्रेचर पर भी भर्ती करना पड़ता है। ऐसे में दोनों ही जगह पर इलाज, जांच और दवाओं की जरूरत के

- **कैमरे, निजी सुरक्षा जवान और पुलिस चौकी के बावजूद दलालों के नेटवर्क को रोक नहीं**

बीच दलाल सक्रिय हो जाते हैं। आरोप हैं कि ये मरीजों को बेहतर इलाज, जल्दी जांच या सस्ती दवा का झांसा देकर निजी केंद्रों की ओर ले जाते हैं। दलालों पर रोक लगाने के लिए ट्रॉमा सेंटर और लारी में पुलिस चौकी स्थापित की गई हैं। यहां चौबीसों घंटे पुलिसकर्मियों की तैनाती का दावा किया जाता है। इसके अलावा अस्पताल परिसर में निगरानी के लिए बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सुरक्षा एजेंसी पर हर महीने लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद मरीजों को परिसर से बाहर ले जाने और निजी जांच-दवा केंद्रों तक पहुंचाने का खेल नहीं रुक रहा। केजीएमयू प्रशासन समय-समय पर दलालों के खिलाफ कार्रवाई करता है। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह के अनुसार परिसर के भीतर किसी प्रकार की दलाली न होने पाएं, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देश दिये गये हैं।

कर्मचारियों के लिए मेडिकेयर रिजर्व हेल्थ प्लान ...लखनऊ। टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस ने नया हेल्थ इंश्योरेंस प्लान मेडिकेयर रिजर्व लॉन्च किया है। इसमें ग्राहकों को 5 करोड़ रुपये तक का कवरेज चुनने का विकल्प मिलता है। योजना की प्रमुख विशेषता वेवर ऑफ एग्रीगेट डिडक्टिबल है, जिसके तहत पात्र पॉलिसीधारक पांच वर्ष बाद बिना नए मेडिकल टेस्ट के इसे व्यापक हेल्थ पॉलिसी में बदल सकते हैं। यह प्लान खासतौर पर ग्रुप मेडिकल कवर पर निर्भर कर्मचारियों, नौकरी बदलने वाले पेशेवरों तथा एनआरआई के लिए उपयोगी है।

स्वाद, संस्कृति और समृद्धि का संगम होगा यूपी आम महोत्सव

आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन कर यूपी देश में अव्वल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के प्रसिद्ध आमों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने तथा आम उत्पादकों, निर्यातकों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026 का आगामी 3 जुलाई से 5 जुलाई तक (तीन दिवसीय) इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजन किया जा रहा है। साथ ही 4 जुलाई को जन भवन, लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय वायर सेलर मीट का भी आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि आम महोत्सव प्रदेश की उद्यानिकी एवं कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेगा। प्रदेश में आम के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। योगी सरकार के सहयोग से यूपी बागबानी के क्षेत्र में अब्बल हो कर निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है।

उन्होंने बताया कि महोत्सव में प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के प्रगतिशील बागवान,

- **यूपी मैंगो फेस्टिवल का 3 से 5 जुलाई तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में होगा आयोजन**
- **अंतर्राष्ट्रीय वायर सेलर मीट का 4 जुलाई को जन भवन में होगा आयोजन**

निर्यातक, कृषि विशेषज्ञ एवं उद्यमी सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में आम की सैकड़ों विशिष्ट एवं दुर्लभ प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। दशहरी, लंगड़ा, चौसा, आम्रपाली, रटौल, लखनऊ सफेदा सहित अनेक प्रसिद्ध एवं रंगीन किस्में आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके अतिरिक्त आम आधारित प्रसंस्कृत उत्पादों, मूल्य संवर्धन तकनीकों तथा निर्यात संभावनाओं को भी प्रदर्शित किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत पांच क्लास में आम की विभिन्न प्रजातियां (कुल श्रेणी-07 एवं वर्ग 50), आम आधारित संरक्षित उत्पाद (कुल वर्ग 11), आम पकवान (वर्ग 01), सर्वश्रेष्ठ प्रदर्श एवं सर्वाधिक प्रदर्श प्रदर्शनकर्ता बागवान आदि में प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी आम उत्पादक राज्य है तथा प्रदेश में उत्पादित आमों की गुणवत्ता विश्व स्तर पर सराही जा रही है। देश में लगभग 25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगभग 235 लाख मीट्रिक टन आम उत्पादन होता है। वहीं यूपी 3.27 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगभग 62 लाख मीट्रिक टन आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन कर देश में प्रथम स्थान पर है। महोत्सव के माध्यम से किसानों को आधुनिक उत्पादन तकनीक, तुड़ाई उपरांत प्रबंधन, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग, विपणन एवं निर्यात संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही विभिन्न कार्यशालाओं, तकनीकी सत्रों और प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। उत्कृष्ट आम उत्पादकों एवं बागवानों को सम्मानित भी किया जाएगा।

उद्यान मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में महोत्सव में सहभागिता कर उत्तर प्रदेश की समृद्ध आम संस्कृति एवं कृषि विरासत का अनुभव करें तथा किसानों और बागवानों का उत्साहवर्धन करें। यह महोत्सव न केवल प्रदेश के आम को वैश्विक पहचान दिलाने में सहायक होगा, बल्कि किसानों की आय वृद्धि एवं कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान करेगा।

ठाकुर गंज संयुक्त अस्पताल में मरीज को गले की समस्या से मिली राहत

लखनऊ। ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय के डाक्टरों ने एक मरीज के गले की दुर्लभ बीमारी को सर्जरी से दूर करनें में सफलता पायी है। 54 वर्षीय महिला पिछले दो वर्षों से गर्दन और गले में सूजन की समस्या से जूझ रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि वह डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और मोटापे की चपेट में है। नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डा. अनित्या श्रीवास्तव ने सभी आवश्यक जांचें कराई। जांच रिपोर्ट के आधार पर आपरेशन करने का फैसला किया। डा. अनित्या के अनुसार मरीज की गर्दन अपेक्षाकृत छोटी होने और अधिक वजन के कारण ऑपरेशन तकनीकी रूप से काफी जटिल था।

अस्पतालों में कन्या जन्मोत्सव और बांटी गयी बेबी किट

लखनऊ। मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने अस्पतालों और महिला कल्याण विभाग की संस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान लोकबन्धु और डॉ राम प्रकाश गुप्ता मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई गई और नवजात शिशुओं के साथ केक काटकर बेबी किट वितरित की गई। अपर्णा यादव ने अस्पताल में भर्ती महिलाओं से बातचीत की और लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर व पैथोलॉजी सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय बालिका गृह सिंधी खेड़ा और वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड बाराबंकी

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश, बाराबंकी

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-13/अ0अ0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित कार्य हेतु उन फर्मों से जो जी.एस.टी./ बिक्रीकर तथा सिंचाई विभाग में यांत्रिक श्रेणी के अन्तर्गत ''ए'' अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत हों, से अधोलिखित विवरणानुसार मुहरबन्द अतिअल्पकालीन निविदायें दिनांक-29.06.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आम

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

लोहे का गेट गिरने से मासूम की दर्दनाक मौत

- परिवारीजनों ने बताया कि दोनों बच्चियां घर के बाहर गेट के पास खेल रही थीं

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव में शुक्रवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की दुनिया उजाड़ दी। घर के बाहर लगा करीब 110 किलो वजनी लोहे का गेट अचानक गिर पड़ा, जिसके नीचे दबकर दो वर्षीय अन्वी की मौत हो गई।

मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले सूरज कुमार शुक्रवार सुबह घर पर ही थे। वह अपनी दोनों बेटियों के साथ समय बिता रहे थे। परिवार के लोगों ने बताया कि सुबह दोनों बच्चियां घर के बाहर गेट के पास खेल रही थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली दिशा ने बड़ी बेटी सृष्टि को ट्यूशन पढ़ने के लिए आवाज दी। दिशा को किसी शादी समारोह में जाना था, इसलिए उसने रोज शाम के बजाय सुबह ही सृष्टि को बुला लिया था। आवाज सुनकर सृष्टि बैग लेने के लिए घर के अंदर चली गई, जबकि छोटी बहन अन्वी गेट के पास ही खड़ी रही। तभी अचानक भारी लोहे का गेट भरभराकर अन्वी के ऊपर गिर पड़ा। तेज आवाज और बच्ची की चीख सुनकर परिवार के लोग बाहर दौड़े।

अन्वी गेट के नीचे दब चुकी थी और उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। परिवारजन और पड़ोसियों ने किसी तरह गेट हटाया और बच्ची को पीजीआई ट्रामा सेंटर पहुंचाया, लेकिन सिर में गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी जान नहीं बच सकी। ग्रामीणों का कहना है कि यह महज संयोग था कि बड़ी बहन कुछ सेकंड पहले ही वहां से हट गई, अन्यथा वह भी हादसे की चपेट में आ सकती थी। घरवालों ने बच्ची का पोस्टमार्टम नहीं कराया और अंतिम संस्कार कर दिया।

गेट लगाने वाले पर जताई लापरवाही की आशंका: हादसे के बाद पिता सूरज कुमार ने गेट लगाने में लापरवाही की आशंका जताई। उनका कहना है कि करीब आठ वर्ष पहले मकान बनवाते समय यह गेट लगवाया गया था।

सड़क हादसे में युवक की मौत

लखनऊ। काकोरी क्षेत्र के अंतर्गत पहिया मोड़ के सामने शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बस की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हरदोई रोड की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस ने पहिया मोड़ के पास पहले एक डाले को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डाला बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके चालक हनुमान यादव (28 गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के दौरान लखनऊ की ओर से आ रहे स्कूटी सवार मोहम्मद मलिक (27) भी बस की चपेट में आ गए। मोहम्मद मलिक काकोरी कस्बे के निवासी थे और एक निजी अस्पताल में कार्यरत थे। ड्यूटी समाप्त कर वह अपने घर लौट रहे थे, तभी अनियंत्रित बस ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, स्प्लेंडर बाइक सवार धर्मेश चौरसिया (38) निवासी नवादा खेड़ा, न्यू हैदरगंज, दुबग्गा भी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर-टैंकर की टक्कर में व्यक्ति की गयी जान, 3 घायल

लखनऊ। बीबीडी थाना क्षेत्र में किसान पथ स्थित रेगुलेटर के पास शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में ट्रैक्टर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक तेल टैंकर ने ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 12:30 बजे तेल टैंकर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही बीबीडी पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा।

इलाज के दौरान मिश्रीलाल (50) पुत्र पाचू लाल, निवासी ग्राम पारा, पोस्ट रजोली, थाना गुडम्बा, लखनऊ की मौत हो गई। घायल शहजाद (26), तौहीर (28) और सलीम (40) का इलाज डॉक्टरों की निगरानी में जारी है। पुलिस के मुताबिक घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना में शामिल तेल टैंकर को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

युवक की संदिग्ध हालत में मौत, परिजनों ने जतायी जहर देकर हत्या की आशंका

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र के नरपत खेड़ा, हंसखेड़ा निवासी 19 वर्षीय यश वर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने युवक को जहर देकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार अनुसार, यश वर्मा पुत्र संतोष कुमार वर्मा का कुछ समय पहले सड़क दुर्घटना में एक्सीडेंट हुआ था, जिसके बाद से वह अस्वस्थ चल रहा था। गुरुवार रात करीब नौ बजे वह सिंधी खेड़ा के पास बेहोशी की हालत में मिला। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे बी-हॉप हॉस्पिटल, अवध हॉस्पिटल और फिर ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, लेकिन उपचार के दौरान मौत हो गई।

मृतक का शव घर पहुंचने के बाद परिजनों ने डायल-112 पर सूचना देकर आरोप लगाया कि यश को किसी ने जहर दिया था, जिसके कारण उसकी मौत हुई। मृतक के पिता संतोष कुमार वर्मा ने भी बेटे की मौत को संदिग्ध बताते हुए जहर देकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। सूचना पर पहुंची पारा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवक के पूर्व में हुए सड़क हादसे, बीमारी और परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

नेट जीरो और एनवायरमेंट वॉरियर अभियान को मिला जनआंदोलन का स्वरूप

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में चल रहे नेट जीरो 2040 और एनवायर्नमेंटल अभियान के तहत शुक्रवार को कई जनकल्याणकारी एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। बादे खेड़ा स्थित श्री शीतला माता मंदिर और लाला खेड़ा के श्री हनुमान जी मंदिर में श्रद्धालुओं को पौधों और पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान हाईस्कूल में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र आयुष कुमार ओझा को लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। विधायक कार्यालय पर भी लोगों को पौधे वितरित कर एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया गया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। वहीं, माँ तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से लोक बंधु हॉस्पिटल में मरीजों और जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया।

मकान में तोड़फोड़ व मारपीट की रिपोर्ट

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के नूरनगर भदरसा गांव निवासी संदीप कुमार ने गांव के ही दिलीप यादव, रजनीश यादव और दिलीप की पत्नी मीना देवी के खिलाफ पुस्तैनी मकान में तोड़फोड़ और मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संदीप ने आरोप लगाया कि 15 जून को उनका बेटा अदांज अपना पुस्तैनी मकान देखने गया था। वहां पहुंचने पर उसने देखा कि दिलीप यादव, रजनीश यादव और मीना देवी मकान में बने बीम और पिलर तोड़ रहे थे। पीड़ित का कहना है कि बेटे द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। बाद में शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत शुक्रवार को सरोजनीनगर और बंथरा पुलिस द्वारा अपने अपने क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिला सुरक्षा, महिला अधिकारों, साइबर अपराध से बचाव और विभिन्न सरकारी सुविधाओं के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के गौरी क्षेत्र में आयोजित जागरूकता अभियान के दौरान उप निरीक्षक यशवंत सिंह, महिला उप निरीक्षक पूजा यादव, साधना देवी, सुष्मिता सिंह तथा महिला कांस्टेबल सुनीता और सविता ने राहगीर महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। पुलिस टीम ने महिलाओं को कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से संरक्षण, महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी जरूरी जानकारियां दीं। वहीं बंथरा थाना क्षेत्र के गोंदौली गांव में आयोजित कार्यक्रम में उप निरीक्षक रमेश चंद्र, उप निरीक्षक सीमा सिंह और महिला कांस्टेबल स्वाति सिंह ने एंटी रोमियो टीम के साथ महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर सतर्कता बरतने और ऑटो व अन्य वाहनों में यात्रा के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

ऑटो ड्राइवर को बेहोश कर नगदी उड़ायी

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में गुरुवार रात एक ऑटो चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित प्रदीप सिंह मूल रूप से भिलवल बाराबंकी के रहने वाले हैं और वर्तमान में गोसाईंगंज के शेखनापुर में अपने दो बच्चों के साथ रहते हैं। प्रदीप के अनुसार गुरुवार रात करीब 9 बजे उन्होंने फव्वारा चौराहे से तुलसियानी के लिए तीन पुरुष सवारियां बैठाईं। रास्ते में सवारियों ने उन्हें कुछ सुंघा दिया। जब शुक्रवार सुबह होश आया तो वह तुलसियानी के पीछे पानी की टंकी के पास बेसुध पड़े थे। पीड़ित ने बताया कि 72 हजार 8 सौ रुपये भी थे। बदमाश नकदी के साथ उनका मोबाइल और ऑटो भी ले गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शादी का झांसा देकर किया रेप, गिरफ्तार

लखनऊ। गुडम्बा पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को पीड़िता ने थाना गुडम्बा पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि अभियुक्त कुलदीप यादव द्वारा उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध स्थापित किया और बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना गुडम्बा पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही प्रारम्भ की। विवेचना के दौरान अभियुक्त के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त हुए। पुलिस ने 12 घंटे के भीतर अभियुक्त कुलदीप यादव (22) पुत्र राम किशन निवासी ग्राम रघुवीरपुर मरसण्डा, थाना मानपुर, जनपद सीतापुर को गुडम्बा स्थित 23 नम्बर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सामिया खातून का जन्म दिनांक 16/02/2008 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं करवा सका। मेरी पुत्री सामिया खातून का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना जनहित में आवश्यक है जिसे जारी किया जाए। किसी को आपत्ति को तो दर्ज करवा सकता है। जमील पुत्र लियाकत निवासी गांधीनगर नगर पंचायत बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर।

बच्ची को दबंगों ने पीटा, बहन पर किया कुल्हाड़ी से हमला

लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र केअमवा मुर्तजापुर गांव निवासी रामरूप की पुत्री शबनम ने नगराम थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे उसका 9 वर्षीय भाई विवेक घर के बाहर खेल रहा था। तभी पड़ोसी रामकुमार पत्नी ज्ञानवती और मां मायावती के साथ मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर मासूम विवेक को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जब बहन शबनम उसे बचाने दौड़ी, तो रामकुमार हाथ में कुल्हाड़ी लेकर उस पर टूट पड़ा। जान से मारने की धमकी देते हुए उसने ताबड़तोड़ वार किए जिससे शबनम लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ी।

चन्दौली के सभी थानों को मिला आईएसओ व आईएस प्रमाणन

- जीआरपी थाना आजमगढ़ को मिला आईएसओ अंतरराष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
- देश में पहली बार किसी जनपद के सभी पुलिस थानों को एक साथ बीआईएस ने दिया आईएसओ व आईएस प्रमाण-पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के नेतृत्व, सतत मॉनिटरिंग तथा गुणवत्ता-आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देने के प्रयासों के चलते उत्तर प्रदेश पुलिस ने गुणवत्ता प्रबंधन एवं जन-केंद्रित पुलिस सेवाओं के क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हांसिल की हैं। जनपद चन्दौली ने ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित करते हुए सभी 16 पुलिस थानों को आईएसओ 9001:2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम) एवं भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) 15700:2018 (सर्विस क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम) मानकों के अंतर्गत प्रमाणित कराया है। शुक्रवार को बीआईएस की उप महानिदेशक स्नेहलता ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी राजीव कृष्ण को यह प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि देश में पहली बार किसी जनपद के सभी पुलिस थानों को एक साथ बीआईएस के आईएस 15700:2018 मानक एवं आईएसओ 9001:2015 मानक के अंतर्गत प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि पुलिस सेवाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता, जवाबदेही, नागरिक संतुष्टि तथा समयबद्ध सेवा वितरण के उच्च मानकों को संस्थागत रूप से स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वर्तमान पुलिस अधीक्षक चन्दौली आकाश पटेल एवं आदित्य लांग्हे पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद (पूर्व पुलिस अधीक्षक चंदौली) के मार्गदर्शन में जनपद के सभी पुलिस थानों में मानकीकृत प्रक्रियाओं को लागू करने, आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने, अभिलेख प्रबंधन को व्यवस्थित बनाने, जनसुविधाओं में सुधार करने तथा सेवा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्यप्रणाली विकसित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया।

वहीं राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) द्वारा जनोन्मुखी, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण पुलिस सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में जीआरपी थाना आजमगढ़ (अनुभाग गोरखपुर) को आईएसओ 9001:2015 (क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम) अंतर्राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। उक्त प्रमाण-पत्र डीजीपी राजीव कृष्ण द्वारा प्रभारी निरीक्षक जीआरपी आजमगढ़ नासिर हुसैन को प्रदान किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी. एवं जीआरपी के अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। आईएसओ प्रमाणन यह दशार्ता है कि जीआरपी थाना आजमगढ़ ने अपनी कार्यप्रणालियों एवं सेवाओं को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करते हुए पुलिस सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि थाना स्तर पर कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, अनुशासन, कार्यकुशलता तथा सेवा भावना का प्रतिफल है।

पुलिस महानिदेशक द्वारा उक्त उपलब्धि के लिए जनपद चन्दौली पुलिस, विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक श्री आकाश पटेल एवं उनकी टीम तथा जीआरपी आजमगढ़ के प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन एवं उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं जन-केंद्रित पुलिसिंग उत्तर प्रदेश पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चन्दौली पुलिस एवं जीआरपी आजमगढ़ भविष्य में भी समर्पण एवं पेशेवर उत्कृष्टता के साथ नागरिकों एवं यात्रियों को बेहतर पुलिस सेवाएं प्रदान करते हुए प्रदेश के अन्य जनपदों एवं इकाइयों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे।

ममता चैरिटेबल ट्रस्ट का योग शिविर बाबू केडी सिंह स्टेडियम में आज

लखनऊ। नर सेवा नारायण सेवा की मुहिम को आगे बढाते हुए ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व दिवस पर 20 जून दिन शनिवार को बाबू केडी सिंह स्टेडियम लखनऊ में पूर्वाह्न 6 बजे से विशाल योग शिविर का आयोजन कर रही है। योग कार्यक्रम के माध्यम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित एवं स्वास्थ भारत के सपने को पूरा किया जा सके! योग कार्यक्रम योगी देवाधिदेव महादेव के भजन की प्रस्तुति, योग कथक नृत्य, एवं कवि सम्मेलन का भी आकर्षण रहेगा।

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व दिवस पर लखनऊ करेगा योग लखनऊ बनेगा निरोग

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, पूर्व जल शक्ति मंत्री डॉ महेंद्र सिंह, वरिष्ठ युवा नेता नीरज सिंह, पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, पूर्व न्यायमूर्ति रंगनाथ पांडे सहित गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहेगी! नर सेवा नारायण सेवा मुहिम के नेतृत्व कर्ता, ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव मिश्रा ने बताया कि ऐसे विशाल योग शिविरों के माध्यम से ट्रस्ट व्यक्ति के तन और मन दोनों को स्वस्थ बनाने का वीणा उठाया है। इसके अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के दृष्टिगत ममता संकल्प दिलाते हुए प्रत्येक वर्ष की भाँति सवा लाख पेड़ लगाने का कार्य किया जाएगा! एक पेड़ माँ के नाम मुहिम से लोगों को जोड़कर हरित उत्तर प्रदेश, हरित भारत केलिए संकल्पबद्ध है!

यूनीरैंक 2026: लविवि उप्र के बहु-विषयी राज्य विवि में प्रथम

- शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान बनाने वाला एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी यूनीरैंक की वर्ष 2026 की रैंकिंग में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए उप्र के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर 44वीं तथा वैश्विक स्तर पर 3148वीं रैंक प्रदान की गई है। विशेष रूप से, लविवि प्रदेश के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान प्राप्त करने वाला एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय बनकर उभरा है।

यूनीरैंक विश्वभर के उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन उनकी वेब उपस्थिति, डिजिटल प्रभाव, ऑनलाइन दृश्यता तथा विभिन्न स्वतंत्र वेब-आधारित संकेतकों के आधार पर करता है। इस रैंकिंग में केवल मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल किया जाता है, जिससे यह संस्थानों की वैश्विक पहुंच और प्रतिष्ठा का मानक माना जाता है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करना लविवि की शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार आधारित दृष्टिकोण तथा अकादमिक नेतृत्व का प्रमाण है।

इस उपलब्धि पर कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी ने कहा देश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करना तथा शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान बनाने वाला एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय होना विश्वविद्यालय की शैक्षणिक क्षमता और उत्कृष्टता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि लविवि 105 वर्ष से अधिक पुरानी विरासत को आधुनिक शोध, नवाचार, डिजिटल सशक्तीकरण, वैश्विक अकादमिक सहयोग के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पुनर्वास विवि में पीजी कोर्सों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

लखनऊ। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के परास्नातक (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी सीयूईटी-पीजी और नॉन-सीयूईटी समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने छात्रों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

विश्वविद्यालय में एमए (हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं शिक्षा), एमएससी (रसायन विज्ञान, भौतिकी, सांख्यिकी, माइक्रोबायोलॉजी एवं सूचना प्रौद्योगिकी), एमएसडब्ल्यू, एमकॉम, एमबीए, एमसीए, एमवीए, एलएलएम, एमएड स्पेशल एजुकेशन (एचआई, वीआई, आईडीडी), बीएड स्पेशल एजुकेशन (एचआई, वीआई, आईडीडी), एमपीओ तथा एमटेक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश निदेशक प्रो. अनामिका चौधरी ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता, सीटों तथा अन्य नियमों की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश संबंधी किसी भी सहायता के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dsmnru.ac.in देख सकते हैं या हेल्पलाइन 8887222060 पर संपर्क कर सकते हैं।

भाषा विवि में विभिन्न कोर्सों में रिक्त सीटों पर प्रवेश सूचना जारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा बी.कॉम., बी.एससी. (बायोटेक्नोलॉजी), बीए एलएल.बी. तथा एलएल.बी. पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए संशोधित प्रतीक्षा सूची एवं कॉमन सूची के आधार पर अभ्यर्थियों को प्रवेश का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. सौवान सईद द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों का विवरण निम्नवत है, विभिन्न पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों का वर्गवार विवरण इस प्रकार है। बीकॉम - सामान्य वर्ग में 06, अन्य पिछड़ा वर्ग में 09, अनुसूचित जाति/जनजाति में 04 तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) में 05 सीटें रिक्त हैं। बीएससी (बायोटेक्नोलॉजी) - सामान्य वर्ग में 22, ओबीसी में 15, एससी/एसटी में 10 तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग में 05 सीटें उपलब्ध हैं।

बीए एलएलबी - सामान्य वर्ग में 15, ओबीसी में 07, एससी/एसटी में 04 तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग में 05 सीटें रिक्त हैं। एलएलबी- सामान्य वर्ग में 11, ओबीसी में 08, एससी/एसटी में 07 तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग में 06 सीटें उपलब्ध हैं। विज्ञप्ति के अनुसार बीएससी (बायोटेक्नोलॉजी) की संशोधित कॉमन वेटिंग सूची में शामिल अभ्यर्थियों को दिनांक 23 जून को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन स्थित द्वितीय तल के कक्ष संख्या 245 में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया के लिए रिपोर्ट करना होगा। इसी प्रकार बीकॉम की संशोधित कॉमन वेटिंग सूची में शामिल अभ्यर्थियों को भी 23 जून को अपराह्न 1:00 बजे तक कक्ष संख्या 245 में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उपस्थित अभ्यर्थियों को वेटिंग सूची में प्राप्त क्रमांक एवं उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जाएगा। बीकॉम पाठ्यक्रम की नियमित सीटें भर जाने की स्थिति में इच्छुक अभ्यर्थियों को बीकॉम (स्ववित्तपोषित) पाठ्यक्रम में प्रवेश का अवसर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके अतिरिक्त बीए एलएलबी एवं एलएलबी पाठ्यक्रमों की 19 जून को प्रकाशित कॉमन सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को भी 23 जून को अपराह्न 1:00 बजे तक कक्ष संख्या 245 में रिपोर्ट करना होगा। उपलब्ध सीटों के सापेक्ष सूची में अभ्यर्थियों के क्रमांक के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के बाद रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश संबंधी कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण होने के तुरंत बाद प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय ने पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक अभिलेखों सहित उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

फीस वृद्धि व निष्कासन के विरोध में हुई छात्र महापंचायत

- लविवि के 200 से अधिक छात्रों ने भरी हुंकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में व्यापक फीस वृद्धि के माध्यम से आम, गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के दरवाजे बंद करने तथा अपनी लोकतांत्रिक आवाज उठाने वाले छात्रों के निष्कासन के विरोध में शुक्रवार को आयोजित छात्र महापंचायत में लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। इस महापंचायत में लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों से आए छात्रों ने बड़ी संख्या में सहभागिता दर्ज कराई।

महापंचायत में छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की मनमानी और बेतहाशा फीस वृद्धि शिक्षा के अधिकार पर सीधा हमला है। छात्रों ने यह भी कहा कि अपने अधिकारों की बात करना कोई अपराध नहीं है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने सवाल पूछने वाले छात्रों का निष्कासन कर लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने का प्रयास किया है। छात्रों ने कहा कि पिछले 18 दिनों से छात्र शांतिपूर्ण ढंग से धरने पर बैठे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन का रवैया और कुलपति की हठधर्मिता बनी हुई है। महापंचायत से विश्वविद्यालय प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा गया कि यह तो केवल शुरूआत है। यदि बढ़ी हुई फीस वापस नहीं ली गई और निष्कासित छात्रों को तत्काल बहाल नहीं किया गया, तो आने वाले समय में छात्र आंदोलन जनसैलाब का रूप लेगा।

महापंचायत से एक स्पष्ट संदेश निकला कि शिक्षा बिकाऊ नहीं है, शिक्षा हमारा अधिकार है। फीस वृद्धि वापस लो, निष्कासित छात्रों को बहाल करो। छात्रों ने संकल्प लिया कि जब तक उनकी न्यायोचित मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति केवल राजनीति कर रहे हैं। यदि उनमें वास्तव में साहस है, तो वे सामने आएं और छात्रों के सवालों का जवाब दें। चोरी-छिपे बचने और जिम्मेदारियों से भागने के बजाय उन्हें खुलकर संवाद करना चाहिए। छात्रों ने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति को ओपन डिबेट की चुनौती दी है। यदि उनमें हिम्मत है, तो वे बढ़ी हुई फीस, फीस निर्धारण में हुई अनियमितताओं और छात्रों द्वारा उठाए जा रहे सभी सवालों पर सार्वजनिक मंच से बहस करें। छात्र अपने हर प्रश्न और तथ्य के साथ तैयार हैं।

पांच साल पहले हुई लूट में बिहार से दो गिरफ्तार

लखनऊ। पांच साल पहले मड़ियांव में नौ लाख की लूट के मामले में फरार चल रहे कोढ़ा गैंग के दो और बदमाशों को पुलिस ने बिहार के कटिहार से गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि मडियांव गायत्रीनगर निवासी हरिवंश अवस्थी सिंचाई विभाग से रिटायर हैं। 30 जनवरी 2021 को उनका बेटा सुधाकर हजरतगंज स्थित एसबीआई बैंक से 9 लाख रुपये निकालकर बाइक से घर पहुंचे। बाइक खड़ी करते ही बाइक सवार बदमाश रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे। सीसीटीवी कैमरे में बदमाश कैद हुए थे। जांच के दौरान पुलिस ने फरवरी

'अंगूरदाना आम' स्वाद में दशहरी को दे रहा टक्कर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अंगूर तो आपने खूब खाए होंगे लेकिन अंगूर के आकार का आम क्या देखा है? अगर नहीं तो आपको बता दें कि इस साल आमों के सीजन में अंगूर के आकार का आम लोगों की जुबान पर अपने स्वाद का जलवा बिखेरे हुए है। इसका नाम है अंगूर दाना।

इस अनोखे आम का आकार भी अंगूर के बराबर है। वजन में ये आम मात्र 5 ग्राम का है, लेकिन खाने में इतना मीठा है कि आप दशहरी को भी भूल जाएंगे। दरअसल दुनिया के सबसे छोटे आम का दर्जा इसे मिला हुआ है। इसी साल यह आम उगा भी है और खास बात यह है कि इस आम को उगाया है अपने बाग में एससी शुक्ला ने जो कि लखनऊ के रहने वाले हैं, वो अपने बाग पर 300 से ज्यादा वैरायटी के आम उगा चुके हैं।

गुच्छे में आता है ये आम: खास बात यह है कि अंगूर दाने का पेड़ अंगूर की ही तरह होता है। यह आम गुच्छे में आता है। देखने में पूरी तरह से अंगूर की तरह ये आम लगते हैं। इसी महीने जुलाई में होने जा रहे आम महोत्सव में एससी शुक्ला दुनिया के सबसे छोटे आम अंगूर दाना को लॉन्च करेंगे। आपको बता दें कि एससी शुक्ला वही हैं जिन्होंने पिछले साल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर योगीराज आम लॉन्च किया था और जिसकी खूब चर्चा हुई थी।

300 से ज्यादा आमों की देसी-विदेशी प्रजातियां : एससी शुक्ला ने बताया कि उन्हें आमों को लगाने का शौक था, तो एक बाग तैयार किया, फिर विभिन्न प्रजातियों को इसमें लगाना शुरू किया। परिणाम अच्छा निकला तो इस काम को करते-करते अब 11 साल हो गए हैं। करीब 300 से ज्यादा देसी-विदेशी प्रजातियां आमों की यहां पर मिलती हैं। आमों के जनक एससी शुक्ला ने बताया कि इस आम को अंगूर दाना का नाम दिया गया है। इसका स्वाद खाने में इतना मीठा है कि आप दशहरी, लंगड़ा, सफेदा और चौसा को भी भूल जाएंगे।

बड़ी हस्तियां भी हैं स्वाद के मुरीद: एससी शुक्ला के आमों के स्वाद का मुरीद न सिर्फ लखनऊ बल्कि इनके आम के स्वाद के दीवानों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मशहूर कवि कुमार विश्वास, अभिनेता अनुपम खेर, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर, संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ ही योग गुरु बाबा रामदेव भी हैं।

नेचुरल ब्रीड है अंगूर दाना: एससी शुक्ला से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि अंगूर दाना एक नेचुरल ब्रीड है। इसे इन्होंने शौक में उगाया है। देश की मशहूर हस्तियों के पास इसे भेजा है, उन्हें इसका स्वाद काफी पसंद आया है।

डाल पके 'दशहरी आम' ने बाजार में दी दस्तक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। फलों का राजा 'दशहरी आम' की दस्तक राजधानी के बाजारों में शुरू हो गई है। इस बार दाग रहित साफ दशहरी के सामने आने से किसान और कारोबारी दोनों ही उत्साहित हैं। पिछली बार की तुलना में इस बार रेट भी बेहतर खुला है।

पिछली बार थोक मंडी में दशहरी करीब 30 से 35 रुपये किलो थी जो इस बार 45 से लेकर 55 रुपये किलो तक है। करीब 15 से बीस रुपये किलो का अंतर थोक मंडी में है। फुटकर मंडी में डाल वाली दशहरी की कीमत 60 से 80 रुपये किलो तक है। शुरूआती रेट बेहतर होने से कारोबारी कह रहे हैं कि माल भले ही थोड़ा कम उतरा है लेकिन गुणवत्ता बेहतर होने के कारण दशहरी की डिमांड अच्छी है। दशहरी का सीजन करीब डेढ़ से दो माह का रहता है। इस दौरान करीब दो लाख क्विंटल से अधिक आम की आवक मंडी में रहती है। फल मंडी में अन्य चीजों की डिमांड कम हो जाती है। आगामी चार-पांच दिनों में दशहरी मंडी में पूरी तरह से छा जाएगी। कह सकते हैं कि जब तक दशहरी मंडी में रहती है तब तक अन्य फलों की चमक कम रहती है। दशहरी की पहली एक टन की खेप ओमान के लिए 15 को निकलेगी। आर्डर मिलने के बाद आम की प्रोसेसिंग मैंगो पैक हाउस में शुरू होने जा रही है। मैंगो पैक हाउस के अकरम बेग बताते हैं कि आम की बैक्टीरिया मुक्त करने के बाद उसकी पैकिंग की जाएगी।

पाल और डाल में यह है अंतर : टपका हुआ आम या फिर तोड़कर उसे केमिकल के सहारे पकाया जाता है। उसे पाल वाली दशहरी के नाम से जाना जाता है। जब तक आम में पूरी तरह से जाली नहीं पड़ जाती है तब तक लोग स्वाद के लिए इसे प्रयोग करते हैं। डाल वाली दशहरी सीधे पेड़ से तोड़कर साफ-सफाई कर उसे बाजार में सीधे लाया जाता है। इसकी डिमांड ज्यादा होती है।

'जश्न-ए-नाच' की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समां बांधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रिदम डिवाइन इंस्टीट्यूट ने सफलतापूर्वक अपना 22वां समर कैंप शोकेस, एलिस्टेयर 2026 -जश्न-ए-नाच राय उमानाथ बली में आयोजित किया। यह डांस और संगीत की एक शानदार शाम थी जिसने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। इस प्रोग्राम में कई तरह के डांस फॉर्म्स शामिल थे, जैसे भरतनाट्यम, कथक, हिप-हॉप, साल्सा, कंटेम्पररी, मॉडर्न जैज और लोक नृत्य। इसमें अलग-अलग उम्र के स्टूडेंट्स और महिलाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। अमृत सिन्हा और स्टूडेंट्स द्वारा 'पुष्पांजलि' और 'शिव अर्धनारीश्वर अष्टकम' के साथ सबसे पहले प्रस्तुति दी।

बच्चों के ग्रुप का बॉलीवुड पंजाबी मेडले डांस, इंडो-हिप हॉप ग्रुप का फ्यूजन डांस जैसी तमाम प्रस्तुतियां हुई। माइकल जैक्सन और ऋतिक रोशन मेडले ग्रुप डांस के जरिए श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद मेहमानों का सम्मान और दर्शकों के साथ बातचीत हुई। 'कृष्णवर्त्तनम' म्यूज़िकल डांस, महिलाओं के ग्रुप द्वारा 'घूमर' डांस, बॉली-हिप हॉप मेडले ग्रुप डांस की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। मुस्कान सिन्हा और फ्लक्र गर्ल्स ग्रुप द्वारा गेस्ट आर्टिस्ट शोकेस, सभी स्टूडेंट्स द्वारा आशा भोसले को ग्रैंड फिनाले ट्रिब्यूट (श्रद्धांजलि) दी गई। लगभग 60 प्रतिभागियों ने मंच पर शानदार परफॉर्मेंस दी। मुकेश बहादुर सिंह, जेन्सन जेम्स, प्रेसिडेंट, केरल समाजम, तुलिका बनर्जी, आरजे प्रतीक, अनीता मिश्रा, अस्मा हुसैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

नन्हे कलाकारों ने मोहा मन, बच्चों में दिखा आत्मविश्वास

- स्टारडस्ट : व्हेयर ड्रिम्स टेक सेंटर स्टेज में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शुक्रवार को ताल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बौद्ध शोध संस्थान के सभागार में आयोजित स्टारडस्ट - व्हेयर ड्रिम्स टेक सेंटर स्टेज बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति का एक यादगार उत्सव बन गया। कार्यक्रम में आर्ट इन मोशन, फ्यूजन फिट, कंगारू किड्स जूनियर्स एवं यूपीएल स्टूडियोज के बच्चों ने नाटक और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में आर्ट इन मोशन के विद्यार्थियों द्वारा 'सच्चे सपने' का मंचन किया, जिसका लेखन एवं निर्देशन अमृता सिंह ने किया। वहीं फ्यूजन फिट के बच्चों ने 'महंगाई का महा धमाका' के माध्यम से समसामयिक विषय को रोचक और मनोरंजक अंदाज में प्रस्तुत किया। इस नाटक का लेखन एवं निर्देशन ऋचा खरे द्वारा किया गया।

कंगारू किड्स जूनियर्स ने 'प्लेटफॉर्म' का मंचन किया, जिसका निर्देशन विकास श्रीवास्तव तथा सह-निर्देशन काजल भाटिया ने किया। वहीं, कंगारू किड्स सीनियर्स के विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध व्यंग्य नाटक 'अंधेर नगरी चौपट राजा' को मंच पर जीवंत किया। इसका निर्देशन विकास श्रीवास्तव तथा सह-निर्देशन अमृता सिंह ने किया।

नाट्य प्रस्तुतियों के साथ-साथ 'राम आएंगे', 'वेलकम टू द जंगल', 'मैं और तू', 'मेरा वाला डांस', 'करंट लगा', 'डांस का भूत' तथा 'एसआरके मेडली' जैसी नृत्य प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। इन प्रस्तुतियों की कोरियोग्राफी वैष्णवी भाटिया, इशिता विंदलेश एवं हिमांशु मस्से द्वारा की गई। इसके अलावा यूपीएल स्टूडियोज के कलाकारों ने बॉलीवुड, जैज फंक, कथक और सेमी क्लासियल प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाया। संस्था की संस्थापक वैष्णवी भाटिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने बच्चों को मंच पर अपनी सीख, मेहनत और रचनात्मकता को प्रस्तुत करने का अवसर दिया। कई सप्ताह की तैयारी के बाद बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति दी, जिसे अभिभावकों और उपस्थित अतिथियों ने भरपूर सराहा। जोरदार तालियों और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुए स्टारडस्ट ने एक बार फिर यह साबित किया कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर बच्चों की कल्पनाशीलता और प्रतिभा किसी भी मंच को जीवंत बना सकती है।

युवा पीढ़ी को प्राचीन भारतीय संस्कृति के साथ जोड़ें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग उ.प्र.) एवं इन्दिरा नगर दिगम्बर जैन सेवा संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में श्रुत पंचमी के पावन पर्व पर जिनवाणी गौरव दिवस विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन जैन मन्दिर इन्दिरानगर में हुआ। प्रारम्भ में इन्दिरानगर दिगम्बर जैन संस्थान के मंत्री अभिषेक जैन एवं सांस्कृतिक मंत्री ऋषभ जैन श्रुत जिवाणी पूजन महाराज श्री के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया। सहयोग अरविन्द जैन एवं अनुरोध जैन ने किया। विषय प्रवर्तन करते हुये प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि लगभग 2000 वर्ष पूर्व आचार्य धरसेन की प्रेरणा से उनके शिष्यों पुष्पदन्त एवं भूतबलि ने षट्खण्डागम शास्त्र को ताणपत्रों पर लिपिबद्ध किया। जेष्ठ शुक्ल पंचमी जैन धर्म के प्रथम शास्त्र षट्खण्डागम की रचना पूर्ण हुयी। प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा, आज आवश्यकता इस बात की है कि हम धर्म प्रेमी युवापीढ़ी को प्राचीन भारतीय संस्कृति के साथ जोडे, तभी इस प्रकार के समारोह की सार्थकता होगी। डॉ.संजीव जैन ने कहा, धर्म के लिए श्रुत ज्ञान बहुत आवश्यक है। युवाओं के लिए श्रुत ज्ञान जिनवाणी शास्त्रों में उपलब्ध है। वही, मुनिराज विशल्य सागर ने कहा प्राकृत भाषा में वर्णित त्रिलोकसार में सम्पूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त सभी संरचनाओं की व्याख्या है।

नये मौके तलाशना चाहती हूं : हेली शाह

लखनऊ। टीवी एक्ट्रेस हेली शाह इन दिनों खूब सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी पहली वेब सीरीज 'गुल्लक सीजन 5' ओटीटी पर स्ट्रीम हुई हैं, जिससे उन्होंने अपना ओटीटी डेब्यू किया हैं. इसी बीच उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं. वहीं उन्होंने अपने सफर के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैं कई सालों तक टेलीविजन का हिस्सा रही हूं और इसके लिए हमेशा आभारी रहूंगी। ये मेरा कम्फर्ट जोन रहा है. लेकिन मैं नए अवसरों को भी तलाशना चाहती हूं, क्योंकि अक्सर मुझे सिर्फ एक टीवी एक्ट्रेस के रूप में देखा गया है।' उन्होंने आगे कहा, 'गुल्लक' जैसी शानदार कास्ट के साथ काम करना मेरे लिए खास अनुभव रहा. मैं हमेशा से टीवीएफ के साथ काम करना चाहती थी और इसके जरिए मेरा ओटीटी डेब्यू होना इसे और भी खास है।' हेली ने आगे के बारे में कहा, 'फिलहाल मेरा फोकस सिर्फ अच्छा काम करने पर है। मैं ऐसी जगह नहीं रहना चाहती, जहां बिना किसी वजह के सिर्फ दिखने के लिए मैं इवेंट्स में जाऊं. मैं चाहती हूं कि लोग मुझे मेरे काम की वजह से जानें और पसंद करें।' वहीं बात करें तस्वीरों की, तो हेली ग्रीन और व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं, उन्होंने इस साड़ी को व्हाइट स्लीवलेस ब्लाउज के साथ कैरी किया है, जो उन्हें एलिगेंट बना रहा हैं।

प्रभु राम को देखना किसी उत्सव से कम नहीं होता : कनु पटेल

- अखिल भारतीय कला शिविर कलर्स आफ अयोध्या का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कला दीर्घा अंतरराष्ट्रीय दृश्य कलापत्रिका एवं जेबीएनएसएस अयोध्या द्वारा 15 से 19 जून तक संयुक्त रूप से अयोध्या में आयोजित अखिल भारतीय कला शिविर कलर्स आफ अयोध्या का समापन भव्य प्रदर्शनी एवं राम कथा पर आधारित अवधी लोक नृत्य फरवाही की प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर जितेंद्र शर्मा, कमांडेंट, डोगरा रेजीमेंटल सेंटर थे। मुख्य अतिथि ने कलाकारों द्वारा रची गई और प्रदर्शित कलाकृतियों को सूक्ष्मता से अवलोकन एवं कलाकारों से विचार विमर्श किया।

प्रदर्शनी देखने के क्रम में सर्वप्रथम गुजरात से आए प्रख्यात कलाकार एवं रंगकर्मी कनु पटेल की कलाकृतियाँ देखीं। उन्होंने बताया कि प्रभु श्री राम को देखना किसी उत्सव से कम नहीं होता है इसीलिए मेरे चित्रों में उत्सव धर्मिता और प्रभु श्री राम का दर्शनीय स्वरूप मैंने अपनी शैली में चित्रित किया है। इस शिविर के वरिष्ठतम कलाकार आचार्य श्याम शर्मा ने बाल हनुमान की छवि को एक नए रूप में प्रस्तुत किया है। मूलतः छापा कलाकार होने के कारण उनके चित्रों में निश्चित रूप से छाप के गुण भी आए हैं जो चित्र को चार चांद लगाते हैं। आचार्य शर्मा ने दूसरे चित्र में भए प्रगट कृपाला को अपनी कला भाषा में प्रस्तुत किया है। महाराष्ट्र के वरिष्ठ कलाकार आचार्य डगलस जॉन ने अपने चित्र में अयोध्या के पुराने स्वरूप और वहां राम जन्मभूमि का अस्तित्व अपनी शैली में बखूबी दिखाया है और आस्था की सर्वोच्च महत्व को दूर खड़े एक भक्त के माध्यम से दर्शाने का प्रयास किया है। महाराष्ट्र से ही आए दूसरे कलाकार रामचंद्र खरटमल ने जहां श्री राम मंदिर के उच्च आकर्षण को अनुभूत कर अपने चित्रों में प्रभु श्री राम के साथ स्थान दिया है, वहीं दूसरे चित्र में अयोध्या की राजकुमारी का कोरिया के राजकुमार से विवाह के माध्यम से सांस्कृतिक संबंध को उजागर किया है। प्रदर्शनी में सम्मिलित बंगाल से आए कलाकार सुकांत दास के चित्र में बजरंगबली अपने उत्कृष्ट स्वरूप में बलशाली, दयालु और सबके रक्षक के रूप में उपस्थित हैं। ओडिशा से सम्मिलित वरिष्ठ कलाकार मानस जेना ने बाबा तुलसीदास का चित्रण किया है जिनके माध्यम से प्रभु रघुनाथ गाथा आज जन-जन में व्याप्त है। तेलंगाना से आई अर्पिता रेड्डी ने अपने चित्र में भगवान विष्णु के स्वरूप प्रभु श्री राम का चित्र भव्य रूप में प्रस्तुत किया है जिसके नीचे दक्षिणी भारतीय परिधान अलंकरण के साथ बॉर्डर आकर्षण बन रहा है। मध्य प्रदेश से पधारी तृप्ति जोशी ने राम मुद्रिका और राम धनुष को एक नए रूप में प्रस्तुत किया है।

कला दीर्घा अंतरराष्ट्रीय दृश्य कला पत्रिका के संपादक एवं शिविर के क्यूरेटर जो शिविर में उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे थे उन्होंने अपने एक चित्र में राम भक्त हनुमान को रक्षक के रूप में विशेषरूप से अपनी शैली में बिजूका के रूप में स्थापित किया है। जिस तरह बिजूका हरी-भरी खेती की रक्षा करता हुआ सदियों से खड़ा सारे मानवीय विकास क्रम को देख रहा है। इस तरह हनुमानजी को भी जिसने याद किया उसकी सहायता के लिए वे उपस्थित मिले हैं।

मलमास खत्म, 12 जुलाई तक विवाह के लिए 17 शुभ मुहूर्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पुरुषोत्तम माह के चलते करीब एक माह से शादी-विवाह समेत अन्य मांगलिक कार्यों पर लगा विराम समाप्त हो गया है। इसके साथ ही सहालग का दौर शुरू हो गया है। 19 जून से वैवाहिक कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि 19 जून से 4 जुलाई तक विवाह के शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं। जून में 10 और जुलाई में सात शुभ मुहूर्त पड़ रहे हैं। विवाह का पहला मुहूर्त 19 जून को है। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई से चतुर्मास शुरू हो जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस अवधि में भगवान विष्णु योगनिद्रा में रहते हैं, इसलिए चार माह तक विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। चतुर्मास शुरू होने के साथ ही शुभ कार्यों पर फिर विराम लग जाएगा।

पुरुषोत्तम मास 15 जून को पूरा हो गया। इससे मांगलिक कार्यक्रमों के लिए शुभ मुहूर्त शुरू हो गए हैं। 19 जून को पहला शुभ मुहूर्त है और 12 जुलाई तक कुल 17 मुहूर्त हैं। करीब एक माह तक ही मांगलिक कार्यक्रमों के लिए मिला है। इस अवधि में जून माह में 12 और जुलाई में पांच ही मुहूर्त हैं। अधिमास में शुभ और मांगलिक कार्यक्रम वर्जित नहीं माने जाते हैं जबकि पूजन-अर्चन के लिए पुरुषोत्तम मास को अच्छा माना जाता है। 19 जून से शुभ मुहूर्त शुरू हो रहे हैं। आचार्यों के मुताबिक 15 जून को पुरुषोत्तम मास पूरा होने के बाद 19 जून से शुभ मुहूर्त और विवाह आदि मांगलिक कार्यक्रम हो सकेंगे। जून माह में 19 के साथ ही 30 जून तक लगातार विवाह के लिए शुभ मुहूर्त हैं। वहीं जुलाई माह में एक, छह से आठ और 12 तारीख तक ही विवाह मुहूर्त हैं। वहीं 15 जुलाई को गुरु ग्रह अस्त हो रहे हैं और 10 अगस्त को उदय होंगे। 14 जुलाई से सूर्य भगवान कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। भगवान विष्णु भी शयन में चले जाएंगे और हरिशयनी एकादशी 25 जुलाई को है। 13 जुलाई से 24 अगस्त तक भी शुभ मुहूर्त नहीं हैं। वहीं देवोत्थानी एकादशी से 25 जुलाई से 20 नवंबर तक विवाह आदि के लिए शुभ मुहूर्त रहेंगे। पुरुषोत्तम मास पूरा हो गया है वहीं 19 जून से मांगलिक कार्यक्रमों के लिए शुभ मुहूर्त भी मिलने शुरू हो गए हैं। मांगलिक कार्यक्रमों में खासकर शादी-विवाह के लिए जून से जुलाई माह की 12 तारीख तक मुहूर्त हैं। वहीं 15 जुलाई को देवगुरु बृहस्पति अस्त हो रहे हैं। देवगुरु बृहस्पति के अस्त होने के साथ ही भगवान सूर्य भी कर्क, सिंह और कन्या, तुला राशि में होने और भगवान विष्णु के शयन में जाने से भी मांगलिक कार्यक्रमों पर विराम लग जाता है। पुरुषोत्तम मास के पूरा होने के साथ ही मांगलिक कार्यक्रमों की शुरूआत हो गई है। ग्रह-नक्षत्रों की चाल, राशि में होने के कारण 15 जुलाई से मांगलिक कार्यक्रमों पर फिर से विराम लग जाएगा। इससे जून और जुलाई माह में 12 तारीख तक ही मांगलिक कार्यक्रमों के लिए शुभ मुहूर्त हैं। करीब एक माह की अवधि में शुभ मुहूर्त होने से शादी-विवाह कराए जा सकेंगे।

मनोज तिवारी का गाना 'सपना है यही मोदी का' गाना रिलीज

लखनऊ। भाजपा सांसद और मशहूर गायक मनोज तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 साल पूरे होने की खुशी में एक नया गाना रिलीज किया है। मनोज ने 'सपना है यही मोदी का' गाना रिलीज किया है। 'सपना है यही मोदी का' यह खास गाना मनोज तिवारी ने पीएम मोदी के लिए गाया है। यह गाना कुल 3 मिनट 50 सेकंड का है। इस गाने के वीडियो में पीएम मोदी को संसद, मंदिरों और साइंस एग्जिबिशन में दिखाया गया है। गाने के बोल देश के प्रति उनके प्यार, समर्पण और रैलियों में जनता से मिले भारी समर्थन को दर्शाते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने इस गाने को अपने ऑफिशियल (ट्विटर) हैंडल पर शेयर किया है। 10 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बनकर एक नया रिकॉर्ड कायम किया है।

कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ- उन्नाव

पत्रांक-134/पं.रा.वि.आ./अ.क.नि.सू./न.पं.मौ./2026-27 दिनांक :-19/06/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत मौरावाँ-उन्नाव द्वारा राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मौरावाँ में विकास कार्यों के अन्तर्गत इंटरलाकिंग रोड, नाली कवर व मरम्मत कार्य से सम्बन्धी कार्यो हेतु सील बन्द निविदायें दिनांकः 29/06/2026 को अपरान्ह-1.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ उन्नाव के अनुभवी ठेकेदारो/फर्मों द्वारा आमन्त्रित की जाती है। आमन्त्रित प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह- 2.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ कार्यालय से सांय -5.00 बजे तक दिनांक-27/06/2026 तक प्राप्त किये जा सकते है। अधोहस्ताक्षरीकर्ता को यह अधिकार होगा कि वह एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त/अस्वीकार कर दें। निविदा के साथ 2% जमानत नकद/एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मौरावाँ के नाम बंधक करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम व शर्तों की जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ से प्राप्त की जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आंगणन राशि	जमानत धनराशि 2%	निविदा मूल्य 0.2+18%G.S.T.	कार्यावधि
1	2	3	4	5	6
1	नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव में विभिन्न स्थानों पर नाली कवर का कार्य।	1,17,000.00	2340.00	234+42=276.00	6 माह
2	वार्ड नं.-07 पुरानी बाजार (सैयदबाड़ा) में इंटरलाकिंग रोड से मोहम्मद इलियास के मकान से इरशाद के मकान तक इंटर लाकिंग रोड का निर्माण कार्य।	5,03,000.00	10060.00	1006+181=1187.00	6 माह
3	वार्ड नं.-07 पुरानी बाजार(सैयदबाड़ा) में इंटरलाकिंग रोड से मोहम्मद इलियास के मकान से इरशाद के मकान तक नाली कर्वर का निर्माण कार्य।	3,27,000.00	6540.00	654+116=770.00	6 माह
4	अस्थाई गौशाला उन्नत खेडा में चहरी का निर्माण कार्य।	90,907.00	1818.00	181+33=214.00	6 माह
5	वार्ड नं.-07 पुरानी बाजार (सैयदबाड़ा) में इमाम बाबा मैदान में इंटरलाकिंग का निर्माण कार्य।	4,04,000.00	8080.00	808+145=953.00	6 माह
6	नवीन पाठशाला में निर्मित शौचालय में हैंडीक्राफ्ट (पुरुष व महिला) का निर्माण कार्य।	1,30,630.00	2612.00	261+47=308.00	6 माह

शर्ते-

1. निविदा में दर समस्त व्यय सहित दी जायेगी ।
2. स्वीकृत निविदादाता को सूचना उपरान्त निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करना होगा ।
3. स्वीकृत निविदादाता को नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा एवं 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करना होगा।
4. स्वीकृत निविदादाता को नियमानुसार आयकर, जी.एस.टी. व अन्य कटौतियों पश्चात भुगतान किया जायेगा ।
5. किसी एक या समस्त निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा ।
6. निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत नकद/एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मौरावाँ के नाम बंधक करना अनिवार्य होगा ।
7. निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को जिलाधिकारी द्वारा जारी अगामी 31 मार्च, 2027 तक मान्य चरित्र प्रमाण-पत्र/ पंजीकन प्रमाण-पत्र/आयकर विभाग में पंजीयन प्रमाण-पत्र व जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य होगा। संलग्न न होने की दशा में निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी ।

(संतोष चतुर्वेदी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत-मौरावाँ
उन्नाव

(विवेक सेठ)
अध्यक्ष
नगर पंचायत-मौरावाँ
उन्नाव

संक्षेप

युवक ने जहर खाकर दी जान

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के खर्गसेनपुर गाँव में 35 वर्षीय सुनील शर्मा नें जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव खरगसेनपुर तनवा नहर से बरामद किया गया। पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ! सुनील शर्मा बचई शर्मा के पुत्र थे। उनकी शादी चार साल पहले हुई थी । कोई संतान नहीं थी। परिवार मे तीन भाई थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडे ने बताया कि मृतक के मुंह से झाग आ रही थी! जिससे जहर खाने की आशंका है। पुलिस के मुताबिक, मृतक सुनील शर्मा का अपनी पत्नी और माँ के साथ विवाद चल रहा था! आत्महत्या के पीछे यही विवाद का कारण माना जा रहा है ! पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण और अन्य तथ्य स्पष्ट हो जाएंगे।

युवक की संदिग्ध हालत में मौत

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के डोमनापुर गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। युवक मंगलवार रात गांव के बाहर स्थित पाही पर सोने गया था। बुधवार सुबह जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में पहुंचे। वहां युवक अचेत अवस्था में पड़ा मिला। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पर शाहगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

नीट परीक्षा के लिए 107 बसों की व्यवस्था

जौनपुर। जनपद में नीट परीक्षा अभ्यर्थियों की सुविधा के दृष्टिगत रखते हुए 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के लिए विशेष परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।एआरएम रोडवेज द्वारा अवगत कराया गया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जौनपुर डिपो द्वारा विभिन्न प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। जौनपुर डिपो से प्रयागराज, आजमगढ़, गोरखपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, शाहगंज, अयोध्या, प्रतापगढ़ सहित अन्य महत्वपूर्ण मार्गों पर नियमित बस सेवाओं के अतिरिक्त विशेष बसों की व्यवस्था की गई है। परीक्षा दिवस पर मार्ग पर आवंटित 66 बसे एवं 34 अतिरिक्त बसे का संचालन किया जाएगा, इसके अतिरिक्त 07 स्पेयर बसें भी आरक्षित रखी गई हैं। कुल 107 बसों की व्यवस्था है। एआरएम रोडवेज ने बताया कि अभ्यर्थियों की संख्या एवं मांग के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर अन्य डिपो की बसों का भी संचालन कराया जाएगा, जिससे किसी भी अभ्यर्थी को आवागमन में असुविधा न हो। परिवहन विभाग द्वारा परीक्षा दिवस पर निर्बाध एवं सुचारु परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

मोहर्रम में बनायें रखें शांति-सौहार्द : एसडीएम

दुद्धी,सोनभद्र। कोतवाली के कस्बा दुद्धी पर मुहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव की अध्यक्षता में हुई। त्यौहार के दृष्टिगत एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय ने ताजिए की सुरक्षा को लेकर ऊंचाई निर्धारित 10 फिट से अधिक नहीं किए जाने, ताजिया के रास्ते में लटक रहे तारों को विद्युत विभाग द्वारा ठीक करने लाईट की कटौती ना करने, नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था करने, मरीजों के यातायात हेतु एम्बुलेंस के आने जाने का मार्ग सुनिश्चित वनवे करने, किसी भी प्रकार का भ्रामक व उन्माद पैदा करने वाले पोस्ट पर कठोर कार्यवाही करने आदि पर दिशा निर्देश दिया गया। विभिन्न समस्याओं को अखाड़ा सदर मुजीब खान, सैफुल्लाह आदि द्वारा रखा गया जिसे संजीदगी से सुना गया और समाधान का दिशा निर्देश संबंधित को दिया गया। शांति सौहार्द के बीच मोहर्रम का पर्व मनाया जाने की अपील के बीच त्यौहार की हार्दिक बधाई दी।

जनकल्याणकारी योजनाओं से बढ़ रही किसानों की आय

सोनभद्र। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद सोनभद्र के विकास खंड रावर्ट्सगंज के ग्राम मंहुराही में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेले एवं प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने सर्वप्रथम कृषि विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा लगाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विभिन्न स्टॉलों पर प्रदर्शित तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत मंत्री ने भगवान श्रीगणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र, उन्नत बीज, सिंचाई सुविधाएं तथा विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर एवं आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है तथा भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर घोरावल विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने भी केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कृषकों से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा, भाजपा जिला प्रभारी अनिल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मिश्रा, जिला महामंत्री संतोष शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

देश की आवाज हैं राहुल गांधीः आशु

सोनभद्र। देश के जननायक गरीब, मजदूर, व्यापारी, किसान, नौजवान, महिलाएं, दलित, आदिवासी, आमजन मानस की आवाज प्रखंड प्रवक्त, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व-राष्ट्रीय अध्यक्ष/सांसद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर घोरावल विधानसभा में स्थित राबर्ट्सगंज ब्लॉक में सिंचाई डाग बंगले पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) के साथ वृक्षारोपण कर राहुल गांधी के लंबी उम्र की कामना किया लिए आशु दुबे ने कहा कि वृक्ष आमजन मानस की मूल है और जिस तरह बड़े-बड़े प्रोजेक्ट को लेकर वृक्षों को कटाई करने का कार्य किया जा रहा है जनपद सोनभद्र में हम लोग ऐसा कत्तई बर्दाश्त नहीं करेंगे और इसके लिए हर संभव लड़ाई लड़ने का कार्य हम कांग्रेसी करेंगे स आज राहुल गांधी के जन्मदिन पर हम लोग यह संकल्प लेते हैं कि जनपद सोनभद्र को इस तरह के वृक्ष काटने वाले माफियाओं से दूर रखेंगे और यहां के आम जनमानस, दलित, आदिवासियों, किसानों के हक की लड़ाई लड़ने का काम हम लोग करेंगे।

युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सूरज वर्मा ने कहा कि आज देश के बेरोजगारों की आवाज राहुल गांधी जी हैं देश का युवा उनके साथ खड़ा है, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहुल जैन ने कहा कि कि व्यापारी भी पूरी तरीके से परेशान हो चुका है आए दिन व्यापारियों पर नए-नए तरीके से टैक्स और नई योजनाएं थोपी जा रही हैं आज हम सभी राहुल गांधी की ओर देख रहे हैं, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश राव ने कहा कि राहुल गांधी जी हमेशा दलित/आदिवासियों की आवाज उठाते रहते हैं और उनके हक की लड़ाई लड़ने का काम करते हैं हम सभी उनकी लंबी उम्र की कामना करते हैं, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अखिलेश मिश्रा ने कहा कि सबको साथ लेकर चलने का काम कांग्रेस करती है ।

सरोवर में डूबने से युवती की मौत

आजमगढ़। जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र स्थित सरैया गांव के प्रसिद्ध पौहारी बाबा सरोवर में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय युवती की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मंदिर परिसर और सरोवर के आसपास अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान अंबेडकर नगर जिले के नीवा गांव निवासी कुसुम देवी (20) के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ प्रसिद्ध पौहारी बाबा मंदिर में दर्शन-पूजन करने के लिए सरैया आई थी। दर्शन के दौरान वह सरोवर के किनारे पहुंची, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सरोवर की सीढ़ियों पर लंबे समय से काई जमी हुई है, जिससे वहां फिसलन बनी रहती है। कुसुम जैसे ही सीढ़ियों से नीचे उतरने लगी, उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पानी में गिर पड़ी। घटना को देखकर आसपास मौजूद श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने शोर मचाया तथा उसे बचाने के लिए तत्काल पानी में उतर गए, लेकिन तब तक वह गहरे पानी में समा चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौके पर जुट गए। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से युवती को सरोवर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था और मौके पर मौजूद लोग उन्हें ढांढस बंधाते नजर आए। सूचना पाकर अतरौलिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी देवेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला सरोवर में फिसलकर डूबने का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सरोवर की सीढ़ियों पर जमी काई की नियमित सफाई और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग भी उठाई है।

व्यापार मंडल ने ज्ञापन देकर किया विरोध प्रदर्शन

जौनपुर । व्यापार मंडल ने उत्तर प्रदेश शासन के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर बड़ा कदम उठाया है।जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नई सब्जी मंडी स्थित मंडी सचिव ध्रुव चैधरी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में व्यापारियों ने मंडी समिति द्वारा लागू की गई नई ऐप व्यवस्था का कड़ा विरोध जताया। उनका कहना है कि बिना व्यापारी संगठनों से परामर्श किए इस व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया गया है, जो तकनीकी रूप से जटिल है और व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है। इसके अलावा मंडी दुकानों के किराए में हर साल 5ः स्वतः वृद्धि का भी विरोध किया गया।

व्यापारियों का कहना है कि कृषि उत्पादों के दाम में लगातार उतार-चढ़ाव के कारण यह बढ़ोतरी उनके लिए असहनीय है और इसे तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए।व्यापार मंडल ने यह भी आरोप लगाया कि वर्ष 2010 के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है और बी-क्लास सहित अन्य दुकानों पर बढ़ाया गया किराया वापस लिया जाए।ऑनलाइन पोर्टल और मंडी ऐप में तकनीकी खामियों को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए।टैक्स जमा करने के बावजूद बकाया दिखना, सर्वर डाउन रहना, टोल पर्ची में देरी और रियल टाइम डेटा की कमी जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं।यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मांग की कि इन सभी मुद्दों को जिलाधिकारी, कृषि मंत्री और मंडी सचिव उत्तर प्रदेश तक तत्काल भेजा जाए।

दो रिहायशी मड़हे राख , सामान जला

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के कबूलपुर धरिकार बस्ती में शुक्रवार दोपहर अचानक लगी आग से दो रिहायशी मड़हे जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आने से नकदी, खाद्यान्न और घरेलू उपयोग का सामान नष्ट हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। उक्त गांव निवासी अशोक कुमार धरिकार मजदूरी के लिए बाहर गए थे, जबकि उनकी पत्नी दवा लेने कबुलपुर बाजार गई थीं। इसी दौरान उनके मड़हे में आग लग गई। ग्रामीणों ने उन्हें घटना की सूचना दी। जब तक वह मौके पर पहुंचीं, तीन मड़हों में से दो पूरी तरह जल चुके थे।ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और एक मड़हे को जलने से बचा लिया। आग से करीब पांच हजार रुपये नकद, खाद्यान्न तथा अन्य गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने रहने और आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। अशोक कुमार मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान मुजम्मिल ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए कहा कि दो से तीन दिनों के भीतर उनके रहने के लिए सीमेंट शेड की व्यवस्था कराई जाएगी।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते लखनऊ जाने वाले 20 वाहन सीज

आजमगढ़। कंधरापुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पुलिस और यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते लखनऊ जाने वाली करीब 20 वाहनों को सीज कर दिया। यह कार्रवाई भंवरनाथ चैराहे से लेकर सेहदा क्षेत्र तक की गई।

जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 7 बजे शुरू हुए अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न वाहनों की सघन जांच की। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर अर्टिगा, वैगनार, स्विफ्ट डिजायर समेत करीब 20 वाहनों को सीज कर कंधरापुर थाने में खड़ा कराया गया। अचानक हुई कार्रवाई से वाहन चालकों और स्वामियों में हड़कंप मच गया। कुछ वाहन स्वामियों ने कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वे अपने परिवार के साथ निजी कार्य से लखनऊ जा रहे थे, इसके बावजूद उनकी गाड़ियों को सीज कर दिया गया। वाहन मालिकों का आरोप है कि उन्हें कार्रवाई का स्पष्ट कारण भी नहीं बताया गया। संयुक्त चेकिंग अभियान में कंधरापुर थाना प्रभारी निरीक्षक केदारनाथ मौर्य अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। वहीं प्रभारी यातायात निरीक्षक गुलाबधर यादव, उपनिरीक्षक गंगा प्रसाद साहनी, मुख्य आरक्षी अखिलेश सिंह, महेंद्र कुमार सहित पुलिस एवं यातायात विभाग के अन्य कर्मियों ने भी अभियान में भाग लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यातायात नियमों के पालन, वाहन दस्तावेजों की जांच तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

मानवता की सबसे बड़ी सेवा है रक्तदान : फरीद

सोनभद्र। भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष एवं राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर पंचशील हॉस्पिटल में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शशांक मिश्रा ने किया। शिविर में युवाओं, कांग्रेस कार्यकताओं एवं समाजसेवियों ने भाग लेते हुए रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों का संदेश देने के साथ ही राहुल गांधी के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शशांक मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी की राजनीति सेवा, समर्पण और जनसरोकारों की राजनीति है। उनके जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर युवा कांग्रेस समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। रक्तदान किसी जरूरतमंद को जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है और युवाओं को ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि, राहुल गांधी ने सदैव देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों, आदिवासियों और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया है। उनके जन्मदिवस पर आयोजित यह रक्तदान शिविर सेवा और मानवता के मूल्यों को मजबूत करने वाला सराहनीय प्रयास है। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश द्विवेदी ने कहा कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं बल्कि समाज के प्रति दायित्व निभाना भी है। रक्तदान शिविर जैसे कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता और मानवीय संवेदनाओं को बढ़ावा देते हैं। राहुल गांधी जी का जीवन संघर्ष, सादगी और जनता के प्रति समर्पण का उदाहरण है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद ने कहा कि, रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। किसी अज्ञात व्यक्ति की जान बचाने से बड़ा पुण्य कोई नहीं हो सकता। राहुल गांधी के जन्मदिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम समाज में भाईचारे, एकता और सेवा की भावना को सशक्त करने का कार्य कर रहा है। शिविर में शशांक मिश्रा, रोहिल मिश्रा, मृदुल मिश्रा, अनुपम, बृजेश तिवारी, प्रदीप चौबे, हाजी फरीद अहमद, रामराज सिंह गोंड, क्षितिज सिंह, प्रांजल श्रीवास्तव, शीतला पटेल, उत्कर्ष द्विवेदी, शंकर लाल, राहुल तथा सूर्य कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामविलास पनिका, जितेन्द्र पासवान, सेतराम केशरी, राजेन्द्र भारती, श्रीकांत मिश्रा, अमरेश देव पाण्डेय सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिले में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी आज आयेंगे

सोनभद्र। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी शुक्रवार को प्रातः 08:30 बजे वाराणसी से सड़क मार्ग द्वारा जनपद सोनभद्र के लिए प्रस्थान करेंगे। अपने भ्रमण के दौरान वह सर्किट हाउस, सोनभद्र में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके उपरांत विकास भवन, सोनभद्र में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे तथा विकास भवन परिसर में वृक्षारोपण करेंगे। मंत्री पंचायत रिसोर्स सेंटर, सोनभद्र में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे तथा जनपद में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके पश्चात सर्किट हाउस में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मंत्री उद्योगपतियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन एवं रोजगार सृजन से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके उपरांत वह प्रेस वार्ता को संबोधित कर सरकार की नीतियों, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा करेंगे। कार्यक्रमों के उपरांत मंत्री वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री के भ्रमण को लेकर जनपद प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

एचआईवी पीड़ितों संग सीडीओ ने किया योगाभ्यास

जौनपुर। योग सप्ताह के पांचवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया के द्वारा योग के माध्यम से समाज में एक बेहतर संदेश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी नें स्वयं सैकड़ों एचआईवी पॉजिटिव से पीड़ित व्यक्तियों के साथ योगाभ्यास करके समाज में एक बेहतर संदेश दिया कि ऐसे व्यक्तियों के संपर्क में रहने से किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य से संबंधित दिक्कतें नहीं आती हैं और ना ही किसी भी प्रकार का संक्रमण फैलता है और जो सामाजिक विचार इनके प्रति होती है उस भ्रम को दूर करके ऐसे लोगों के साथ किसी भी प्रकार का गलत धारणाएं नहीं रखनी चाहिए।

फंदे से लटकता मिला युवक का शव

मीरजापुर। लालगंज बाजार निवासी एक युवक का शव शुक्रवार सुबह घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ फारेंसिक टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना के समय परिवार का कोई सदस्य घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। स्थानीय बाजार निवासी धनंजय उर्फ सोनू (26) का शव घर के कमरे में रुमाल के फंदे से लटकता मिला। सुबह जानकारी होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी जुटाई। बताया गया कि धनंजय चार भाइयों में एक था। उसके तीनों भाई परिवार सहित बाहर रहते हैं। ससुराल में मांगलिक कार्यक्रम होने के कारण उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। जबकि घर पर वह अकेला था। घटना की सूचना मिलने पर उसका भाई गुड्डू मिजार्पुर से घर पहुंच गया। अन्य भाई संजय कुमार और मोहित जो बाहर रहकर नौकरी करते हैं। उन्हें भी सूचना दे दी गई है। मृतक अपने पीछे पत्नी तथा दो बेटियां प्रीति (4) और अंजलि (2) को छोड़ गया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतारा गया। थानाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

प्रतिबंधित ब्राण्ड की अगरबत्तियों की बिक्री पर लगी रोक

आजमगढ़। जनपद में प्रतिबंधित ब्राण्ड की अगरबत्तियों के विक्रय पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी हिमांचल सोनकर ने उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शों के अनुपालन में समस्त थोक एवं फुटकर कीटनाशी विक्रेताओं, पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटर्स, किराना दुकानदारों तथा गोदाम संचालकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि स्वीट नाइट, डायनासोर, श्री डेंक्यू किलर और कम्फर्ट ब्राण्ड नाम से बिक रही अगरबत्तियों का विक्रय किसी भी स्थिति में न किया जाए। उन्होंने बताया कि इन ब्राण्डों की अगरबत्तियों का विक्रय कीटनाशी अधिनियम-1968 एवं कीटनाशी नियम-1971 की धारा 9(3) का स्पष्ट उल्लंघन है। साथ ही आमजन एवं कृषक बंधुओं से अपील की गई है कि वे इन प्रतिबंधित ब्राण्ड की अगरबत्तियों का प्रयोग अथवा क्रय न करें, क्योंकि इनके उपयोग से मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने चेतावनी दी कि निरीक्षण एवं जांच के दौरान यदि किसी प्रतिष्ठान पर उक्त प्रतिबंधित ब्राण्ड की अगरबत्तियां बिक्री के लिए पाई गईं, तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम-1968 एवं कीटनाशी नियम-1971 के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संबंधित विक्रेता स्वयं जिम्मेदार होगा।

एक लाख के इनामी की गिरफ्तारी पर रोक

जौनपुर । एक लाख रुपये के इनामी आरोपी भोले राजभर को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने हत्या के एक मुकदमे में उसकी गिरफ्तारी पर 60 दिनों के लिए रोक लगा दी है। हालांकि, हाईकोर्ट ने उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने से इनकार कर दिया और उसे इस अवधि के भीतर निचली अदालत में आत्मसमर्पण कर जमानत अर्जी दाखिल करने का निर्देश दिया है।ज्ञात हो कि खेतासराय थाने में दर्ज आजाद बिन्द दूल्हा हत्याकांड से संबंधित है। भोले राजभर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर 2 मई को दर्ज एफआईआर को रद्द करने और अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की थी। उसने खुद को बेगुनाह बताते हुए दावा किया था कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विवेक सारण की खंडपीठ ने इस मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। अदालत ने एफआईआर रद्द करने की राजभर की मांग को खारिज कर दिया। खंडपीठ ने टिप्पणी की कि प्रथम दृष्टया यह मामला एफआईआर निरस्त करने योग्य नहीं है। हालांकि, याचिकाकर्ता के अनुरोध पर उसे निचली अदालत में पेश होकर जमानत के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि भोले राजभर पहले से गिरफ्तार नहीं है, तो अगले 60 दिनों तक उसे इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। इस अवधि के दौरान उसे संबंधित निचली अदालत में आत्मसमर्पण करना होगा। अदालत ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर आरोपी अदालत में पेश नहीं होता है, तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

योग दिवस के जन जागरूकता के लिए निकाली रैली

मीरजापुर। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 एवं योग सप्ताह 15 जून 2026 से 21जून 2026 को जनांदोलन में परिवर्तित करने के उद्देश्य से मुख्य कार्यक्रम 21 जून 2026 स्थान राजकीय इंटर कालेज मुहवरिया मीरजापुर में अधिक से अधिक जनभागीदारी के उद्देश्य से दो दिन पूर्व शुक्रवार को प्रातः 7 बजे जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के मार्गदर्शन में डॉ.श्रीकांत रजक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी मीरजापुर, संयोजक सदस्य जिला समिति, अनिता यादव नोडल अधिकारी माध्यमिक शिक्षा जनपद मीरजापुर एवं महेंद्र नाथ प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज मुहवरिया ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रन फॉर योगा के लिए राजकीय इंटर कॉलेज महुवरिया के परिसर से जिला कलेक्ट्रेट तक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली को सफल बनानें में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, आयुष विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि के साथ पुलिस विभाग से सराहनीय योगदान दिया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील की कि 21 जून 2026 को राजकीय इंटर कॉलेज महुवरिया में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस को जनांदोलन में परिवर्तित करने में सहयोग प्रदान करें।

अमोई गांव में हैंडपंप से निकल रहा लाल पानी, ग्रामीणों में चिंता

मीरजापुर। पटेहरा विकासखंड के अमोई गांव में एक सरकारी हैंडपंप से लाल एवं गंदा पानी निकलने की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि हैंडपंप से कई वर्षों से दूषित पानी निकल रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, गांव के सैकड़ों लोग और बच्चे इसी हैंडपंप का पानी पीने को मजबूर हैं। हैंडपंप से निकलने वाला लाल रंग का पानी बीमारी को दावत दे रहा है, लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव से शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद न तो हैंडपंप की मरम्मत कराई गई और न ही खराब पाइप बदले गए। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण लोगों को दूषित पानी का सेवन करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि हैंडपंप की तत्काल जांच कराकर खराब पाइपों को बदला जाए तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को बीमारियों के खतरे से बचाया जा सके। ग्रामीणों ने चेतावन

संक्षेप

फलाहारी महाराज के खिलाफ शिकायत

मथुरा। श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने दिनेश शर्मा उर्फ फलाहारी महाराज के खिलाफ धोखाधड़ी करने, वसूली करने और इस संस्थान को बदनाम करने के प्रयासों का आरोप लगाते हुए गोविंद नगर पुलिस थाने में बृहस्पतिवार को एक शिकायत दर्ज कराई। यह शिकायत ऐसे समय में दर्ज कराई गई है जब एक दिन पूर्व फलाहारी महाराज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा दान के कथित कुप्रबंधन की सीबीआई से जांच कराने की मांग की। गोविंद नगर पुलिस थाना प्रभारी को संबोधित शिकायत में संस्थान के उप प्रबंधक अनुराग पाठक ने आरोप लगाया कि दिनेश शर्मा की आपराधिक पृष्ठभूमि है और वह धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों में संलिप्त हैं। पाठक का आरोप है कि शर्मा ने श्रद्धालुओं और दानदाताओं को भ्रमित करने के लिए पंजीकृत श्री कृष्ण जन्मस्थान से जुड़े ट्रस्टों से मिलते जुलते नाम श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास नाम से एक ट्रस्ट बना रखा है। शिकायत के मुताबिक, शर्मा इस ट्रस्ट के जरिए दान का संग्रह करते रहे हैं और अपने निजी उपयोग के लिए उसका उपयोग कर रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी विजय बहादुर सिंह ने कहा कि इस मामले को पुलिस के संज्ञान में लाया गया है और जांच जारी है।

स्लीपर बस खड़े ट्रक से टकरायी, 11 घायल

फिरोजाबाद। नसीरपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आजमगढ़ से दिल्ली जा रही यात्री स्लीपर बस खड़े ट्रक ट्रेलर से टकरा गयी। इस हादसे में चालक समेत 11 यात्री घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर माइलस्टोन 58 के समीप एक स्लीपर बस खड़े ट्रैक्टर ट्रेलर से जाकर टकरा गई। दुर्घटना में बस ट्रक में फंस गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और यूपीडा की राहत टीम मौके पर पहुंची और घायलों को निकाल कर एंबुलेंस से शिकोहाबाद के संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया।

14 वर्षीय मासूम की हत्या का हुआ खुलासा

मथुरा। करीब 22 दिन पहले माल गोदाम रोड (आर्मी एरिया के पास) मिले एक अज्ञात 14 वर्षीय नाबालिग बालक की हत्या के मामले का सफल अनावरण करते हुए जनपद के थाना हाईवे पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गौरतलब हो कि गत 27 मई 2026 को थाना हाईवे क्षेत्र के माल गोदाम रोड, आर्मी एरिया के पास एक अज्ञात बालक (उम्र करीब 14 वर्ष) का शव बरामद हुआ था। मासूम के हाथ-पैर बंधे हुए थे और गले में काले रंग का फीता कसा था, जिससे साफ था कि उसका गला दबाकर बेरहमी से मर्डर किया गया था। शरीर पर कई जगह चोटों के निशान भी थे। इस संबंध में उप-निरीक्षक संदीप सिंह की तहरीर पर थाना हाईवे में अज्ञात के खिलाफ मु0अ0सं0 519/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में मामले के खुलासे के लिए लगी पुलिस टीम ने घटनास्थल और उसके आस-पास के रूटों पर लगे लगभग 350 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। इसके साथ ही स्थानीय लोगों से सघन पूछताछ की गई, जिससे घटना में शामिल तीन आरोपियों के नाम प्रकाश में आए।

दो अवैध कॉलोनियों पर चला एमवीडीए का बुलडोजर

मथुरा। शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। सौख रोड क्षेत्र में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाकर निर्माण कार्य ध्वस्त कर दिया गया। प्रतुल अग्रवाल, अतुल मंगल व अन्य द्वारा अशोक पाइप फैक्ट्री के सामने लगभग 40,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में ह्लविद्या इंडस्ट्रियलह्व नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इस पर उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 के तहत वाद दर्ज कर 21 मई 2026 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया था। इसके अलावा पंकज शर्मा व अन्य द्वारा महाराजा वैशाली से आगे सलेमपुर सौख रोड पर लगभग 3000 वर्ग मीटर में सड़क व नाली बनाकर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इस मामले में भी 20 अप्रैल 2026 को ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए गए थे। निर्धारित समयावधि में अवैध निर्माण नहीं हटाए जाने पर 19 जून शुक्रवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन के निर्देश पर सचिव के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से दोनों स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए। प्राधिकरण सचिव आशीष कुमार ने स्पष्ट किया है कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बस सेटकरायी कार, पिता-पुत्र की मौत

मथुरा। जिले के बल्देव थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार तड़के आगरा से नोएडा जा रही तेज रफ्तार कार आगे चल रही रोडवेज बस से टकरा गई, जिससे कार सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। बल्देव थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि हादसा तड़के करीब साढ़े तीन बजे बल्देव क्षेत्र में किमी संख्या 136 के पास हुआ। औरैया के दिबियापुर कस्बे की विकास कुंज कॉलोनी निवासी परमहंस पांडेय (58) अपने पुत्र बिट्टू उर्फ पुष्पेंद्र (27) के साथ कार से आगरा होते हुए यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते दिल्ली की ओर जा रहे थे। एसएचओ ने बताया कि तभी कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही सुल्तानपुर डिपो की रोडवेज बस में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार चला रहे परमहंस और उनके बेटे पुष्पेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है और वे पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और चालक को झपकी आना माना जा रहा है।

गंगा दशहरा महापर्व : घाटों पर मुस्तैद रहेंगे गोताखोर मोबाइल टॉयलेट्स व मेडिकल कैंप

फिरोजाबाद। पतित पावनी मां गंगा के अवतरण का महापर्व गंगा दशहरा हमारे समाज में सिर्फ आस्था का ही प्रतीक नहीं, बल्कि जीवनदायिनी नदियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भी पावन उत्सव है। इस गरिमामयी अवसर पर यमुना नदी के विभिन्न घाटों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और सामाजिक संगठनों ने सुरक्षामय व प्रदूषण-मुक्त आयोजन के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जन आधार कल्याण समिति की सराहनीय पहल पर डीएम संतोष कुमार शर्मा एवं एसडीएम सदर सत्येंद्र सिंह के निदेर्शानुसार तहसील सदर सभागार कक्ष में एक अति महत्वपूर्ण समन्वय बैठक संपन्न हुई। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी संगठनों और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग करते हुए पर्व के सफल संपादन हेतु सुरक्षा स्वच्छता और नागरिक व्यवस्थाओं का विस्तृत खाका तैयार किया। बैठक का सफल संचालन जन आधार कल्याण समिति के सचिव प्रवीन कुमार शर्मा ने किया। ??बैठक में मौजूद तहसीलदार सदर अजय कुमार ने गंगा दशहरा पर सभी व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित कराए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गंगा दशहरा महापर्व के अवसर पर घाटों पर गोताखोर मोबाइल टॉयलेट्स व मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे।

विधि छात्र-छात्राओं के साथ संवाद सत्र आयोजित

फिरोजाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद में चल रहे इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विधि महाविद्यालयों से आए विधि छात्र-छात्राओं के साथ जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डॉ.बब्बू सारंग द्वारा एक प्रेरणादायी संवाद सत्र आयोजित किया गया। संवाद सत्र के दौरान जनपद न्यायाधीश ने छात्र-छात्राओं को न्यायिक व्यवस्था, विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका, निःशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता तथा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के योगदान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को विधि व्यवसाय में नैतिक मूल्यों संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व से भी अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अध्ययन काल का सदुपयोग करते हुए व्यावहारिक विधिक ज्ञान अर्जित करने तथा समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

आगरा। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र लीक होने तथा सीबीएसई की ऑनलाइन मूल्यांकन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे अथवा बर्खास्तगी की मांग करते हुए शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव नागर (संजू भैया) ने कहा कि देशभर के छात्रों और अभिभावकों में बढ़ते असंतोष को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने यह विरोध कार्यक्रम आयोजित किया है। उनका आरोप था कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं और मूल्यांकन प्रक्रिया में मिल रही शिकायतों से विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सुबह 11 बजे पुलिस लाइंस रोड स्थित साईं मंदिर पर एकत्रित हुए। इसके बाद सभी कार्यकर्ता शांतिपूर्ण ढंग से कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा छात्रों के हितों की रक्षा के लिए सरकार को जवाबदेह बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग उठाई। पूर्व जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह मीनू और कांग्रेस नेता संदीप पांडे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा मंत्री को बचाने का प्रयास कर रही है, जबकि परीक्षा संबंधी अनियमितताओं के मामलों में जवाबदेही तय की जानी चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव नागर (संजू भैया), पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह मीनू, पीसीसी सदस्य सानू खान, कांग्रेस नेता अनुज शिवहरे, संतोष चौधरी, संदीप पांडे, उमेश जोशी, अनिल शर्मा, इंटक के जिलाध्यक्ष अतुल सिरोही, अनिल सिकरवार, जेडी कुशवाहा, चांद भाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

मथुरा के पत्रकारों की समस्याओं का समाधान मुख्यमंत्री से करायेंगे : मनोज कुमार पांडेय

मथुरा। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया व ब्रज प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 34 वें पत्रकारिता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारों के वर्तमान दशा, दिशा और चुनौतियों पर विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पांडेय, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा.बबीता सिंह चैहान, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जगप्रवेश, एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाद समिति के अध्यक्ष हेमन्त तिवारी, नेशनल यूनियन जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के निर्वाचक आयुक्त दधिबल यादव ने दीप प्रज्जवलन व मां सरस्वती के छवि चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

मुख्य अतिथि खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि पत्रकारों का अतीत स्वर्णिम था आज के दौर में पत्रकारों के समक्ष चुनौतियां हैं पत्रकारों को इन चुनौतियों का ईमानदारी एवं निर्भीकता के साथ मुकाबला करके स्वर्णिम भविष्य सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि मथुरा के पत्रकारों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए मुख्यमंत्री से मिलेंगे और प्रेस क्लब के लिए जगह की व्यवस्था कराने का प्रयास भी करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डा.बबीता सिंह चैहान ने कहा कि मैं भी ब्रज की ही बेटी हूं व ब्रज की महिला पत्रकारों व अन्य सभी पत्रकारों के साथ खड़ी हुई हूं। ब्रज संघर्ष की नगरी है और पत्रकार अपनी खबरों में भी ब्रजभाषा का समावेश करें। उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमन्त तिवारी ने कहा कि आज एआई का युग आ गया है, यह पत्रकारों को बेरोजगार कर रहा है। पत्रकारों को आईना दूसरों को दिखाने के साथ-साथ ही खुद भी समय-समय पर आईना देखना चाहिए। उन्होंने कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय से कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग ढाई घंटे में 72 बार लाइट गुल हुई है आप (मनोज कुमार पांडेय) अपने मित्र ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से कहकर सुधार करवाएँ। एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने अनेक चुनौतियां हो रही हैं। उनके हितों के संरक्षण के लिए कोई विशेष कानून नहीं है जिससे पत्रकारों पर हमलों में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने देशभर में पत्रकार सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की। जिलाधिकारी चंदप्रकाश सिंह ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में पत्रकारों को देखकर अच्छा महसूस हो रहा है। समाजहित में पत्रकार इसी प्रकार से कार्य करते रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण हैं।

सादगी से मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन

मथुरा। नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन के अवसर पर उनके निदेर्शानुसार पूरे उत्तर प्रदेश में सेवा, समर्पण एवं सामाजिक सरोकार के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में मथुरा के बाल शिशु सदन (अनाथालय) में राहुल गांधी का जन्मदिन अनाथ एवं दिव्यांग बच्चों के साथ बेहद सादगी और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। यह आयोजन पूर्व सीएलपी लीडर एवं पूर्व विधायक प्रदीप माथुर तथा महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा-वृंदावन के अध्यक्ष पं. यतेंद्र मुकद्दम के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। बच्चों के बीच बांटी खुशियां, काटा केककार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अनाथालय के बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और उन्हें उपहार वितरित किए। कार्यकताओं ने बच्चों के साथ काफी समय बिताया और खुशियां साझा कीं।

इस मौके पर सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और राहुल गांधी के स्वस्थ, दीघार्यु व सफल जीवन की कामना की। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पं. यतेंद्र मुकद्दम ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे हैं। उनका जीवन सेवा, संघर्ष और सामाजिक न्याय के मूल्यों को समर्पित है। उनके जन्मदिन पर बाल शिशु सदन में बच्चों के बीच पहुंचकर हमने उनके उसी संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और खुशियां पहुंचाना है।

प्रदीप माथुर पूर्व विधायक प्रदीप माथुर ने कहा कि राहुल गांधी देश में प्रेम, भाईचारे, समानता और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। उनके जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाना कांग्रेस की उस विचारधारा का प्रतीक है, जिसमें समाज के कमजोर और उपेक्षित वर्गों की सेवा सर्वोपरि है।

मुठभेड़ में 3 शातिर लुटेरे गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम व एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा तीन शातिर लुटेरो को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि 12 जून को थाना शिकोहाबाद कस्बा क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की घटना से संबंधित वांछित अभियुक्तगण छीछामई नहर के रास्ते नसीरपुर से हाईवे पकड़कर लखनऊ भागने की फिराक में हैं। सूचना पर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम व एसओजी सर्विलांस टीम टीम द्वारा संयुक्त रुप से छीछामई नगर के पास चैकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान देर रात्रि पुलिस टीम को एक काली रंग की संदिग्ध स्कोर्पियों आते दिखाई दी तो पुलिस टीम द्वारा स्कोर्पियों सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया, संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को नजदीक आते हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर अपनी कार छोड़कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भागने लगे, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में एक संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान थाना शिकोहाबाद पर लूट के पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त सुमित उर्फ भोला पुत्र सुन्दर निवासी कामबक्षपुर थाना नोलेजपार्क ग्रेटर नोएडा जनपद गौतमबुद्ध नगर के रूप में हुई, वहीं सह अभियुक्त नीरज पुत्र महावीर सिंह व कौशेन्द्र पुत्र समय सिंह निवासी कामबक्षपुर थाना नोलेजपार्क ग्रेटर नोएडा जनपद गौतमबुद्ध नगर को मौके से गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त सुमित उर्फ भोला को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों से 2 अवैध तमंचा 2 खोखा कारतूस, 4 जिन्दा कारतूस,लूट की घटना से सोना बेंचकर प्राप्त 19 लाख रूपए घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व स्कोर्पियों कार बरामद की गई। पुलिस ने अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की है।

मंदिर में दीपक जलाने गये युवक की गोलियों से भूनकर हत्या

आगरा। आगरा के जैतपुर थाना क्षेत्र स्थित गांव रूपपुरा में देर रात पुरानी रंजिश ने एक व्यक्ति की जान ले ली। धार्मिक आयोजन के बीच हुई इस सनसनीखेज वारदात ने पूरे गांव को दहला दिया है। गोलियों की आवाज से गांव में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते खुशी और भक्ति का माहौल मातम में बदल गया। मृतक की पहचान 42 वर्षीय प्रदीप के रूप में हुई है, जो गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने गया था। गांव में तनाव के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार गांव रूपपुरा में इन दिनों श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इसी दौरान प्रदीप कथा पंडाल से निकलकर पास स्थित मंदिर में दीपक जलाने गया था। बताया जा रहा है कि तभी पहले से घात लगाए बैठे विपक्षी ने उसे निशाना बना लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावर ने प्रदीप पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। दो गोलियां लगते ही वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। धार्मिक आयोजन के बीच अचानक हुई फायरिंग से वहां मौजूद लोगों में भगदड़ जैसे हालात बन गए। गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुका था। परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में प्रदीप को गंभीर हालत में उपचार के लिए इटावा के अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रदीप की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पुरानी रंजिश को लेकर पहले भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हो चुका था। आशंका जताई जा रही है कि उसी रंजिश का बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाद में डीसीपी पूर्वी भी पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से बातचीत की।

योगिराज की धरा पर 'रन फॉर योगा' का आयोजन

मथुरा। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (योग संगम) के मुख्य आयोजन 21 जून 2026 को सफल एवं भव्य रूप से संपन्न कराने हेतु जनपद मथुरा में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 19 जून 2026 को ह्लयोग फॉर हेल्दी एजिंगह्व विषय पर एक जन-जागरूकता रैली ह्लरन फॉर योगाह्व का आयोजन किया गया।

रैली का उद्देश्य आम जनमानस को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग, मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। रैली का शुभारंभ भूतेश्वर चैराहा, मथुरा से हुआ, जिसमें आयुष विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. डिगम्बर सिंह, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. सुखवीर सिंह तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आयुष) श्री अखिलेश कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में रैली का सफल संचालन किया गया। रैली का उद्घाटन इंजी. देवेंद्र कुमार, पार्षद (वार्ड-20, कृष्णा नगर प्रथम, नगर निगम मथुरा-वृंदावन) तथा एड. धनंजय सिंह लोधी, पार्षद (कैबिनेट सदस्य, वार्ड-40, नगर निगम मथुरा-वृंदावन) द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने योग के महत्व एवं स्वस्थ दीघार्यु के लिए योग अपनाने संबंधी जागरूकता नारों के माध्यम से जनसामान्य को प्रेरित किया। पार्षदगणों ने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे 21 जून 2026 को गणेशरा स्टेडियम, मथुरा में आयोजित मुख्य योगाभ्यास कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग करें तथा योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। कार्यक्रम के अंत में पार्षदगणों ने आयुष विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की सराहना करते हुए मुख्य आयोजन की सफलता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दीं तथा हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी प्रदान किया।

तरौली पहुंची प्रगति यात्रा

मथुरा। मथुरा की तहसील छाता अंतर्गत गांव तरौली में केंद्र/राज्य सरकार की विकास योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रगति यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा महाराणा पब्लिक स्कूल से चलकर श्री स्वामी बाबा मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा के मुख्य अतिथि उप्र के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण रहे। उनके साथ कैबिनेट प्रतिनिधि नरदेव चैधरी भी मौजूद थे। तरौली पहुंचने पर चौमुंहा मंडल अध्यक्ष मुरारी लाल सिसोदिया व भाजपा कार्यकताओं ने अतिथियों का जगह-जगह फूल-मालाओं से स्वागत किया।

नगर कांग्रेस कमेटी ने मनाया राहुल गांधी का जन्म दिवस

टूंडला। नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नेता विपक्ष राहुल गांधी का 57 वा जन्मदिवस केक काटकर धूमधाम ओर हर्ष उल्लास के साथ वृद्धा आश्रम बन्ना पर बुजुर्गों को फल तथा मिष्ठान वितरित कर मनाया गया। इस दौरान सभी ने उनके अच्छे स्वास्थ्य बा दीघार्यु की कामना की, इस अवसर पर नगर अध्यक्ष टूंडला कांग्रेस जमील अब्बास ने कहा कि देश आज राहुल गांधी की तरफ देख रहा है, इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल उपाध्याय कन्हैया शर्मा कांग्रेस नेता शिव शर्मा नगर सचिव रहीश कादरी महामंत्री फिरोज खान कोषाध्यक्ष भोला मेंबर शकील भाई छोटू भाई शाहनवाज कुरैशी आदि लोग शामिल रहे।

नाले में मिली बिजली मिस्त्री की लाश, शरीर पर थे चोटों के निशान; जांच में जुटी पुलिस

आगरा। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र स्थित ट्रांस यमुना कॉलोनी फेस-प्रथम में चार सैयद चौराहे के पास नाले से 30 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान खंदौली के नाई की सराय निवासी संजय बघेल के रूप में हुई है। शरीर पर चोट के निशान मिलने के बाद पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान खंदौली थाना क्षेत्र के गांव नाई की सराय निवासी 30 वर्षीय संजय बघेल के रूप में हुई। वह बिजली का काम करता था। परिवार में उसका बड़ा भाई पवन बघेल है। परिजन ने बताया कि संजय को शराब पीने की लत थी। आशंका है कि उसे हत्या करके नाले में फेंक दिया गया है। शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शरीर पर कुछ चोट के निशान भी मिले हैं। ऐसे में पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। नाले में शव दिखाई देने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए थे। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और युवक के अंतिम समय की गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

13 दिन बाद पलटी मौत की कहानी, अमित बंसल केस में साजिश की एंट्री, चार पर हत्या का केस

आगरा। आगरा के खेरागढ़ क्षेत्र में 5 जून को हुई अमित बंसल की मौत का मामला अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। जिस घटना को शुरू में सड़क दुर्घटना माना जा रहा था, वह अब आपराधिक षड्यंत्र और गैर इरादतन हत्या की जांच के दायरे में आ गई है। करीब 13 दिन बाद पुलिस ने मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में मामले को लेकर चचाओं का दौर तेज हो गया है। मृतक अमित बंसल के पिता रामबाबू बंसल, निवासी ग्राम पिपहेरा, थाना कौलारी, जिला धौलपुर (राजस्थान), ने 9 जून को थाना खेरागढ़ में तहरीर देकर बेटे की मौत को संदिग्ध बताया था। उन्होंने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि अमित की मौत सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं थी, बल्कि इसके पीछे गहरी साजिश हो सकती है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की थी। शिकायत में हर्ष बंसल, विनय गोस्वामी, कपिल गर्ग उर्फ सोढ़ी और देव आशीष बंसल उर्फ कान्हा को नामजद किया गया है। रामबाबू बंसल का आरोप है कि घटना से लगभग 15 दिन पहले अमित का कपिल गर्ग से विवाद हुआ था। विवाद के बाद अमित को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई थी। परिजनों का मानना है कि उसी विवाद की कड़ी इस घटना से जुड़ी हो सकती है। परिजनों के अनुसार, घटना वाले दिन यानि 5 जून को अमित को फोन करके बुलाया गया था। इसके बाद उसकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देकर वास्तविक तथ्यों को छिपाने की कोशिश की गई। शिकायत में मोबाइल कॉल डिटेल्स और कई अन्य परिस्थितिजन्य तथ्यों का भी उल्लेख किया गया है, जिन्हें जांच का अहम आधार माना जा रहा है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान एकत्र किए गए तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अब चारों नामजद आरोपियों समेत अन्य संभावित व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

टूण्डला। नगर के सारस्वत एंक्लेव में श्रद्धा भक्ति और धार्मिक उल्लास के बीच श्रीमद्भागवत कथा का

जी-7 समिट के संदेश

दुनिया के विकसित देशों के संगठन जी-7 की बैठक फ्रांस के एवियां में सम्पन्न हो गयी। जब दुनिया की सबसे धनी अर्थव्यवस्थाओं के नेता फ्रांस के शहर एवियां-ले-बैन में एकत्रित हुए तो राजनयिकों ने राहत की सांस ली कि यह तीन दिवसीय आयोजन बिना किसी बड़े विवाद के और कुछ सफलताओं के साथ संपन्न हुआ। कनाडा में हुई पिछली बैठक जहां अमेरिका के नेतृत्व वाले व्यापार युद्ध के तनाव और रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर मतभेदों की छाया में संपन्न हुई थी, वहीं एवियां में उल्लेखनीय सामंजस्य और सौहार्द देखने को मिला। बैठक के पहले जो भी आशंकाएं थीं वे अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ईरान के साथ समझौते की घोषणा से काफी हद तक कम हो गईं। यह घोषणा एवियां सम्मेलन से कुछ दिन पहले हुई थी जिसके बाद होर्मुज स्ट्रेट के खुलने और पश्चिम एशिया में शांति पैदा होने की उम्मीद बनी। एवियां में दूसरा सबसे बड़ा लाभार्थी यूक्रेन रहा। यद्यपि राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की को ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बातचीत का मौका नहीं मिला लेकिन जी 7 ने अपने मतभेदों को दरकिनार कर अमेरिका को एकीकृत संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने के लिए राजी कर लिया। इसमें रूस के विरुद्ध युद्ध में यूक्रेन

का समर्थन करने का वादा किया गया। ट्रंप द्वारा अतीत में दिखाये गये असमंजस और रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के प्रति उनके खुले पक्षपात को देखते हुए यह समझौता एक बड़ी उपलब्धि है। हालांकि इस कठिनाई से हासिल प्रगति पर संदेह बैठक के अंत की ओर तब जरूर पैदा हो सकता था जब ट्रंप ने कहा कि यदि वे शांति समझौते से असंतुष्ट हुए तो ईरान पर बमबारी फिर से शुरू करेंगे। इस बयान ने उनकी स्वभावगत अनिश्चितता को रेखांकित किया। इन तमाम भूराजनीतिक सफलताओं की बात करते हुए यह याद रखने की जरूरत है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश चीन इस मंच से अनुपस्थित रहता आया है। उसका राज्य के नेतृत्व वाला सब्सिडी प्रधान मॉडल वैश्विक वृद्धि पर असर डालता है। यह बैठक समृद्ध लोकतांत्रिक देशों की है लेकिन किसी भी चीनी नेता ने सदस्य या सामान्य अतिथि के रूप में इसमें हिस्सा नहीं लिया। रूस भी 2014 में पुतिन द्वारा क्राइमिया पर आक्रमण तक इसका सदस्य था। संतुलित, साझा और सतत् आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के विषय पर एक सत्र और संयुक्त वक्तव्य में वैश्विक असंतुलन के गरीब देशों पर प्रतिकूल आर्थिक प्रभावों के बारे में एक औपचारिक घोषणा ने चीन के प्रभुत्व और जी-7 की समाधान खोजने में अक्षमता को केवल कमजोर रूप से स्वीकार किया। विकासशील देशों के आमंत्रित नेताओं ने ही चीन के कथानक का सबसे प्रभावी ढंग से प्रतिवाद किया। इनमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो शामिल थे। दक्षिण कोरिया और मिस्र के नेताओं के साथ उन्हें पारंपरिक सहायता से निवेश की ओर बढ़ने पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। खबरों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने कार्य सत्र में चचाओं का नेतृत्व किया। उन्होंने जी-7 की साझेदारी की अपील का समर्थन किया लेकिन साथ ही संघर्षों के झटके को झेलने में विकासशील देशों के लिए समर्थन पर भी बल दिया। कुल मिलाकर एवियां में मोदी की अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और यूक्रेन के नेताओं के साथ आयोजित द्विपक्षीय बैठकों तथा जर्मनी के चांसलर और संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व के साथ संपर्क ने भारत के हितों को आगे बढ़ाने में काफी योगदान दिया। एक उपलब्धि ब्रिटेन के साथ एक वर्ष पहले हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते की कार्यान्वयन तिथि (15 जुलाई) को अंतिम रूप देना भी था जिसमें भारतीय इस्पात निर्यात के 85 फीसदी के लिए आयात सुरक्षा उपायों से महत्वपूर्ण छूट शामिल है। जी-7 बैठक में यूरोपीय यूनियन के साथ भी भारत की सार्थक चर्चा हुई और हस्ताक्षरित हो चुके एफटीए को आगे बढ़ाने में तेजी आने की संभावना बनी है।

टीएमसी के बाद शिवसेना, बढ़ता दलबदल

नरेन्द्र शर्मा

> एंटी-डिफेक्शन लॉ में सुधार जरूरी है। विलय को पुनः परिभाषित किया जाये और दलबदल पर निर्णय लेने का अधिकार स्पीकर की जगह किसी निष्पक्ष प्राधिकरण को सौंपा जाये। साथ ही होना यह भी चाहिए कि अगर कोई व्यक्ति एक पार्टी के चिन्ह पर जीतकर आता है, तो उसे उस पार्टी से अगले चुनाव तक निकलने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, इसके बाद भी वह दलबदल करता है, तो उसे दो चुनाव न लड़ने दिया जाये। इससे ही दलबदल की दलदल से निकला जा सकेगा।

अप्रैल 2026 में केंद्र सरकार एक लेजिस्लेटिव पैकेज संसद के विशेष अधिवेशन में लेकर आयी, जिसका उद्देश्य लोकसभा की सीटों को 545 से बढ़ाकर 850 करना, 2011 की जनगणना के आधार पर चुनावी क्षेत्रों का परिसीमन करना और लोकसभा व विधान सभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण को 2026 की जनगणना की शर्त से अलग करना था। चूंकि 131वें संविधान संशोधन के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता थी, जो सरकार के पास न था, इसलिए यह पैकेज पारित न हो सका, जोकि महिला आरक्षण कानून की आड़ में लाया जा रहा था। इसके बाद जब पांच राज्यों (असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरलम व पुडुचेरी) में विधानसभा चुनाव सम्पन्न हो गये तो राजनीतिक पार्टियां अचानक टूटने लगीं या तोड़ी जाने लगीं। पहले राघव चड्ढा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के सात सांसद अलग होकर बीजेपी में शामिल हो गये, फिर पश्चिम बंगाल में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस दो फाड़ हुई, उसके 20 सांसद बागी होकर नेशनलिस्ट सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल हो गये, जोकि है तो पश्चिम बंगाल की अमान्यता प्राप्त पार्टी, लेकिन उसने त्रिपुरा 2023 विधानसभा में अपने तीन उम्मीदवार उतारे थे, जिन्हें कुल मिलाकर 822 वोट मिले थे व वित्तीय वर्ष 2022-23 का उसका क्लोजिंग बैलेंस मात्र 75 रुपए था, जिससे यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि तृणमूल बागियों ने सत्तारूढ़ एनडीए का हिस्सा बनने के लिए एक नये रास्ते का चयन किया है, इसलिए एनसीपीआई के हावड़ा में अंदुल स्थित दो कमरे के मुख्यालय की चैकीदारी बीएसएफ व बंगाल पुलिस कर रही है।

अब शिव सेना (उद्धव) के 9 में से 6 सांसद बागी हो गये हैं और प्रबल संकेत यह हैं कि वह शिव सेना (शिंदे) में शामिल होकर एनडीए का समर्थन करेंगे। गौरतलब है कि शिव सेना (उद्धव) ने व्हिप जारी करके 18 जून 2026 को नई दिल्ली के अपने संसदीय ऑफिस में अपने सांसदों की महत्वपूर्ण बैठक बुलायी थी, लेकिन उसमें सिर्फ.तीन सांसद- अरविंद सावंत,

अनिल देसाई व राजाभाऊ वाजे ही पहुंचे, जिनमें से एक राज्यसभा के सदस्य हैं। बागी सांसदों के नेताओं ने 17 जून 2026 को लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात करके लोकसभा के 9 में से 6 सांसदों के समर्थन का दावा किया था। पार्टियों की तोड़-फोड़ से ऐसा प्रतीत होता है कि बीजेपी अप्रैल के लेजिस्लेटिव पैकेज को सदन में पुनः लाने की तैयारी कर रही है और उसके लिए दो-तिहाई बहुमत का जुगाड़ कर रही है। लेकिन यह लेख बीजेपी की संभावित योजना से संबंधित नहीं है। यहां कुछ बुनियादी प्रश्न हैं, क्या दलबदल कानून मात्र कागज का टुकड़ा बनकर रह गया है? एक मतदाता जब चुनाव में अपने क्षेत्र से किसी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करता है, तो वह उसकी राजनीतिक पार्टी की विचारधारा से सहमत होने के कारण करता है या उसे विश्वास होता है कि संबंधित पार्टी अपने वायदों व घोषणापत्र के अनुसार कार्य करेगी, सत्ता में आने के बाद।

बदबदल का बढ़ता संकट

ऐसे में प्रतिनिधि जब अपनी मर्जी, लालच, दबाव या किसी अन्य कारण से दलबदल कर लेता है, तो बेचारा मतदाता तो ठगा सा रह जाता है। इस स्थिति में क्या यह अनिवार्य नहीं होना चाहिए कि सांसद व विधायक न तो उस पार्टी को छोड़ सकें जिससे जीतकर आये हैं और न उसे तोड़ सकें? अगर वह अपनी पार्टी के नेतृत्व से असहमत हैं तो उन्हें अपनी सदस्यता से इस्तीफा देकर पुनः जनता के समक्ष जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को भी बागी हुए अपने प्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार होना चाहिए। यह लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। अगर चुने गये प्रतिनिधि के चुनाव क्षेत्र में, चुनने के लिए जितना मतदान हुआ था, उसके 25 प्रतिशत मतदाता उसे वापस बुलाना चाहते हैं, तो उसकी सदस्यता निरस्त की जानी चाहिए और वह अगले दो चुनाव तक प्रत्याशी भी न बन सके। इससे चुने गये प्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारी व जवाबदेही का एहसास रहेगा। जनता को भी अपनी भूल सुधार करने का अवसर मिलेगा।

बहरहाल, वर्तमान घटनाक्रम संविधान की दसवीं अनुसूची जिसे एंटी-डिफेक्शन लॉ या दल-बदल विरोधी कानून भी कहते हैं को फोकस में ले आता है। यह कानून 1985 में चुने हुए प्रतिनिधियों की इस प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए लाया गया था कि वह एक पार्टी से दूसरी में कूदकर तख्ता पलटते हैं। लिहाजा इस कानून के तहत सदन के पीठासीन अधिकारी को यह अधिकार प्रदान होता है कि एक सदस्य की याचिका पर दलबदलू को अयोग्य घोषित कर दे। इस कानून में दो प्रकार के दलबदल का संज्ञान है- 1. सदस्य अपनी इच्छा से उस पार्टी की सदस्यता त्याग दे जिसके चुनाव चिन्ह पर वह चुना गया था, 2. सदस्य पार्टी द्वारा जारी की गई मतदान व्हिप का जानबूझकर उल्लंघन करे या मतदान से अनुपस्थित रहे। हालांकि पार्टी व्हिप का उल्लंघन अयोग्य घोषित किये जाने का सीधा तरीका है, लेकिन अन्य तरीके विवाद व मुकदमों का स्रोत रहे हैं। 'अपनी इच्छा से सदस्यता छोड़ना' साधारण त्यागपत्र व औपचारिक रूप से दूसरी पार्टी में शामिल होना नहीं है। नुकसान में रहने वाली पार्टी अक्सर इसे सदस्य के आचरण पर आधारित बताती है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि 'अपनी इच्छा से सदस्यता छोड़ना' व्यक्ति के आचरण के आधार पर भी लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि दसवीं अनुसूची के पैराग्राफ 4 के तहत दलबदल के आधार पर अयोग्यता उस समय लागू नहीं होगी जब एक पार्टी का दूसरी में विलय हो जाये। लेकिन इसमें पेच यह है कि पार्टी के कुल सदस्यों के कम से कम दो तिहाई सदस्यों का विलय करना आवश्यक है। पहले दसवीं अनुसूची में अयोग्यता नियम के अपवाद के रूप में पार्टी में 'विभाजन' की बात कही गई थी कि अगर लेजिस्लेचर पार्टी के एक-तिहाई सदस्य उसे छोड़ देते हैं या दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं, तो इसे 'विभाजन' माना जायेगा और ऐसे सदस्यों को अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता। इससे जब बहुत अधिक दल-बदल होने लगा व पार्टियां टूटने लगीं तो 2003 में 91वें संविधान संशोधन के जरिये पैराग्राफ 3 को दसवीं अनुसूची से हटा दिया गया, जिसमें 'विभाजन' का अपवाद प्रावधान था। इस पृष्ठभूमि में यह सवाल उठता है कि क्या एंटी-डिफेकशन लॉ अर्थहीन हो गया है? यह प्रश्न इस लिहाज से अधिक प्रासंगिक है कि पक्षपाती राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करने के लिए पार्टियां, सदस्य व स्पीकर्स इस कानून से बचने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाते हैं। आजकल तो 'इस्तीफे के जरिये दलबदल' का चलन आम हो गया है, इस कानून से बचने के लिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट को कहना ही पड़ा कि स्पीकर के पास यह अधिकार है कि वह इस्तीफे के ऐच्छिक व वास्तविक होने की जांच करे। लेकिन यह साबित करना कठिन है कि इस्तीफा अपनी मर्जी से दिया गया है या नहीं और इस्तीफे के पीछे का उद्देश्य जाहिर होते हुए भी औपचारिक तौर पर सिद्ध करना मुश्किल है। इसलिए दलबदल बेरोक टोक जारी है, खासकर इसलिए कि स्पीकर अपनी राजनीतिक वफादारी के कारण कार्यवाही नहीं करते हैं।

सोशल मीडिया

ज्ञान, विवेक और दूरदर्शिता जैसे सद्गुण जीवन में सफलता का प्रमुख आधार हैं। इनसे समृद्ध व्यक्ति कठिन से कठिन चुनौतियों में भी विजयी होता है।
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री.

मनीषियों की संगत

सत्संग का अर्थ है सम्भ्रांत, आदर्श चरित्र, तत्वदर्शी मनीषियों की संगति, सानिध्य और शिक्षा का अवगाहन। ऐसे मनीषी आज बहुत ही कम हैं। जो हैं वे कार्य में व्यस्त रहने के कारण व्यक्तिगत सत्संग क लिए समय नहीं दे पाते। ऐसी दशा में आत्म निर्माण संबंधी प्रवचनों की जहां व्यवस्था हो वहां पहुंचा जा सकता है। महापुरषों के ग्रंथ भी सत्संग का ही काम दे सकते हैं। वे मनीषी भले ही हमसे दूर हों या स्वर्गवासी हो चुके हों तो भी उनके विचार उनके लिखे ग्रंथ हमें सदा प्रस्तुत मिलेंगे और वे हमें सत्संग का लाभ देते रहेंगे। आज सत्संग के नाम पर निराशावादी भाग्यवादी पलायनवादी अतिवादी विचारधारा देने वाले साधु बाबाजी बहुत हैं। इन विचारों से भ्रम जंजाल ही बढ़ता है और उसके प्रभाव से व्यक्ति एक प्रकार से निकम्मा ही बन जाता है। इसलिए ऐसे सत्संग को कुसंग मानकर उससे बचते रहना ही उचित है। चिंतन और मनन के बिना पुस्तक बिना साथी का स्वाध्याय सत्संग ही है। अपने आप अपनी स्थिति पर अपनी त्रुटियों और दुर्बलताओं पर विचार करके, बुराइयों को छोड़ने और अच्छाइयों को बढ़ाने के लिए अकेले में सोच विचार कराना चिंतन है और उत्थान पथ पर अग्रसर करने वाली सतशिक्षा के महत्व एवं माहात्म्य पर विस्तारपूर्वक सोचना एवं उसी ढांचे में अपने को ढालने की योजना बनाना मनन है। चिंतन और मनन करते रहने वाला मनुष्य अपनी बौद्धिक चरित्र और लौकिक दुर्बलताओं को आत्मनिरीक्षण एवं आत्मा आलोचनाओं के आधार पर भली प्रकार जान सकता है और जिस प्रकार रोग का निदान होने पर चिकित्सा सरल हो जाती है। उसी प्रकार अपनी त्रुटियों को जानने वाला उन्हें सुधारने का उपाय भी ढूंढ ही निकालता है। रात्रि को सोते समय दिन भर के भले-बुरे विचारों और कार्यों का लेखा-जोखा लेना चाहिए। जीवन की वास्तविक सम्पत्ति समय ही है। नियमित कार्य्रम बनाकर अपने बहुमूल्य समय का सदुपयोग करने की कला जिसे आ गयी उसने सफलता का रहस्य समझ लिया। रात को रोते समय दिन भर के विचारों और कार्यों की भलाई-बुराई का परीक्षण करके यह देखना कि आज दिन का कितना सदुपयोग अपव्यय एवं दुरुपयोग हुआ। इसी प्रकार प्रातःकाल उठते समय दिन भर का कार्यक्रम बनाना तथा पिछले दिन की बात को स्मरण रखते हुए जीवन के अपव्यय एवं दुर्व्यय को बचाकर आधिकारिक सदुपयोग की योजना बनाई जाये। नित्य डायरी रखकर भी इस प्रकार आत्म निरीक्षण एवं आत्म निर्माण का आयोजन करते रहा जा सकता है।

अंतर्दृष्टि

विचार

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं और वह बड़े संकट में पड़ जाता है।
– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।
– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्ति जब तक किसी वस्तु के लिए श्रम नहीं करेगा, तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।
– गारफील्ड.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।
– गिल.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है। कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भाव से रहता है, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।
– महात्मा विदुर.

प्रकृति के साथ सामंजस्य ही योग है

अरविन्द जयतिलक

आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। दुनिया के सभी देश योग दिवस को पूरी तन्मयता से मना रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक आज करोड़ों लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से प्रत्यक्ष-परोक्ष रुप से जुड़ेंगे। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। इसलिए कि योग विज्ञान की उत्पत्ति भारत में हुई है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि योग भारत की देन है। भारतीय ग्रंथों में योग परंपरा का विस्तृत उल्लेख है। योग विद्या में भगवान शिव को आदि योगी कहा गया है। भगवान शिव के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों ने योग की परंपरा को आगे बढ़ाया। योग शब्द की उत्पत्ति जन्म संस्कृत शब्द युज से हुआ है। इसका अर्थ है स्वयं के साथ मिलन। महर्षि पतंजलि को योग का प्रणेता कहा जाता है। उन्होंने अपने योगसूत्रों के माध्यम से उस समय विद्यमान योग की प्रथाओं, इसके आशय एवं इससे संबंधित ज्ञान को व्यवस्थित एवं कुटबद्ध किया। पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है।

सांख्य दर्शन के अनुसार पुरुष एवं प्रकृति के पार्थक्य को स्थापित कर पुरुष का स्व स्वरुप में अवस्थित होना ही योग है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिल नही योग है। भगवद्गीता के अनुसार दुख-सुख, लाभ-अलाभ, शत्रु-मित्र और शीत-उष्ण इत्यादि द्वंदों में समभाव रखना ही योग है। कर्तव्य कर्म बंधक न हो इसलिए निष्काम भावना से उत्प्रेरित होकर कर्तव्य करने का कौशल योग है। आचार्य हरिभद्र के अनुसार मोक्ष से जोड़ने वाले सभी व्यवहार योग हैं। आधुनिक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का कहना है कि योग सिर्फ व्यायाम या आसन नहीं है। यह भावनात्मक एकीकरण और रहस्यवादी तत्व का स्पर्श लिए हुए एक आध्यात्मिक ऊंचाई है। प्रसिद्ध संवाद योग याज्ञवल्क्य में जो कि बृहदारण्यक उपनिषद में वर्णित है, में याज्ञवल्क्य और शिष्या ब्रह्मवादी गार्गी के बीच कई सांस लेने संबंधी व्यायाम, शरीर की सफाई के लिए आसन और ध्यान का उल्लेख है। गार्गी द्वारा छांदोग्य उपनिषद में भी योगासन के बारे में कहा गया है। अथर्ववेद में उल्लिखित संन्यासियों के एक समूह वार्ता द्वारा शारीरिक आसन जो कि योगासन के रुप में विकसित हो सकता है पर बल दिय गया है। यहां तक कि संहिताओं में भी उल्लिखित है कि प्राचीन काल में मुनियों, महात्माओं और विभिन्न साधु और संतों द्वारा कठोर शरीरिक आचरण, ध्यान और तपस्या का अभ्यास किया जाता है। महाभारत के शांतिपर्व में भी योग का विस्तृत उलेख है। भारत में उपलब्ध उपषिदों और योग वशिष्ठ में भी योग के बारे में जानकारी मिलती है। योगऋषि पतंजलि के उपरांत अन्य-अनेक भारतीय ऋषियों एवं योगाचार्यों ने योग की परंपरा को आगे बढ़ाया। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो के धर्म संसद सम्मेलन में अपने ऐतिहासिक भाषण के जरिए संपूर्ण विश्व को योग की महत्ता से सुपरिचित कराया। महर्षि महेश योगी, परमहंस योगानंद और रमण महर्षि जैसे अनेक पुरोधाओं ने भी योग से पश्चिमी दुनिया को प्रभावित किया। यह योग की बड़ी उपलब्धि है कि उसके शास्त्रीय स्वरुप,



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर विशेष

दार्शनिक आधार और सम्यक स्वरुप को किसी अन्य धर्म ने नकारा नहीं है। यहां तक कि संसार को मिथ्या मानने वाले अद्वैतावादी भी योग का समर्थन किए हैं। अनीश्वरवादी सांख्य विद्वान भी योग का अनुमोदन करते हैं। बौद्ध ही नहीं मुस्लिम सूफी और ईसाई मिस्टिक भी किसी न किसी प्रकार अपने संप्रदाय की मान्यताओं और दार्शनिक सिद्धांतों के साथ योग का सामंजस्य किए हैं। सच तो यह है कि

योग का किसी धर्म विशेष से संबंध नहीं है। यह धर्म, आस्था और अंधविश्वास से परे एक सीधा-सा प्रायोगिक विज्ञान है जो जीने की कला सीखाता है। इसे एक पूर्ण चिकित्सा पद्धति के रुप में भी देखा जाता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने एक स्थान पर कहा है कि योगः कर्मसु कौशलम् अर्थात योग से कर्मों में कुशलता आती है।

गीता में कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग की विशद् मीमांसा की गयी है। बौद्ध धर्म में कहा गया है कि कुशल चितैकग्गता योगः अर्थात कुशल चित की एकाग्रता ही योग है। दूसरी शताब्दी के जैन पाठ तत्वार्थसूत्र के अनुसार योग मन, वाणी और शरीर सभी गतिविधियों का कुलयोग है। भारतीय दर्शन में, षड् दर्शनों में से एक का नाम योग है। भारत में योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है। योग शब्द भारत से बौद्ध धर्म के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण-पूर्व एशिया और श्रीलंका में फैला। सूफी संगीत के विकास में भारतीय योग अभ्यास का काफी प्रभाव है, जहां वे दोनों शारीरिक मुद्राओं आसन व प्राणायाम को अनुकूलित किया है। प्राचीन काल में योग की इतनी अधिक महत्ता थी कि 11 वीं शताब्दी में भारतीय योगपाठ अमृतकुंड का अरबी व फारसी भाषाओं में अनुवाद किया गया। आज दुनिया के सभी देशों में योग की स्वीकार्यता बढ़ी है। चीन, सिंगापुर से लेकर अमेरिका तक में लाखों की संख्या में लोग योगासन कर रहे हैं। चीन में हाल के वर्षों में योग बड़े पैमाने पर लोकप्रिय हुआ है। चिकित्सकों की मानें तो योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर हो रहा है बल्कि मन व मस्तिष्क को शांति भी पहुंच रही है। योग के जरिए दिमाग और शरीर की एकता का समन्वय होता है। योग संयम से विचार व व्यवहार अनुशासित होता है। योग की सुंदरताओं में से एक खूबी यह भी है कि बुढे.या युवा, स्वस्थ या कमजोर सभी के लिए योग का शारीरिक अभ्यास लाभप्रद है। योगाभ्यास से रोगों से लड़ने की शक्ति में वृद्धि होती है। त्वचा पर चमक बनी रहती है और शरीर स्वस्थ, निरोग व बलवान रहता है तथा अंतश में शांति का उद्भव होता है।

भारतीय योग और दर्शन में योग का अत्यधिक महत्व है। सच कहें तो आध्यामिक उन्नति या शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता एवं महत्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक संप्रदायों ने एकमत से स्वीकार किया है। चूंकि योग एक वैज्ञानिक व प्रमाणिक पद्धति है इसलिए न तो अत्यधिक साधनों की जरुरत पड़ती है और न ही अत्यधिक धन खर्च करना पड़ता है। इसके अलावा आधुनिक युग में योग की बढ़ती स्वीकार्यता का एक कारण यह भी है कि लोगों के जीवन में व्यस्तता एवं व्यग्रता का विस्तार हुआ है। अंग्रेजी दवाओं के इस्तेमाल से शरीर में कई किस्म की बीमारियां फैल रही है। जबकि दूसरी ओर योगाभ्यास से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना नगण्य है। भारत के लिए गर्व की बात है कि योग को संयुक्त राष्ट्र संघ के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन 'यूनेस्को' ने भी अपनी प्रतिष्ठित अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरों की सूची में शामिल कर लिया है। उल्लेखनीय है कि यूनेस्को के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरों के दायरे में मौखिक परंपराओं और अभिव्यक्तियों, प्रदर्शन कलाओं, सामाजिक रीतियों-रिवाजों और ज्ञान इत्यादि को रखा जाता है। चूंकि अभी तक योग को खेल की विधा माना जाता था, इसलिए इसे अब तक इस सूची में शामिल होने का मौका नहीं मिला था। लेकिन जब भारत सरकार द्वारा योग को दुनिया भर में स्थापित करने का प्रयास तेज हुआ और संयुक्त राष्ट्र को योग की सार्वभौमिक महत्ता से जुड़े प्रमाणिक दस्तावेज भेजा गया तो इथियोपिया के अदिस अबाबा में हुई संयुक्त राष्ट्र की इंटरगर्वनमेंटल समिति ने भारत के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। उल्लेखनीय है कि योग से पहले भारत की 12 धरोहरें यूनेस्कों की सूची में शामिल हो चुकी हैं-जैसे छाऊ नृत्य, लद्दाख में बौद्ध भिक्षुओं का मंत्रोच्चारण, संकीर्तन-मणिपुर में गाने-नाचने की परंपरा, पंजाब में ठठेरों द्वारा तांब व पीतल के बर्तन बनाने का तरीका और रामलीला इत्यादि।

आज अगर योग को लेकर दुनिया का आकर्षण बढ़ा है और उसके सामर्थ्य और उपयोगिता को पहचाना गया है तो निःसंदेह यह योग की वैज्ञानिक महत्ता का प्रतिफल है। उल्लेखनीय है कि 21 जून 2015 को पहली बार योग दिवस मनाया गया। याद होगा कि 27 सितंबर 2014 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया को योग की महत्ता को समझाया और 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी।

आप की बात

संसाधनों का वितरण

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है।

मनीष कुमार वर्मा, लखनऊ.

उद्यमिता का विकास

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं।

शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.

संक्षेप

दीवार में सेंध लगाकर लाखों की चोरी

बहराइच। थाना हरदी क्षेत्र के पिपरी मोहन गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए दीवार में सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी के चलते परिवार के सभी सदस्य घर की छत पर सो रहे थे। इसी दौरान मौका पाकर अज्ञात चोरों ने घर की दीवार में सेंध लगाई और अंदर घुसकर नगदी समेत कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

सुबह जब परिवार के लोग नीचे उतरे तो घर का सामान बिखरा देख घटना की जानकारी हुई।पीड़ित परिवार ने नगदी और अन्य सामान चोरी होने की बात कही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ ।

सीएम योगी ने रामलला और हनुमानगढ़ी में झुकाया शीश

जिला संवाददाता

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को रामनगरी पहुंचे। उन्होंने यहां विकास की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संकट मोचन के चरणों में हाजिरी लगाई। यहां उन्होंने संतों से भी मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चरणों में भी प्रणाम निवेदित किया।

सीएम योगी रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर पहुंचे, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। रामकथा पार्क से सीएम योगी सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां रामभक्त संकटमोचन हनुमान के दरबार में हाजिरी लगाई और प्रदेश के कल्याण की कामना की।

- मुख्यमंत्री ने संतों से की मुलाकात पूछा कुशलक्षेम

सीएम ने दर्शन-पूजन के उपरांत निकलते समय आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। इसके बाद मुख्यमंत्री यहां अन्य संतों से भी मिले और उनका हालचाल जाना।

इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां विधिवत दर्शन-पूजन भी किया।

वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा का अनावरण

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। सीएम के हाथों चेक, चाबी, स्वीकृति पत्र पाकर लाभार्थी प्रफुल्लित हुए। इसके पहले कामाख्या धाम में सीएम ने वीरांगना झलकारी बाई की अश्वारोही प्रतिमा का भी अनावरण किया। उन्होंने मां कामाख्या धाम स्मारिका का विमोचन भी किया। अयोध्या के विकास कार्यों पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। इसके पहले सीएम ने मां कामाख्या का दर्शन-पूजन कर चरणों में शीश झुकाकर आराधना की।

राज्यमंत्री नगर विकास का आगमन आज

बहराइच। राज्यमंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग, उ.प्र. सरकार श्री राकेश कुमार राठौर (गुरू जी) का 20 जून 2026 को रात्रि 07:40 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों से भेंट वार्ता कर रात्रि विश्राम करेंगे। श्री राठौर 21 जून 2026 को प्रातः 07:00 बजे इन्दिरा गाँधी स्टेडियम पहुंचकर 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। तदोपरान्त प्रातः 08:30 बजे निरीक्षणआकर प्वार्ता कर पूर्वान्ह 10:00 बजे सीतापुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

शीघ्र शुरू हो छात्र-छात्राओं के बीमा का कार्य : डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह

अयोध्या,। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने प्रशासनिक व शिक्षण कार्यों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं की मूलभूत सुविधाओं के प्रति पूरी तरह से सजग हैं। वे निरंतर सभी छात्रावासों के वार्डन के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने एक बार फिर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी के नेतृत्व में सभी छात्रावासों के वार्डन के साथ बैठक की। सभी के साथ बैठक कर कुलपति समय-समय पर छात्रावासों का भ्रमण कर सच्चाई से रुबरु हो रहे हैं।बैठक के दौरान कुलपति ने कहा कि सभी छात्रावासों में साफ-सफाई, खाने की गुणवत्ता व शुद्ध पानी के प्लांट लगाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन छात्रावासों में लाइटें खराब हैं उसे जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। कुलपति ने भीषण गर्मी के मद्देनजर छात्र-छात्राओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए एक अहम निर्णय लिया है। अब छात्र-छात्राएं एक कमरे में एक कूलर लगा सकेंगे। बैठक में उन्होंने यह भी हिदायत दिया कि अगर कोई भी छात्र छात्रावास के अंदर हीटर का प्रयोग करते पाया गया तो उसके खिलाफ प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्रवाई की जाएगी। पिछले कुछ वर्षों से छात्रों के बीमा का कार्य नहीं हो रहा था जिस पर कुलपति ने नाराजगी व्यक्त की। कुलपति ने कहा कि छात्र-छात्राओं के बीमा कराए जाने की कार्यवाही को शीघ्र पूरा करें। उन्होंने वार्डन को निर्देश दिया विश्वविद्यालय के नियम विरुद्ध कार्य करने पर पहले उन्हें नियमों से अवगत कराएं।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को बांटे फल

बाराबंकी। नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी के जन्मदिन पर पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया व जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने सफेदाबाद स्थित मातृ पितृ सदन वृद्धाश्रम में बृजुर्गो में फल वितरण कर शीघ्र स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर श्री पुनिया ने कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार, वोट चोरी तथा भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिस प्रकार राहुल गांधी अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। वह एक महान योद्धा से कम नहीं है। फल वितरण के पश्चात ओबरी आवास पर कार्यकर्ताओ ने केक काटकर नेता प्रतिपक्ष श्री गांधी की दीघार्यु होने की कामना की गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, अजीत वर्मा, शिव बहादुर वर्मा, अखिलेश वर्मा, राम हरख रावत, अनुराग यादव, रमेश कश्यप, श्रीकांत मिश्रा, आनंद गौतम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

60वें स्थापना दिवस पर जिलाध्यक्ष ने बाला साहब ठाकरे और छत्रपति के चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन

बाराबंकी। शिवसेना शिंदे गुट जिलाध्यक्ष किशनलाल रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने कार्यालय पर पार्टी के 60वें स्थापना दिवस पर स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित नमन किया। तथा बाला साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री रावत ने हिंदू समाज के इन विराट महापुरुषों के योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर विवेक अवस्थी, धर्मेंद्र मिश्र, प्रवेश रावत, बाबा कमल दास सहित संगठन कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

एमएलसी अंगद सिंह ने किया राजकीय आईटीआई में स्वच्छता और संगोष्ठी का शुभारंभ

बाराबंकी। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के 9 वर्ष पूर्ण होने पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में स्वच्छता अभियान एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त ग्रे सिम लर्निंग फाउंडेशन के नवीन प्रशिक्षण केंद्र का मुख्य अतिथि ने फीता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात संस्थान परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुये वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

- उत्कृष्ट कार्य करने वालो को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार सिंह, प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह सहित संस्थान समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थी शामिल रहे।

अनुचित लाभ की लालसा में नगर पंचायत खुद कर रही अतिक्रमण

गोसाईगंज-अयोध्या। सपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद वैस अंसारी ने जिलाधिकारी को आई.जी.आर.एस. के माध्यम से मुख्यमंत्री पोर्टल पर भेजे गए शिकायती पत्र में यह आरोप लगाया है। अपने शिकायती पत्र में उन्होंने नगर पंचायत की दुकानों के पुनरुद्धार के नाम पर पांच फीट आगे बढ़कर पिलर लगाते हुए पक्का निर्माण किये जाने पर आपत्ति की है।उन्होंने कहा कि एक तरफ नगर पंचायत पूरी बाजार में लोगों को अतिक्रमण के दायरे में मानती है। और इसके खिलाफ बराबर वह अभियान चलाकर लोगों को टीन शेड, नाली के ऊपर बने चबूतरे को तोड़ देती है। उसके बावजूद स्वयं नगर पंचायत द्वारा अपने परिसर की दुकानें पांच फिट आगे बढ़कर बनाई जा रही हैं। भविष्य में नाला बनने का भी स्थान नहीं रह जाएगा।लोग पार्किंग सड़कों पर करेंगे वैसे भी गोसाईगंज की जनता जाम से त्रस्त है। नगर पंचायत अध्यक्ष लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के स्थान पर समस्या पैदा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत परिसर के सामने बनी दुकानें तथा उसके ठीक सामने सड़क के दूसरी तरफ पूरी तरह से अतिक्रमित हैं।एक शॉपिंग मॉल के द्वारा भी पटरी पर पूरी तरह आक्रमण कर रखा गया है। उसमें भी नगर पंचायत की शह पर ऐसा किया गया था। परोक्ष रूप से अनुचित लाभ लेने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा यह सब किया जा रहा है। उनका बाजार के लोगों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। उनको सिर्फ अपने व्यक्तिगत लाभ से मतलब है। उन्होंने कहा है कि जब लगभग 6 महीने से बोर्ड की कोई बैठक नहीं हुई तो इसका प्रस्ताव कैसे पास हुआ और किस आधार पर यह निर्माण कराया जा रहा है? किसके आदेश से कराया जा रहा है? यह स्वयं अपने आप में जांच का विषय है। सपा नेता श्री अंसारी ने जिलाधिकारी से इसकी उच्च स्तरीय जांच करा कर हो रहे अतिक्रमण को रोकने एवं अप्रत्यक्ष रूप एंव विधिविरूदध किए जा रहे कार्य की एवं भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग की है ।

राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया गया

बहराइच। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर बहराइच कांग्रेस जनों ने पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक बहराइच एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जीतेंद्र प्रताप सिंह 'जीतू', शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिर्जा तारिक बेग तथा पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में विभिन्न जनसेवा एवं संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम के प्रथम चरण में कांग्रेसजनों ने जिला अस्पताल के चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती बच्चों को बिस्कुट वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके उपरांत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत कपूरथला स्थित इंदिरा गांधी उद्यान में अशोक का वृक्ष रोपित कर ₹राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान एवं बूथ स्तरीय चौपाल₹ का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि यह अभियान समर्पित कांग्रेस जन, जिला कांग्रेस कमेटी बहराइच, शहर कांग्रेस कमेटी बहराइच तथा विभिन्न फ्रंटल संगठनों एवं प्रकोष्ठों के सहयोग से जनपद के सभी बूथों पर संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकताओं को सक्रिय करना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा आम जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर वृक्षारोपण के साथ-साथ बूथ स्तरीय चौपाल आयोजित कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान की जाएगी !कार्यक्रम में महसी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. राजेश तिवारी, जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल सिंह एडवोकेट, इंद्र कुमार यादव, भारतीय युवा कांग्रेस मध्य यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष शरीफ बाबू खान, प्रदेश महासचिव भावेश पाठक, पूर्व प्रदेश महासचिव मानवाधिकार विभाग मूलचंद, शहर महासचिव इंदू गौतम, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष फरीद हुसैन, शीबू खान, सेवादल कार्यवाहक अध्यक्ष विष्णु यादव, राम नरेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

अंत में सभी कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों, कार्यकताओं, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण एवं संगठन सशक्तिकरण के इस अभियान में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता कर इसे सफल बनाने का आग्रह किया गया।

स्वसाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय और महर्षि बालार्क चिकित्सालय का किया निरीक्षण

बहराइच, 19 जून। शासन के आदेश पर राज्य स्तरीय परिवार नियोजन टीम ने मेडिकल कॉलेज बहराइच के महर्षि बालार्क चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी ली। मेडिकल कॉलेज पहुंची टीम ने सर्वप्रथम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रो. संजय खत्री से मुलाकात की। तदोपरान्त टीम के सदस्य ओमप्रकाश एवं अन्य सदस्यों ने एमसीएच विंग के लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर (ओटी) एवं विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विगत वर्ष में हुए कुल प्रसवों, उपलब्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों (गायनोकोलॉजिस्ट) तथा मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की गई।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं स्त्री-प्रसूति संबंधी सुविधाओं का मूल्यांकन कर उनमें सुधार की संभावनाओं को चिन्हित करना तथा आवश्यक बिंदुओं को शासन स्तर पर प्रेषित करना था। टीम ने विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध सभी चिकित्सीय सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। राज्य स्तरीय टीम द्वारा संस्थान में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस. के. वर्मा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की इंचार्ज डॉ. शिवांगी, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ मेघा, अन्य संकाय सदस्य, चिकित्सालय प्रबंधक, नर्सिंग अधीक्षिका तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला संपन्न

बहराइच । प्रधानमंत्री जी के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के तहत शासन व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कपूरथला परिसर स्थित उत्थान ऑडिटोरियम में आयोजित 02 दिवसीय कार्यशाला के अन्तिम दिन आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। डॉ. गोंड ने किसानों का आहवान किया कि प्राकृतिक खेती अपनाने की दिशा में आगे बढ़े।

सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भारतवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि के लिए केन्द्र व राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत हैं और अनेकों योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहाकि हमें पंजाब से सबक लेना होगा जहां के किसान बड़ी मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का प्रयाग कर अत्यधिक उत्पादन प्राप्त कर रहे थे। परन्तु आज पंजाब के खेत ऊसर हो गये हैं। डॉ. गोंड ने किसानों का सुझाव दिया कि कम से कम आधे खेत में जरूर प्राकृतिक खेती करें। प्राकृतिक खेती के माध्यम से प्राप्त उत्पादन की बाजार में बहुत मांग है जिसके कारण यह सामान्य अनाज के मुकाबले काफी अधिक कीमत में बिकता है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने मानव स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए हमें प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगा। श्री पाण्डेय ने किसानों को सुझाव दिया कि मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। खेती किसानी में गोबर आधारित जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ाये तथा रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कम से कम करें। एमएलसी पदमसेन चौधरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए किसानों को बताया कि वे स्वयं पूर्व में गेहूं, धान की खेती अच्छी तरह से करते थे। गेहूं की फसल के बाद ढैंचा सनई का उपयोग करता था, जिससे उत्पादन 4 से 5 कु. प्रति बीघे उत्पादन प्राप्त करता था। उन्होंने कृषकों को प्राकृतिक खेती के साथ साथ कीट/रोग नियन्त्रण हेतु लाइट ट्रैप, स्टिकी स्टिक को प्रयोग करने तथा फार्मर आईडी बनवाये जाने का भी सुझाव दिया।

रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में योग शिविर का आयोजन

बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए उनके शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था।योग शिविर में पुलिस अधीक्षक ने स्वयं उपस्थित होकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मबल एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का भी सशक्त साधन है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में सहभागिता करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग शिविर में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं ध्यान संबंधी विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया गया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

पुलिस अधीक्षकने बताया कि पुलिस कर्मी दिन-रात समाज की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनका शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास तनाव को कम करने, कार्यक्षमता बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

पीडीए आरक्षण घोटाले को लेकर सपाइयों ने की प्रेस वार्ता

घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग

जिला संवाददाता

बाराबंकी। भाजपा सरकार ने संविधान की मूल भावना एवं सामाजिक न्याय की अवधारणा को कमजोर करते हुए पिछड़ा, दलित एवं आधी आबादी (पीडीए) समाज के आरक्षण अधिकारों पर लगातार हमला किया है। विभिन्न भर्तियों में आरक्षण नियमों की अनदेखी कर हजारों आरक्षित पदों को पीडीए समाज के युवाओं से वंचित करने का कार्य किया गया है। उक्त उद्गार छाया चौराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता मे पीडीए आरक्षण घोटाले को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने कही। प्रेस वार्ता मे पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने मीड़िया से रुबरु होते हुये कहा कि सरकार ने कुल विज्ञापन भर्तिया 22 निकाली। जिसमें सरकार के आरक्षण के अनुसार पीडीए को 46.817 प्लस पद वास्तव में मिलने थे। लेकिन मिले मात्र 35.303 इसमें पीडीए से 11.514 छीन लिये गये। इसी प्रकार 69000 शिक्षक भर्ती सहित विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण की खुली लूट हुई है। पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा भी आरक्षण के सही अनुपालन न होने की बात स्वीकार की जा चुकी है, लेकिन सरकार दोषियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को जिसे समाजवादी पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। सामाजिक न्याय, समान अवसर और संविधान की रक्षा के लिए पार्टी का संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक छात्रों नौजवानों बेटे बेटियों कौन के अधिकार नहीं मिल जाते। प्रदेश में हुई भर्तियों में वन और वन्य जीव संरक्षक भर्ती में 88 पदों की एडिट जूनियर हाई स्कूल की शिक्षक भर्ती में 547 पदों की लूट की गई समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता सरकार की इस लूट के खिलाफ निरंतर आवाज बुलंद करता रहेगा। प्रेस वार्ता मे सभी नेताओं ने एक स्वर में भाजपा सरकार से पड़ा आरक्षण घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की। प्रेस वार्ता मे रामनगर विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई, सदर विधायक धर्मराज सिंह, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक राम मगन रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, प्रीतम सिंह वर्मा, अजय वर्मा बबलू, प्रदुमन यादव, आशीष सिंह आर्यन आदि मौजूद रहे।

- भाजपा सरकार के आरक्षण विरोधी चेहरे को गांव-गांव, घर-घर जाकर जनता के सामने करेगी उजागर

गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाकर भाजपा सरकार के आरक्षण विरोधी चेहरे को जनता के सामने उजागर करेगी। पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ने कहा कि गरीब कमजोर वर्गों को मिलने वाला आरक्षण कोई दया नहीं बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार है। भाजपा सरकार द्वारा पीडीए समाज के अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

अमरनाथ में लगने वाला भंडारा 3 ट्रकों में आज होगा रवाना, तैयारियां पूर्ण

बाराबंकी। अमरनाथ में बालटाल जम्मू और कश्मीर में दूसरा सर्वाधिक ऊंचाई पर लगने वाला यूपी का एक मात्र भंडारा जनपद की श्री बर्फानीश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा लगाया जाता है। 13500 फीट की ऊंचाई पर लगने वाले इस भंडारे की तैयारी लगभग 2 माह पहले शुरू हो जाती है। समिति प्रधान अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने बताया कि प्रदेश भर से समिति में जुड़े लोग अपनी सेवाएं देते है। इसी क्रम में विगत 12 वर्षों से निरंतर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष समिति के द्वारा 13वे विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए लंगर प्रस्थान की पूजा नागेश्वरनाथ मंदिर में विधिवत की जाएगी।

- गांजे - बांजे के साथ शहर में निकलेगी यात्रा, जगह - जगह किया जायेगा स्वागत

उसके बाद पवित्र अमरनाथ गुफा मार्ग पर लगने वाला लंगर प्रस्थान कराया जाएगा। जानकारी देते हुये समिति अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 2 ट्रक भरके लंगर प्रस्थान किया जाता रहा है। लेकिन इस वर्ष 3 ट्रक में भरकर लंगर रवाना किया जा रहा है।

संक्षेप

सीओएआई की वार्षिक आम बैठक संपन्न

नई दिल्ली। सीओएआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपनी वार्षिक आम बैठक सफलतापूर्वक संपन्न की। इस बैठक में इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की समीक्षा, उभरती प्राथमिकताओं पर चर्चा करने और भारत के डिजिटल संचार पारितंत्र को मजबूत करने की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा के लिए सीओएआई के सदस्य एकत्रित हुए। इस बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए सीओएआई नेतृत्व की भी घोषणा की गई। भारती एयरटेल के मुख्य नियामकीय अधिकारी के तौर पर वह कंपनी के सरकारी संबंधों, मोबिलिटी, ब्रॉडबैंड, डीटीएच, डेटा सेंटर्स, सबमैरिन केबल्स, अंतरराष्ट्रीय अनुषंगियों और डिजिटल कारोबारों में नीति एवं नियामकीय कार्यों का नेतृत्व करते हैं। राहुल वत्स दूरसंचार उद्योग के दिग्गज हैं जिन्हें दूरसंचार एवं प्रसारण लाइसेंसिंग, आर्थिक नियमन, स्पेक्ट्रम प्रबंधन और नियामकीय मुकदमों का 29 वर्षों का अनुभव है। भारती एयरटेल के मुख्य नियामकीय अधिकारी के तौर पर वह कंपनी के सरकारी संबंधों, मोबिलिटी, ब्रॉडबैंड, डीटीएच, डेटा सेंटर्स, सबमैरिन केबल्स, अंतरराष्ट्रीय अनुषंगियों और डिजिटल कारोबारों में नीति एवं नियामकीय कार्यों का नेतृत्व करते हैं।

31 छात्रों का टेक प्रोग्राम्स में चयन

नई दिल्ली। पोलारिस स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी के 31 छात्रों ने दुनिया के दो सबसे प्रतिष्ठित ओपन-सोर्स कार्यक्रमों – गूगल समर ऑफ कोड 2026 और लिनक्स फाउंडेशन एलएफएक्स मेंटरशिप प्रोग्राम – में चयन हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। चयनित छात्रों में मध्य प्रदेश के बालाघाट, असम के जोरहाट, ओडिशा के पुरी, पश्चिम बंगाल के रानाघाट, उत्तर प्रदेश के सादाबाद और कर्नाटक के मंड्या जैसे छोटे शहरों और कस्बों से आने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग प्रतिभा भारत के हर हिस्से में मौजूद है। सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर छोटे शहरों के छात्र भी वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

एचसीएलटेक ग्रांट के 12वें संस्करण की घोषणा

नई दिल्ली। एचसीएल फाउंडेशन ने ग्रामीण भारत में स्थायी, समुदाय-नेतृत्व वाले बदलाव लाने के लिए भारत में गैर-लाभकारी संगठनों को एक मंच प्रदान करने के लिये एचसीएलटेक ग्रांट के 12वें संस्करण की घोषणा की। एक सम्मानित जूरी द्वारा चुने गए एनजीओ को जल, जैव विविधता, स्वास्थ्य और शिक्षा के विषयों पर सतत ग्रामीण विकास में परिवर्तनकारी परियोजनाओं के लिए कुल 24 करोड़ प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक श्रेणी से चार विजेता एनजीओ को 5-5 करोड़ मिलेंगे, जबकि आठ अन्य एनजीओ को उनकी प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए 50-50 लाख मिलेंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2026 है। एचसीएलफाउंडेशन में, हमारा मानना है कि कुछ सबसे परिवर्तनकारी समाधान उन जमीनी संगठनों से निकलते हैं जो उन समुदायों से गहराई से जुड़े होते हैं जिनकी वे सेवा करते हैं।

सिग्निफाई ने दी मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व के प्रयासों को मजबूती

नोएडा |BrighterLivesBetterWorl विजन के साथ आगे बढ़ते हुए, सिग्निफाई ने ग्रामीण समुदायों को सुरक्षित, सशक्त और टिकाऊ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। कंपनी ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल सिग्निफाई हर गांव रोशन के तहत, उत्तर प्रदेश के दुधवा नेशनल पार्क में आयोजित मानव-पशु संघर्ष चुनौतियां और भविष्य की रणनीति कार्यक्रम में इस संकल्प को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान सिग्निफाई हर गांव रोशन सीएसआर पहल से जुड़े ये प्रमुख अपडेट साझा किए गए। तराई क्षेत्र में प्रभावः 2019 से अब तक जंगलों के किनारे बसे 400 से ज्यादा गांवों तक सफलतापुर्वक लाभ पहुंचाया गया है। प्रदेश के 400 गांवों में 9,000 से अधिक एलईडी स्ट्रीटलाइट्स लगाई गई हैं। भविष्य की योजनाएंः सिग्निफाई ने कतर्नियाघाट क्षेत्र के उन 67 गांवों में 1500 अतिरिक्त एलईडी स्ट्रीटलाइट्स लगाने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट पेश किया, जहां मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं सबसे ज्यादा होती हैं। दुधवा नेशनल पार्क में हाल ही में हुए प्रोजेक्ट के असर को दर्शाती एक कॉफी टेबल बुक भी लॉन्च की गई।

सेंसेक्स में 607 अंकों की गिरावट

मुंबई। वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एक्सेंचर के सतर्क आय अनुमान और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार पांच दिनों की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 607 अंक और निफ्टी में 155 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों के मुताबिक, स्विट्जरलैंड में अमेरिका-ईरान शांति समझौते को अंतिम रूप देने के लिए प्रस्तावित वार्ता के टलने से उत्पन्न नई अनिश्चितता ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 607.08 अंक यानी 0.78 प्रतिशत टूटकर 76,802.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 940.26 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 154.90 अंक यानी 0.64 प्रतिशत गिरकर 24,013.10 अंक पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू बाजारों में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई। इससे पहले के पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 3,577.43 अंक यानी 4.84 प्रतिशत और निफ्टी 1,006.4 अंक यानी 4.34 प्रतिशत चढ़ गया था। शुक्रवार को सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर 6.69 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 3.53 प्रतिशत, एचसीएलटेक 2.74 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 2.45 प्रतिशत नीचे बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड और एनटीपीसी जैसे शेयर बढ़त में रहे। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में गिरावट आने से बीएसई आईटी सूचकांक 3.57 प्रतिशत लुढ़क गया। आईटी शेयरों में तेज बिकवाली के साथ वैश्विक अनिश्चितता फिर से बढ़ने के बीच भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने मुनाफावसूली की। एक्सेंचर के सतर्क आय पूर्वानुमान के बाद बाजार धारणा प्रभावित हुई, जबकि अमेरिका-ईरान वार्ता के टलने से व्यापक शांति प्रक्रिया के सुचारू रूप से आगे बढ़ने की उम्मीदों को झटका लगा। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.62 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.42 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड 3.57 प्रतिशत गिर गया जबकि फोकस आईटी खंड में 2.81 प्रतिशत, तेल एवं गैस खंड में 1.21 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में एक प्रतिशत की गिरावट रही। मानक सूचकांकों में गिरावट की वजह आईटी शेयरों में बिकवाली रही, जो एक्सेंचर के अपेक्षा से कमजोर परिदृश्य के बाद देखी गई।

रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 94.34 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया शुक्रवार को शुरुआती बढ़त खोते हुए अंत में छह पैसे मजबूत होकर 94.34 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने निवेशकों की धारणा पर दबाव डाला।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया शुरुआत में सकारात्मक रुख के साथ खुला था। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में तेजी आने की उम्मीद के बीच घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। हालांकि, अमेरिकी-ईरान शांति समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच बाजार धारणा कमजोर हो गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.30 पर खुला। कारोबार के दौरान 94.20 से 94.52 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंततः यह 94.34 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की बढ़त है। रुपया बृहस्पतिवार को 10 पैसे मजबूत होकर 94.40 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया एशिया के अन्य प्रमुख देशों की मुद्राओं के बीच बेहतर बना हुआ है, जिसे पूंजी प्रवाह में तेजी एवं कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बल मिला है। जोखिम-उन्मुख धारणा के फिर से हावी होने के साथ, हमारा मानना है कि डॉलर प्रवाह के आधार पर स्थानीय रुपया 94 के स्तर की ओर बढ़ेगा। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.90 से 94.10 के बीच रह सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.76 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 607.08 अंक की गिरावट के साथ 76,802.90 अंक पर जबकि निफ्टी 154.90 अंक टूटकर 24,013.10 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79.33 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 1,025.20 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

सेबी के निदेशक मंडल ने खुले बाजार से शेयर पुनर्खरीद दोबारा शुरू करने की मंजूरी दी

मुंबई। बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को कई प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनमें शेयर बाजार के जरिए खुले बाजार से शेयर पुनर्खरीद को फिर शुरू करना, म्यूचुअल फंड के लिए इंट्रा-डे यानी कारोबार के दौरान उधारी मानकों में ढील और निवेशक की मृत्यु के बाद प्रतिभूतियों के हस्तांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाना शामिल है।

इसके अलावा, निदेशक मंडल ने वैकल्पिक निवेश कोष द्वारा योजनाओं की शुरुआत में तेजी लाने के लिए हरित-चैनल व्यवस्था गरुड़ स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के तहत एआईएफ अपने नियोजन मेमोरेंडम दाखिल करने के 10 कार्यदिवस के भीतर धन जुटाना शुरू कर सकेंगे, जबकि वर्तमान में यह अवधि 30 दिन है। सेबी के निदेशक मंडल ने कृषि जिंस डेरिवेटिव्स कारोबार को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से उपायों को भी मंजूरी दी। बैठक में नियामक ने शेयर बाजार के माध्यम से खुले बाजार से शेयर पुनर्खरीद को तेज क्रियान्वयन समयसीमा के साथ फिर से शुरू करने का फैसला किया। इस पुनर्खरीद पद्धति को फिर से लागू करने से कंपनियों को शेयर पुनर्खरीद के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। साथ ही सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए समान अवसर और कर उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.98 अरब डॉलर घटा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जून को समाप्त सप्ताह में 9.98 अरब डॉलर घटकर 671.62 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 12 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 84.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 544.29 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 10.75 अरब डॉलर घटकर 103.82 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.69 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित कोष की स्थिति 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.81 अरब डॉलर रही।

भारत-ब्रिटेन एफटीए महज व्यापार तक सीमित नहीं

पेरिस। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) केवल व्यापार और प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के लोगों के लिए कई नए अवसर खोलेगा।

मिस्री ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जी7 शिखर सम्मेलन के इतर फ्रांस में हुई द्विपक्षीय बैठकों में व्यापार, प्रौद्योगिकी, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा प्रमुख विषय रहे। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापक आर्थिक एवं व्यापार साझेदारी समझौते (सीईटीए) को 15 जुलाई से लागू करने की घोषणा की। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते पर पिछले वर्ष दोनों प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर हुए थे और अब यह समझौता 15 जुलाई से प्रभावी होगा। यह एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार के साथ द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण प्रगति है। उन्होंने बताया कि इस समझौते से मौजूदा 48 अरब पाउंड के वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है और इसका प्रभाव व्यापक भारत-ब्रिटेन संबंधों पर भी पड़ेगा। मिस्री ने कहा कि दोनों देशों के उद्योग जगत इस समझौते के लागू होने को लेकर काफी उत्साहित हैं।

सोना 2840 रुपये गिरा, चांदी भी फिसली

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही और यह 2,840 रुपये टूटकर 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गयी। वहीं, चांदी की कीमत 8,040 रुपये लुढ़क कर 2.4 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के दो महीने से अधिक के निचले स्तर पर रही। मुख्य रूप से डॉलर के मजबूत होने से कीमती धातुओं में बिकवाली हुई है।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,840 रुपये टूटकर 1,50,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रही। बृहस्पतिवार को यह 1,53,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी। चांदी में भी बड़ी गिरावट देखी गई और यह 8,040 रुपये टूटकर 2,40,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गयी। पिछले सत्र में यह 2,48,740 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी ने सात अप्रैल को भी इसी स्तर के आसपास कारोबार किया था। उस समय इसकी कीमत 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। विश्लेषकों का कहना है कि सर्राफा बाजार दबाव में रहा क्योंकि निवेशकों ने डॉलर को प्राथमिकता दी। ऐसी संभावना है कि अमेरिका की प्रमुख ब्याज दर लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती है। शुक्रवार को सोने की कीमत दबाव में रही क्योंकि डॉलर की मजबूती बाजार की धारणा पर नकारात्मक असर डाल रही है। डॉलर सूचकांक एक साल के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह हाल की गिरावट इस साल की शुरुआत में देखे गए रिकॉर्ड उच्च स्तर से एक बड़ा बदलाव है और सोना अब लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट की ओर बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोने की कीमत 60.70 डॉलर यानी 1.44 प्रतिशत टूटकर 4,148.45 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी की कीमत 1.51 प्रतिशत टूटकर 64.73 डॉलर प्रति औंस रही। विश्लेषकों का कहना है कि बाजार धारणा इस हफ्ते की शुरुआत में घोषित अमेरिका-ईरान शांति समझौते के अगले चरण को लेकर बनी अनिश्चितता से भी प्रभावित हुई है।

आरबीआई के वीआरआर नीलामी में बैंकों की मांग सुस्त, अधिशेष नकदी घटने के बावजूद उत्साह नहीं

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक लाख करोड़ रुपये की तीन दिन की परिवर्ती दर रेपो (वीआरआर) नीलामी को शुक्रवार को बैंकों की सुस्त प्रतिक्रिया मिली जो अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता का संकेत देती है।

केंद्रीय बैंक को वीआरआर नीलामी में बैंकों से एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 16,750 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। आरबीआई ने नीलामी में पूरी राशि को 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ और भारित औसत दर पर स्वीकार कर लिया। बैंकिंग प्रणाली में नकदी की स्थिति अधिशेष में बनी रही, हालांकि इसका स्तर अपेक्षाकृत कम रहा। आरबीआई के पास उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 18 जून तक प्रणाली में नकदी अधिशेष करीब 19,163.11 करोड़ रुपये रहा। पिछले दिन की तुलना में नकदी की स्थिति में मामूली सुधार हुआ, लेकिन यह अब भी कम स्तर पर बनी रही, जो बैंकिंग प्रणाली में अपेक्षाकृत सख्त परिस्थितियों को दर्शाती है। वीआरआर नीलामी में कम भागीदारी यह संकेत देती है कि आरबीआई द्वारा परिवर्तनीय दर रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी समर्थन दिए जाने के बावजूद बैंकों में अल्पकालिक धन की मांग सीमित रही। आरबीआई अल्पकालिक नकदी प्रबंधन और ओवरनाइट दरों को नीतिगत दर गलियारे के अनुरूप बनाए रखने के लिए वीआरआर नीलामियां आयोजित करता है। यह वीआरआर की व्यवस्था के तहत बैंकों को अलग-अलग ब्याज दरों पर बोली के जरिये पैसा उधार देता है। नकदी दबाव को कम करने और ओवरनाइट मनी मार्केट दरों को नियंत्रित रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के जरिए करीब 1.89 लाख करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

पेज एक का शेष

अब तक

रुपये का प्रावधान किया है और दो वर्षों में 3.5 करोड़ रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा है।

इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को 15,000 रुपये तक की सहायता दी जाती है, जबकि उनके नियोक्ताओं को प्रति नए कर्मचारी पर प्रति माह 3,000 रुपये तक का प्रोत्साहन मिलता है। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के लिए संचालित इस योजना के तहत मिलने वाले लाभ की अवधि को चार वर्ष तक बढ़ा दिया गया है।

अमेरिका-ईरान

है। इससे हॉर्मुज जलमार्ग अंतरराष्ट्रीय नौवहन खुल गया है। समझौत का उद्देश्य तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए अमेरिका और ईरान को फिर से एक साथ लाना भी है। इस जलमार्ग पर ईरान के कड़े नियंत्रण की वजह से तेल की आवाजाही लगभग रुक गई थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने यह समझौता इसलिए किया ताकि अमेरिका में आर्थिक संकट से बचा जा सके, क्योंकि युद्ध के कारण तेल की कीमतें बहुत बढ़ गई थीं, वित्तीय बाज़ार अस्थिर हो गए हैं और महंगाई बढ़ गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइली बल तब तक लेबनान से नहीं हटेंगे जब तक हिज्बुल्ला से उत्पन्न खतरे को समाप्त नहीं कर दिया जाता। ट्रंप ने बुधवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वर्साय पैलेस में रात्रिभोज के दौरान ईरान के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जो तत्काल प्रभाव से लागू हुआ। समझौते के बाद उपराष्ट्रपति वेंस ने इजराइल को चेतावनी देते हुए कहा था कि राष्ट्रपति ट्रंप इस समय दुनिया कें एकमात्र ऐसे नेता हैं जो इजराइल के प्रति सहानुभूति रखते हैं।

इजराइल व

इस संबंध में तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। इजरायल के राष्ट्रपति नेतनयाहू ने भी शांति समझौते का स्वागत किया है।

एसआईटी

रामभक्त उसे उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ लड़ते थे और बलिदान देते थे। पीएम मोदी के सानिध्य में भगवान रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ और अयोध्या का गौरव बढ़ा। सीएम ने कहा कि 2017 में जब प्रधानमंत्री मोदी जी ने मुझे सरकार बनाने के लिए भेजा तो अयोध्या का हाल देखकर पीड़ा हुई। संकरी गलियां, गंदगी का अंबार, केवल पांच-छह घंटे बिजली, राम की पैड़ी में सरयू मैया का ठहरा जल था। हर कोई कोसता था, तब सरकार ने 2017 में दीपोत्सव का आयोजन किया। आज इसमें लाखों लोग सहभागी बनते हैं। सीएम ने कहा कि अयोध्या चारों ओर से फोरलेन और रेलवे की डबल लाइन से जुड़ चुकी है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बन गया है। जिन्हें महर्षि वाल्मीकि के नाम से चिढ़ थी, अयोध्या का विरोध करते थे। वही लोग आज फिर समाज में जहर घोलकर अयोध्या को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्हें इस बात की नाराजगी है कि रैन बसेरा निषादराज के और भोजनालय निर्माण मां शबरी के नाम पर क्यों हुआ। ये लोग कभी राम के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न उठाते थे और भक्तों पर लाठी-गोली चलाते थे। सीएम ने कहा कि आज की अयोध्या में सब कुछ है। यह सोलर सिटी बन गई। देश-दुनिया का हर सनातन धर्मावलंबी अयोध्या आ रहा है। नगर निगम ने नवाचार करते हुए पीपीपी मोड पर शानदार रामायण वैक्स म्यूजियम बनाया है। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान नगर निगम के साथ मिलकर निजी संस्था ने स्क्रैप का इस्तेमाल कर द्वादश ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति को लेकर शिवालिक पार्क बनाया था। उसके निर्माण में जितना खर्च हुआ था, उससे अधिक आय महाकुंभ के दौरान एक महीने के अंदर हुई। आज भी वहां सर्वाधिक भीड़ होती है। झांसी में ब्रह्मांड के नवग्रहों को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया गया। मुरादाबाद में रामायण वाटिका व संविधान वाटिका देखने को मिली। हर नगर निगम नया काम कर रहा है। अयोध्या में नगर निगम ने रामायण वाटिका के नाम पर अच्छा प्रयास किया है। सीएम ने यहां स्क्रीन लगाने का भी सुझाव दिया। दर्शक जहां पहुंचें, रामायण की चौपाई भी सुनाई दे। सीएम ने कहा कि अयोध्या के विकास में सरकार ने कभी पैसे की कमी नहीं होने दी। 35 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं अयोध्या के लिए दी हैं। योजनाओं की समीक्षा और नई कार्ययोजना के लिए जल्द ही फिर आऊंगा। जो चीजें बनीं हैं, उसके संरक्षण के साथ ही सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा के लिए लोगों को जागरूक कर पाएंगे तो भावी पीढ़ी लंबे समय तक उसका उपभोग कर पाएगी। सीएम ने नगर निगम की सराहना की। बोले कि आज की परियोजना में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, ट्रैफिक मैंनेजमेंट सिस्टम, अमृत स्कीम, सौंदर्यीकरण, पुनरुद्धार, स्मार्ट सिटी, जोनल कार्यालय के उद्घाटन समेत अनेक चीजें अयोध्या नगर निगम को प्राप्त हो रही हैं। कुछ नयापन देकर ही लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर पाएंगे। सीएम ने अयोध्या के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता को बनाए रखने का आह्वान किया। बताया कि अल-नीनो के प्रभाव से जल संकट आएगा। ऐसे में जल संरक्षण के उपाय करें और प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर नागरिक ह्यएक पेड़ मां के नामह्न पर छायादार, फलदार, औषधि, इमारती लकड़ी वाले पौधे अवश्य लगाएं। इसके साथ ही यहां रामायणकालीन वाटिका भी स्थापित की जाए। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली सफाई कर्मचारियों ललिता देवी, रागिनी, गीता देवी का सम्मान किया। इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव, अभय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, रामू प्रियदर्शी, इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू आदि मौजूद रहे।

मां पाटेश्वरी देवी

ने मुख्यमंत्री को विभिन्न विकास परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति के बारे में रिपोर्ट दी। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की करीब 50-50 करोड़ की विकास परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विकास परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा की।

प्रौद्योगिकी ने

तक बना रहेगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि इसका महत्व अतीत में भी था, अब भी है और भविष्य में भी बना रहेगा। सिंह ने कहा कि आज एल्युमीनियम एक्सट्रूज़न प्रेस का भूमि पूजन देश की बदलती सोच को दर्शाता है। रक्षामंत्री ने कहा कि जिन चीज़ों के लिए भारत को कभी दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता था, वे अब देश में ही बन रही हैं और उन्हें देश के लोग ही बना रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह ज़रूरी है, क्योंकि हम सभी आज दुनिया के हालात साफ तौर पर देख सकते हैं। जब युद्ध हो रहा होता है, तो पूरी आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती है। ऐसे समय में, यह स्वाभाविक है कि हर देश यह चाहेगा कि उसकी सुरक्षा से जुड़ी ज़रूरी चीज़ें उसके अपने नियंत्रण में रहें और उनका उत्पादन उसके अपने लोग ही करें। उन्होंने कहा कि जो देश अपनी जरूरतें खुद पूरी कर सकता है, वह पूरे भरोसे और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत का दृष्टिकोण इसी सोच पर आधारित है।

सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन 2025-26 में बढ़कर रिकॉर्ड 1,78,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा हो गया है, जो 2014 में महज 46,000 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि 2014 में भारत का रक्षा निर्यात लगभग 1,000 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 40,000 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल आंकड़ों में वृद्धि नहीं है, बल्कि भारत के कौशल और आत्मविश्वास की क्षमता भी प्रदर्शित करती है। हमने अगले दो से तीन वर्षों में तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य रखा है और इसे तय समय-सीमा से पहले ही हासिल कर लिया जाएगा। सिंह ने आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में वाईआईएल के अहम योगदान की तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि बदलते समय और नयी प्रौद्योगिकी को देखते हुए प्रणाली को मज़बूत और ज़्यादा चुस्त बनाने के लिए आयुध फैक्टरी बोर्ड (ओएफबी) का निगमीकरण किया गया था, और वाईआईएल उसी बदलाव का नतीजा है। रक्षामंत्री ने कहस, निगमीकरण के बाद, हमने यह परिकल्पना की थी कि नयी संस्थाओं को कामकाज में पर्याप्त आज़ादी मिलेगी और उन्हें नवोन्मेष, जोखिम उठाने, अनुसंधान और निर्यात के क्षेत्र में बेहतर करने के अवसर मिलेंगे।

अनियमितता के

नोटिसों को खान अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा बिना पर्याप्त साक्ष्य और वैध आधार के निरस्त कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में उनके द्वारा दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने तथा सत्यनिष्ठा पर प्रश्नचिह्न लगने संबंधी तथ्य सामने आए हैं। इन तथ्यों के आधार पर अभिषेक सिंह को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई संस्थित की गई है। माला श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण में संबंधित धनराशि की नियमानुसार वसूली सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी कुशीनगर को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य कर रही है। विभागीय स्तर पर पारदर्शिता, जवाबदेही और राजस्व हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। अनियमितताओं में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों एवं व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

हरिद्वार भूमि

एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए गए तथ्यों के आधार पर कुल 10 व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी। इनमें तत्कालीन नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों तथा भूमि लेनदेन से जुड़े निजी पक्षों को शामिल किया गया है। शासन का मानना है कि यदि सरकारी धन के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता या मिलीभगत सामने आती है तो उसके लिए जिम्मेदार सभी पक्षों की जवाबदेही तय की जानी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता पारदर्शी, जवाबदेह और जनहित आधारित प्रशासन सुनिश्चित करना है। उन

क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में राहुल, जायसवाल और राणा पर रहेगी नजर

चेन्नई। पहले दो मैच में धमाकेदार जीत से उत्साहित भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी जिसमें केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन पर नजर रहेगी।

राहुल की वनडे टीम में जगह को लेकर कभी कोई संदेह नहीं रहा है, लेकिन जायसवाल शीर्ष क्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अपनी जगह पक्की करने के लिए बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। जायसवाल ने 2025 के बाद वनडे टीम में वापसी की है लेकिन वह लखनऊमें अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे मैच में केवल चार रन ही बना पाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इससे पहले जो आखिरी वनडे खेला था उसने उन्होंने विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 116 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद स्थिति काफी बदल गई है और अब ईशान किशन की वापसी ने शीर्ष क्रम में एक और दावेदार को जोड़ दिया है। किशन ने लखनऊमें शतक लगाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। कप्तान शुभमन गिल ने जायसवाल को जगह देने के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की और शतक जड़ा।

लेकिन जब विराट कोहली मांसपेशियों में खिंचाव से उबरने के बाद वापसी करेंगे तो उनका तीसरे नंबर पर खेलना पक्का है। इससे गिल के पास रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। किशन और श्रेयस अय्यर क्रमशः चौथे और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में जायसवाल को सीमित अवसरों का पूरा फायदा उठाना होगा।

जायसवाल के लिए इस मैच में बड़ा स्कोर बनाना बेहद जरूरी है क्योंकि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की वनडे टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति एक और असफलता को शायद ही बर्दाश्त करेगी। अगर चयनकर्ता सूर्यकुमार यादव को टी20 विश्व कप में टीम को जीत दिलाने के बावजूद टीम से बाहर कर सकते हैं तो अन्य खिलाड़ियों को भी नहीं बख्शा जा सकता है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि जायसवाल की वनडे में किस्मत उनके हाथ में ही है। राहुल का मामला बिल्कुल अलग है। लंबे अंतराल के बाद भारतीय टीम में अय्यर की वापसी का मतलब है कि 34 वर्षीय राहुल को अब अधिकतर मौकों पर छठे नंबर पर बल्लेबाजी करनी होगी। राहुल लंबे समय तक पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने इस पोजीशन पर अच्छा प्रदर्शन भी किया है। उन्होंने पांचवें नंबर पर खेलते हुए 38 मैचों में 63.2 के औसत से 1517 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। इसके विपरीत छठे नंबर पर उन्होंने 15 मैचों में 41.5 की औसत से 332 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। बीसीसीआई ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद इस मैच के लिए हर्षित राणा को टीम में शामिल किया है। यह तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह ले सकता है, जिन्होंने इस श्रृंखला में अभी तक दोनों मैच खेले हैं। इससे भारत को चोटिल नीतीश कुमार रेड्डी की अनुपस्थिति में निचले क्रम में एक उपयोगी बल्लेबाज का विकल्प भी मिलेगा। इससे टीम प्रबंधन को ब्रिटेन के दौरे से पहले उनकी फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने का मौका मिलेगा। जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है तो उसने इस श्रृंखला में एकमात्र टेस्ट मैच और पहले दो वनडे में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। उसकी टीम हालांकि जीत के साथ श्रृंखला का समापन करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। इसके लिए उसे खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

टीम इस प्रकार हैं:

भारतः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बराड़, हर्ष दुबे, यशस्वी जायसवाल, हर्षित राणा।

अफगानिस्तानः हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, रहमत शाह, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह उमरजई, राशिद खान, नांज्ञाल खारोताई, एएम गजनफर, जिया उर रहमान शरीफी, फरीद मलिक, बिलाल सामी।

मैच दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा।

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत की नजरें चिली को हराकर फाइनल में जगह बनाने पर

आकलैंड। टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन कर रही आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला हॉकी टीम निचली रैंकिंग वाली चिली के खिलाफ एफआईएच नेशंस कप सेमीफाइनल में उसी लय को कायम रखना चाहेगी ताकि एफआईएच प्रो लीग में वापसी की ओर अगला कदम रख सके। भारत ने पूल ए में तीनों मैच जीतकर शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई है। मेजबान न्यूजीलैंड पूल बी में सारे मैच जीतकर शीर्ष पर रहा और दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका से खेलेगा।

भारतीय टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में वापसी के लिये नेशंस कप जीतना ही होगा जिससे वह पिछले साल बाहर हो गई थी। छले सत्र में 16 मैचों में सिर्फ दस अंक लेने के बाद भारत प्रो लीग में सबसे नीचे रहा और नेशंस कप में खिसक गया था। आठ देशों के एफआईएच नेशंस कप के विजेता को अगले सत्र में प्रो लीग में जगह मिलेगी। मौजूदा रैंकिंग और फॉर्म को देखते हुए भारत का पलड़ा चिली पर भारी है। विश्व रैंकिंग में भारत नौवे और चिली 13वें स्थान पर है लेकिन आधुनिक हॉकी में रैंकिंग उतना मायने नहीं रखती। सेमीफाइनल से पहले मुख्य कोच शोर्ड मारिन को कुछ पहलुओं पर काम करना होगा। 17वीं रैंकिंग वाली उरूग्वे को हराने के लिये भारत को काफी मशक्कत करनी पड़ी। उरूग्वे ने बढत बना ली थी लेकिन दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल किये और दीपिका सोरेंग ने फील्ड गोल करके भारत को जीत दिलाई। ड्रैग फ्लिकर दीपिका शानदार फॉर्म में है और चार गोल कर चुकी है। नवनीत कौर, कप्तान सलीमा टेटे और लालरेम्सियामी भी एक एक गोल कर चुके हैं। भारत के लिये एकमात्र फील्ड गोल दीपिका सोरेंग ने किया है। भारत को अगले मैचों में और फील्ड गोल करने होंगे। इसके लिये फॉरवर्ड पंक्ति को मौके बनाकर फिनिशिंग तक ले जाना होगा।

संक्षेप

मन्नत ने पहला पेशेवर गोल्फ खिताब जीता

बेंगलुरु। एमेच्योर खिलाड़ी के तौर पर शानदार करियर के बाद इस साल पेशेवर बनी मन्नत बरार ने शुक्रवार को यहां अंतिम दौर में अनुभवी विधात्री उर्स को पछाड़कर महिला पेशेवर गोल्फ के आठवें चरण का खिताब जीत लिया। यह पेशेवर बनने के बाद मन्नत का पहला खिताब है। मन्नत ने एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ राउंड खेलते हुए सात अंडर 61 का स्कोर बनाया जिससे वह संयुक्त सातवें स्थान से शीर्ष पर पहुंच गईं। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा। दूसरे दौर के बाद संयुक्त पांचवें स्थान पर चल रही विधात्री अंतिम दौर में पांच अंडर 63 के स्कोर से मन्नत से एक शॉट पीछे रहीं। कल तक शीर्ष पर चल रही एमेच्योर जारा आनंद अंतिम दौर में 69 के स्कोर से कुल पांच अंडर के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहीं।

भारतीय जोड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी

नयी दिल्ली। भारत के अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की गत चैंपियन और शीर्ष वरीय जोड़ी ने मलेशिया के सारावाक में चल रही तीसरी एशियाई युगल चैंपियनशिप में शुक्रवार को हांगकांग के शिंग फंग लैम और यैट लॉन्ग चुंग को 11-6, 11-5 से हराया। यह उनकी लगातार दूसरी जीत थी जिससे वे पुरुषों के पूल ए में शीर्ष पर पहुंच गए। हालांकि राहुल बैथा और सूरज चंद की दूसरी भारतीय पुरुष जोड़ी को पाकिस्तान के नासिर इकबाल और नूर जमान से 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। पूल बी में तीन मैच में यह उनकी दूसरी हार थी जिससे वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिला युगल में जोशना चिनप्पा और राधिका सीलन की दूसरी वरीय जोड़ी ने सिंगापुर की वाई लिन औ योंग और नैशा सिंह को 11-7, 11-5 से हराया। यह उनकी लगातार चौथी जीत थी, जिससे छह टीम वाले पूल बी में यह जोड़ी शीर्ष पर पहुंच गई। जेनेट विधि और पूजा आरती की भारतीय जोड़ी को हांगकांग की न्गा चिंग चेंग और हेली फंग से 4-11, 11-9, 7-11 से हार मिली। पूल बी में चार मैच में यह उनकी दूसरी हार थी।

भारत को रजत पदक से संतोष करना पड़ा

चीन। भारत को शुक्रवार को विश्व टीम स्नूकर चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में मेजबान चीन ए के हाथों 2-3 से मिली हार से रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मुकाबला 2-2 से बराबरी पर था और भारत के आदित्य मेहता निर्णायक फ्रेम में ली चेंगजी के खिलाफ लड़खड़ा गए। वह गलतियों से भरे इस मैच में अहम मौकों का फायदा नहीं उठा पाए। दोनों खिलाड़ी संघर्ष कर रहे थे।

बल्लेबाजी कोच के तौर पर दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगे युवराज सिंह

नयी दिल्ली। सीमित ओवरों के दिग्गज बल्लेबाज युवराज सिंह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजी कोच के तौर पर टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं। इस घटनाक्रम पर नजर रखने वाले आईपीएल सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप दोनों में भारत के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे युवराज ने हाल के वर्षों में भारत के मौजूदा कप्तान शुभमन गिल और दुनिया के नंबर एक टी20 खिलाड़ी अभिषेक शर्मा के निजी मेंटोर के तौर पर काम किया है। यहां तक कि ऋषभ पंत ने भी खराब फॉर्म के दौरान युवराज से सलाह ली थी। दिल्ली कैपिटल्स के साथ युवराज का यह आईपीएल में पहला कोचिंग करार होगा। युवराज ने अपने प्रतिस्पर्धी करियर को अलविदा कहने से पहले कुल 132 मैचों में से अपना आखिरी आईपीएल मैच 2019 में मुंबई इंडियंस के लिए खेला था। आईपीएल सूत्र ने कहा, दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ में पूरी तरह से बदलाव होगा क्योंकि समझौते के अनुसार जेएसडब्ल्यू 2027-28 सत्र के लिए प्रबंधन संभालेगा। वेणुगोपाल राव, हेमांग बदानी और मुनाफ पटेल की तिकड़ी को नए सहयोगी स्टाफ के लिए जगह बनानी होगी जिन्हें सह मालिक जीएमआर ने नियुक्त किया था। सूत्र ने कहा कि सौरव गांगुली क्रिकेट निदेशक का पद संभालेंगे और युवराज बल्लेबाजी कोच के तौर पर टीम से जुड़ेंगे। समझौते के अनुसार सह मालिक जीएमआर और जेएसडब्ल्यू बारी-बारी से दो साल के लिए पुरुषों की टीम का कामकाज संभालते हैं। दिल्ली कैपिटल्स पिछले दो सत्र में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई। माना जा रहा है कि गांगुली ही युवराज को टीम में शामिल करना चाहते थे क्योंकि उनका बाएं हाथ के इस बल्लेबाज पर उनके पहले अंतरराष्ट्रीय कप्तान के तौर पर काफी प्रभाव रहा है। गांगुली क्रिकेट निदेशक के तौर पर जेएसडब्ल्यू की एसए20 फ्रेंचाइजी प्रिटोरिया कैपिटल्स और दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम की भी देखरेख करते थे। वहीं युवराज को सिर्फ पुरुषों की टीम की जिम्मेदारी संभालनी होगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या दिल्ली कैपिटल्स मौजूदा टीम के एक या दो खिलाड़ियों के बदले ऋषभ पंत के लिए ट्रेड कर सकती है या नहीं, जो लखनऊसुपर जायंट्स छोड़ने के लिए तैयार हैं।

विश्व कप के लिए तैयारी को नहीं कर सकते सार्वजनिक : सैकिया

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए तैयारी जारी है और इसे सार्वजनिक रूप से साझा नहीं किया जा सकता है।

सैकिया ने पीटीआई को दिए गए विशेष साक्षात्कार में व्यक्तिगत खिलाड़ियों और टीम में उनके भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर किसी भी तरह की चर्चा करने से इनकार कर दिया। अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को लेकर जब भी कोई चर्चा होती है तो दो दिग्गज खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा के नाम पर सबसे अधिक चर्चा होती है। सैकिया ने हालांकि कहा कि बोर्ड रूम में होने वाली रणनीतिक चर्चाएं अंदर तक ही सीमित रहनी चाहिए। कोहली और रोहित वनडे विश्व कप में खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इस बात पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है कि क्या टीम में इन दोनों दिग्गजों को जगह मिलेगी या नहीं। सैकिया से जब पूछा गया कि क्या बीसीसीआई ने इस मामले पर आपस में किसी तरह की चर्चा की है तो उन्होंने कहा कि सभी हितधारक अपने विचारों पर सहमत हैं जो सतत चलने वाली प्रक्रिया के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा, हमारे पास एक बहुत ही सुव्यवस्थित टीम और कई विशेषज्ञ हैं। सभी हितधारकों को साथ लेकर चला जाता है। जो भी फैसले किए जाते हैं, उनमें क्रिकेट समिति, चयनकर्ता और अन्य सभी हितधारक शामिल होते हैं। इनमें सहयोगी स्टाफ के सदस्य, मुख्य कोच और संबंधित खिलाड़ी शामिल हैं।



सैकिया ने कहा, नियमित रूप से बातचीत हो रही है। इसलिए हमें किसी तरह से विशेष बातचीत करने की जरूरत नहीं है। यह एक सतत प्रक्रिया है। इस तरह से बीसीसीआई सचिव ने अपने पत्ते खोलने से स्पष्ट इनकार कर दिया। यही नहीं उन्होंने कहा कि वह बोर्ड रूम की कोई भी जानकारी उजागर नहीं करेंगे। सैकिया ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मुझे मीडिया या लोगों के सामने कुछ भी खुलासा करना चाहिए क्योंकि ये रणनीतिक चर्चाएं हैं। मुझे मीडिया के सामने इनके बारे में बोलने का अधिकार नहीं है। यह ऐसे मामले हैं जो बोर्डरूम के भीतर ही रहने चाहिए। बांग्लादेश के सीमित ओवरों के दौरे के बारे में सैकिया ने कहा कि वह इस संबंध में भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे। भारतीय टीम को पिछले साल बांग्लादेश का दौरा करना था लेकिन वहां माहौल अशांत होने के कारण ऐसा नहीं हो पाया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को भी पूर्व कप्तान तमीम इकबाल के रूप में एक नया अध्यक्ष मिला है, जो भारत के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट संबंधों को फिर से शुरू करने के इच्छुक हैं। सैकिया से जब पूछा गया कि क्या अब बीसीसीआई का रुख बदलेगा, तो उन्होंने कहा, बीसीसीआई एक क्रिकेट नियामक बोर्ड है और अन्य देशों में राजनीतिक रूप से जो कुछ भी चल रहा है, उससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई द्विपक्षीय और बहुराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी के संबंध में भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन ठीक उसी तरह से करता है, जैसे कोई अन्य खेल संघ करता है, फिर चाहे वह फुटबॉल हो, एथलेटिक्स हो या कोई अन्य खेल।

आधार में जन्मतिथि बदलाव का रिकॉर्ड सहेजे यूआईडीएआई: डब्ल्यूएफआई

नयी दिल्ली। उम्र को लेकर धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिये भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) से जन्मतिथि में बदलाव के तमाम रिकॉर्ड को स्थायी रूप से सहेजने का आग्रह किया है और खास और पूरी तरह से सत्यापित मामलों को छोड़कर काफी समय बीतने के बाद ऐसे बदलावों पर रोक लगाने के लिये भी कहा है।

यूआईडीएआई सीईओ सौरभ गर्ग को 18 जून को लिखे पत्र में डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि महासंघ ने ऐसे कई मामले देखें हैं जिनमें पहलवान जन्मतिथि के रिकॉर्ड में बदलाव करके उम्र कम दिखाते हैं। हाल ही में उम्र के सत्यापन की मुहिम के तहत यह देखने में आया है। महासंघ ने कहा कि गोंडा में छह से आठ जून तक अंडर 17 राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट के जरिये यह मामला उभरा। डब्ल्यूएफआई ने अधिक उम्र के करीब 500 पहलवानों को अयोग्य करर दिया जबकि सत्यापन की प्रक्रिया के बीच कई रजिस्टर्ड खिलाड़ी भागीदारी के लिये आये ही नहीं। महासंघ ने आयुवर्ग टूर्नामेंटों में भागीदारी की योग्यता का आकलन करने के लिये जन्म प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों के साथ आधार से जुड़ा प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया है। डब्ल्यूएफआई ने पत्र में लिखा, अभियान के दौरान अधिकारियों ने यूआईडीएआई पोर्टल पर आधार अपडेट रिकॉर्ड का इतिहास भी खंगाला और पाया कि कई मामलों में जन्मतिथि में कथित तौर पर बदलाव किया गया है। कुछ मामलों में तो चार से पांच साल तक। महासंघ ने यह भी दावा किया कि जन्मतिथि में बदलाव करने वाले कुछ पहलवान अब आधार अपडेट इतिहास मिटाने या छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिये महासंघ ने यूआईडीएआई से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि जन्मतिथि में बदलाव के रिकॉर्ड स्थायी तौर पर रखे जायें और सत्यापन के मकसद से उपलब्ध रहें। इस साल की शुरूआत में खेल मंत्रालय ने आयु में धोखाधड़ी के खिलाफ राष्ट्रीय कोड को अधिसूचित किया जिसमें सभी वर्गों में उम्र के सत्यापन के लिये कड़ी व्यवस्था तय की गई है।

आईसीसी प्रमुख जय शाह एसएलसी की अंतरिम समिति के मुद्दे पर श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके से मिलेंगे

कोलंबो। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह शुक्रवार को एक संक्षिप्त दौरे पर यहां पहुंचेंगे और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके से मुलाकात करेंगे जिसमें श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) की अंतरिम समिति का मुद्दा मुख्य एजेंडा हो सकता है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

शाह अहमदाबाद और कोलंबो के बीच शुरू होने वाली पहली सीधी उड़ान से यात्रा करेंगे। उम्मीद है कि शाह एसएलसी की अंतरिम समिति की नियुक्ति पर चर्चा करेंगे। आईसीसी इसे राष्ट्रीय क्रिकेट संचालन संस्था के कामकाज से जुड़े अपने नियमों के खिलाफ मानता है। श्रीलंका के खेल मंत्री सुनील कुमार गमागे ने अप्रैल के आखिर में एसएलसी को चलाने के लिए मौजूदा अंतरिम समिति नियुक्त की थी। यहां क्रिकेट सूत्रों के अनुसार आईसीसी ने पिछले हफ्ते एसएलसी के सीईओ एशले डिसिल्वा को एक पत्र भेजा था। हालांकि पत्र की बातें सार्वजनिक नहीं की गई हैं लेकिन माना जा रहा है कि वैश्विक संचालन संस्था ने एसएलसी का कामकाज संभालने के लिए बिना देरी किए लोकतांत्रिक चुनाव कराने पर जोर दिया है। अंतरिम समिति को उम्मीद थी कि आईसीसी उसे सुधार लागू करने के लिए अनिश्चितकालीन समय देगा जिसमें एसएलसी के लिए नया संविधान बनाना भी शामिल है। अंतरिम समिति ने शम्मी सिल्वा की अध्यक्षता वाली 2025 में चुनी गई कार्यकारी समिति की जगह ली थी जिसका कार्यकाल अगले साल मई में खत्म होना था। सिल्वा और उनकी टीम ने इस्तीफा दे दिया था। ऐसा लगता है कि दिसानायके के कहने पर उन्होंने इस्तीफा दिया क्योंकि वे समिति के कामकाज से नाखुश थे। वर्ष 2024 में तत्कालीन खेल मंत्री द्वारा सिल्वा के प्रशासन को हटाने की कार्वाई के कारण आईसीसी ने श्रीलंका की सदस्यता निलंबित कर दी थी। श्रीलंका के निलंबन के कारण बाद में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका को सौंप दी गई थी। एक स्थानीय अदालत द्वारा सिल्वा को एसएलसी का प्रमुख बहाल करने के बाद आईसीसी ने प्रतिबंध हटा लिया था।

श्रेयस सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करते हैं : वैशाख

एजेंसी

चेन्नई। श्रेयस अय्यर अगले महीने इंग्लैंड में पहली बार भारत के पूर्णकालिक टी20 कोच के रूप में कमान संभालेंगे और पंजाब किंग्स में उनके साथी खिलाड़ी वैशाख विजयकुमार का कहना है कि मुंबई के इस क्रिकेटर की लोगों के प्रबंधन की बेहतरीन क्षमता उनके काम आएगी।

इस महीने की शुरुआत में अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने सूर्यकुमार यादव की जगह अय्यर को टी20 टीम की कमान सौंपने का फैसला किया था।

वैशाख ने कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह से वह सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करते हैं वह सबसे बड़ी बात है क्योंकि जाहिर है कि युवा खिलाड़ी काफी दबाव में होंगे। इसलिए आप उन्हें कैसे संभालते हैं और उनसे कैसे बात करते हैं इससे बहुत फर्क पड़ता है। उन्होंने कहा कि आईपीएल एक मुश्किल प्रतियोगिता है और आप जानते हैं कि भारतीय खिलाड़ी ही आपके लिए टूर्नामेंट जीतेंगे। इसलिए जिस तरह से उन्होंने सभी भारतीय खिलाड़ियों और घरेलू खिलाड़ियों को संभाला वह सुकून देने वाला था और इससे मुझे और सभी को बहुत कुछ सीखने को मिला। यही उन्हें एक अच्छा नेतृत्वकर्ता बनाता है।

आईपीएल 2025 से पहले पंजाब किंग्स से जुड़ने वाले वैशाख ने अय्यर की कप्तानी में दो सत्र खेले हैं और एक नेतृत्वकर्ता और बल्लेबाज के तौर पर उनके विकास को करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि जब से मैंने उन्हें 2025 में पहली बार देखा है तब से वह एक कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर काफी परिपक्व हो गए हैं। हर दिन वह कुछ नया लेकर आते हैं और हर दिन उसे आजमाने के लिए उत्सुक रहते हैं। वैशाख ने कहा कि जब भी वह मैदान पर उतरते हैं तो उनमें एक अलग ही जोश और तेज होता है क्योंकि वह हर हाल में जीतना चाहते हैं। जिस तरह से वह खुद को संभालते हैं और टीम में सभी को संभालते हैं वह बहुत अच्छा लगता है।

चंद्र अभियान से पहले तकनीक का होगा परीक्षण

नासा ने की आर्टेमिस-तृतीय मिशन के चालक दल की घोषणा

एरिजोना। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने महत्वाकांक्षी आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत आर्टेमिस-तृतीय मिशन के चालक दल की घोषणा कर दी है। हालांकि यह मिशन अब अपने मूल उद्देश्य से काफी अलग जा चुका है। प्रारंभिक योजना के अनुसार आर्टेमिस-तृतीय के तहत मनुष्यों को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारा जाना था, लेकिन कार्यक्रम में हुए बदलावों के बाद अब यह मिशन मुख्य रूप से उन तकनीकों, उपकरणों और प्रणालियों का परीक्षण करेगा, जिनका उपयोग भविष्य में चंद्रमा पर उतरने के अभियानों में किया जाएगा।

नासा ने जून 2026 में घोषित चालक दल में अपने तृतीय अंतरिक्ष यात्रियों आंद्रे डगलस, रैंडी ब्रेसनिक और फ्रैंक रुबियो के साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के अंतरिक्ष यात्री लुका परमितानो को शामिल किया है। यह दल पृथ्वी की कक्षा में उड़ान भरकर उन महत्वपूर्ण प्रणालियों का परीक्षण करेगा जो बाद में चंद्रमा पर मानव अवतरण के लिए इस्तेमाल की जाएंगी। आर्टेमिस कार्यक्रम में यह बदलाव फरवरी 2026 में किया गया था, जब नासा ने आर्टेमिस-द्वितीय और पहले आर्टेमिस चंद्र मिशन के बीच एक अतिरिक्त मिशन जोड़ने की घोषणा की। उस समय एजेंसी ने कहा था कि चंद्रमा पर मानव को भेजने से पहले कुछ महत्वपूर्ण तकनीकों का अंतरिक्ष में परीक्षण आवश्यक है ताकि मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके बाद मई 2026 में नासा ने आर्टेमिस-तृतीय के नए उद्देश्य तय किए। विशेषज्ञों के अनुसार, यह बदलाव मुख्य रूप से सुरक्षा कारणों से किया गया। नासा भविष्य के चंद्र मिशनों में इस्तेमाल होने वाले यानों, प्रणालियों और लैंडर के बीच समन्वय की विश्वसनीयता को लेकर अतिरिक्त आश्वस्त होना चाहता है। अंतरिक्ष अभियानों में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और छोटी-सी तकनीकी विफलता भी गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। आर्टेमिस-तृतीय के 2027 के अंत से पहले प्रक्षेपित होने की संभावना नहीं है। इसके मिशन को 2028 में चंद्रमा पर मानव उतारने वाला अभियान माना जा रहा है। इस प्रकार मानवों की चंद्रमा पर वापसी की समयसीमा एक बार फिर आगे खिसक गई है। आर्टेमिस कार्यक्रम में लगातार बदलाव और देरी ने कई लोगों को भ्रमित भी किया है। जब इस कार्यक्रम की घोषणा की गई थी, तब आर्टेमिस-तृतीय को वर्ष 2024 में चंद्रमा पर उतरने वाला मिशन बताया गया था। लेकिन तकनीकी चुनौतियों और परीक्षणों की आवश्यकता के कारण कार्यक्रम की समयसीमा कई बार बदली गई। इन चुनौतियों में सबसे प्रमुख ओरियन अंतरिक्ष यान के हीट शील्ड से जुड़ी समस्या रही है। आर्टेमिस-प्रथम मिशन के दौरान वैज्ञानिकों ने पाया कि यान का हीट शील्ड अपेक्षा से अधिक क्षतिग्रस्त हुआ था। हीट शील्ड किसी भी अंतरिक्ष यान का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा होता है क्योंकि पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश के समय तापमान हजारों डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। यह ढाल अंतरिक्ष यात्रियों और यान को अत्यधिक गर्मी से सुरक्षित रखती है।

शाह ने जांच, अभियोजन और दोषसिद्धि की पूरी प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी के सक्रिय उपयोग का आह्वान किया



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि जांच, अभियोजन और दोषसिद्धि की पूरी प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी का सक्रिय इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा यहां आयोजित ऑल इंडिया फिंगरप्रिंट कॉन्फ्रेंस-2026 के उद्घाटन के मौके पर शाह ने कहा कि न केवल राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) का उपयोग अपराधियों की पहचान के लिए किया जाना चाहिए, बल्कि अपराध स्थलों से एकत्र किए गए फिंगरप्रिंट जोड़कर इसके डेटाबेस को और समृद्ध भी किया जाना चाहिए। शाह ने कहा कि ऐसे कई मामले हैं, जहां एनएएफआईएस ने सबसे जटिल मामलों को भी सरल बनाने में बहुत मदद की है। लेकिन, मेरा अभी भी मानना है कि एनएएफआईएस का इस्तेमाल केवल 10 प्रतिशत ही किया जा रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि एनएएफआईएस का इस्तेमाल केवल अपराधियों को खोजने तक सीमित नहीं होना चाहिए। यह तभी सफल हो सकता है, जब आप हर अपराध स्थल से प्राप्त फिंगरप्रिंट के माध्यम से एनएएफआईएस के डेटा को समृद्ध करें। शाह ने कहा कि यह दो-तरफा प्रणाली है जो अपराधी की पहचान करने में बहुत उपयोगी है, लेकिन अपराध तभी साबित हो सकता है, जब डेटा तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि जब आपराधिक न्याय प्रणाली की बात आती है, तो हमारा देश बदलाव के दौर से गुजर रहा है। पहले के समय में, पुलिस थाने को कानून-व्यवस्था बनाए रखने का एक जरिया माना जाता था। यदि कहीं कोई विवाद होता था, तो थाना प्रभारी (एसएचओ) मामले का निपटारा कर देता था, अन्यथा मामला अदालत में चला जाता था और मामले वर्षों तक लंबित पड़े रहते थे। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि आपराधिक न्याय प्रणाली को देश के हर नागरिक के लिए संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों को प्राप्त करने का एक उपयुक्त माध्यम बनाया जाये। शाह ने नये आपराधिक कानूनों के तहत उपलब्ध उपकरणों के उपयोग के लिए प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि आरोप-पत्र में केवल वही आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएं, जो किसी अपराधी की भूमिका की पुष्टि करते हों।

संक्षेप

वायु प्रदूषण से निपटने के लिए योजना की घोषणा

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को सर्दियों में प्रदूषण से निपटने की अपनी योजना के तहत कई उपाय घोषित किए। इनमें पार्किंग शुल्क दोगुना करना, बीएस-6 मानकों को पूरा न करने वाले माल ढुलाई वाहनों के प्रवेश पर रोक, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के बिना ईंधन न मिलना और अलग-अलग समय पर कार्यालय खुलने-बंद होने जैसे उपाय शामिल हैं। प्रोएक्टिव विंटर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट फ्रेमवर्क के तहत उपाय सामान्य तौर पर नवंबर से चार महीने तक जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक बयान में कहा कि अधिसूचित मसौदे के तहत दिल्ली के पेट्रोल पंप पर केवल वही वाहन ईंधन खरीद सकेंगे, जिनके पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) होगा। बयान के मुताबिक, दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर बीएस-6 वाणिज्यिक वाहनों को एक नवंबर 2026 से 31 जनवरी 2027 के बीच राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने की इजाजत नहीं होगी। हालांकि, मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सीएनजी वाहनों, इलेक्ट्रिक वाहनों, आपातकालीन सेवा वाहनों और सरकारी काम में लगे वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत जारी दिशा-निर्देश आम तौर पर हर साल एक नवंबर से 28 फरवरी तक लागू रहेंगे।

फुटपाथ पर पैदल चलना मौलिक अधिकार : कोर्ट



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को व्यवस्था दी कि निर्धारित फुटपाथ पर पैदल चलने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है।

शीर्ष अदालत ने एक अहम फैसले में कहा कि पैदल चलने के लिए तय किए गए रास्तों पर मोटर वाहनों के मुकाबले इस (पैदल चलने के) अधिकार को प्राथमिकता दी जाएगी और यह अनुच्छेद 19 (1) (डी) के तहत गारंटीकृत आने-जाने की स्वतंत्रता के अधिकार तथा अनुच्छेद 21 (जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार) समेत अन्य मौलिक अधिकारों का हिस्सा है। न्यायालय ने पैदल चलने संबंधी मौलिक अधिकार के बेहतर क्रियान्वयन के लिए एक नियामक इकाई बनाने की पैरवी भी की।

निर्बाध पासपोर्ट सेवा समृद्ध, भारत के निर्माण की प्रेरक शक्ति

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि पासपोर्ट मुहैया कराने की प्रक्रिया वास्तव में लोकतांत्रिक बन गई है और यह निर्बाध सेवा समृद्ध, वैश्विक रूप से जुड़े तथा विकसित भारत के निर्माण की एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति के रूप में काम कर रही है।

पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित वार्षिक क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में जारी किए गए पासपोर्ट की संख्या बढ़कर 138 लाख से अधिक हो गई है, जो भारत और उसके लोगों की बढ़ती आकांक्षाओं को दर्शाती है। विदेश मंत्री ने कहा कि आज पासपोर्ट सेवा तेज और आसानी से उपलब्ध है, जबकि पहले पासपोर्ट पाना किसी विशेषाधिकार जैसा था। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट मुहैया कराने की प्रक्रिया सचमुच लोकतांत्रिक हो गई है। विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अपनी प्रस्तुति में बताया कि 2014 में पासपोर्ट सेवा केंद्रों की संख्या 77 थी, जो अब बढ़कर 545 से ज्यादा हो गई है। इसके अलावा 454 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) हैं। अपने संबोधन से पहले, जयशंकर ने देश के अलग-अलग हिस्सों से आए विजेताओं को विभिन्न श्रेणियों में पासपोर्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किये। मुझे पूरा विश्वास है कि आप जो यह निर्बाध जनसेवा प्रदान कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल: दार्जिलिंग में बालासन नदी पर बने अस्थायी पुल का हिस्सा ढहा

सिलिगुड़ी। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में बालासन नदी पर बने एक अस्थायी पुल का हिस्सा भारी बारिश के कारण शुक्रवार को ढह जाने से सिलिगुड़ी और मिरिक तहसील के बीच वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अक्टूबर 2025 में दुधिया स्थित लोहे का पुल ढह जाने के बाद एक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में यह अस्थायी पुल बनाया गया था। एक अधिकारी ने कहा कि लगातार बारिश के कारण नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से दुधिया स्थित अस्थायी ह्यूम पाइप पुल का एक हिस्सा ढह गया। उन्होंने बताया कि वाहनों की आवाजाही फिलहाल पंखाबाड़ी और कर्सियांग मार्गों से वैकल्पिक रास्तों के जरिये हो रही है। दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने क्षेत्र में बार-बार सामने आ रही इस तरह की समस्याओं के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा सांसद ने संवाददाताओं से कहा कि लोहे का पुल ढहने के बाद तत्कालीन तृणमूल कांग्रेस सरकार स्थायी पुल नहीं बना सकी। अस्थायी पुल भी ठीक से नहीं बनाया गया था और भारी बारिश के दौरान ऐसी समस्या पैदा होने की पूरी आशंका थी। उन्होंने कहा कि यदि सीमा सड़क संगठन या सेना की मदद से बेली पुल का निर्माण किया गया होता तो समस्या का एक दीर्घकालिक समाधान हो सकता था। लोक निर्माण विभाग स्थायी पुल परियोजना के लिए पहुंच मार्ग और उससे संबंधित बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है।

दिल्ली में पहले महिला थाने का उद्घाटन, एसएचओ से बोली बेटी थाना अच्छी तरह संभालना

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को अधिकतर महिला कर्मियों वाले पहले थाने का उद्घाटन हुआ, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आरामदायक माहौल, भरोसा और जल्दी न्याय दिलाना है। इस थाने की प्रभारी (एसएचओ) लक्ष्मी सिंह के लिए यह पल बेहद खास था। जब वह उत्तर दिल्ली के सब्जी मंडी पुलिस थाने के परिसर में बने इस नए थाने की जिम्मेदारी संभालने की तैयारी कर रही थीं, तब उनकी 13 वर्षीय बेटी की कही बात उन्हें याद आ रही थी।

सिंह के अनुसार उनकी बेटी ने उनसे कहा था, आप हफ्ते में एक दिन ही घर आना, लेकिन अपना थाना अच्छी तरह से संभालना। सिंह के अनुसार उनके लिए यह बात एक मां और पुलिस अधिकारी दोनों के रूप में त्याग और जिम्मेदारी की याद दिलाने वाली थी। उन्होंने कहा, यह सुनकर मुझे राहत मिली, लेकिन मेरी जिम्मेदारी भी बढ़ गई। यह थाना हर उस महिला के लिए है जो यहां मदद लेने आएगी। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा की मौजूदगी में इस थाने का उद्घाटन किया। यह दिल्ली का पहला ऐसा थाना है, जिसे महिलाओं की सुरक्षा मजबूत बनाने और संवेदनशील पुलिस व्यवस्था विकसित करने के लिए बनाया गया है। यह थाना उत्तर जिले में घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, पीछा करने (स्टॉकिंग) और हमले जैसे मामलों को देखेगा। अधिकारियों ने बताया कि यहां जागरूकता अभियान, परामर्श सत्र और सामुदायिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सिंह ने कहा कि सामान्य थानों की तुलना में इस थाने का माहौल अधिक सहज बनाने की कोशिश की गई है। उन्होंने बताया कि यहां बच्चों के लिए एक अलग कमरा बनाया गया है, ताकि शिकायत दर्ज कराने आने वाली महिलाएं अपने बच्चों को साथ ला सकें। सिंह ने महिला पुलिसकर्मियों के लिए एक जिम भी बनाया गया है ताकि उनके लिए कार्यस्थल को बेहतर बनाया जा सके। चार बहनों के साथ पली-बढ़ी लक्ष्मी सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी महिला पुलिस के पास आने में हिचकिचाए नहीं। उन्होंने कहा, मैं जानती हूं कि संवेदनशील मामलों की शिकायत करते समय कई महिलाएं असहज महसूस करती हैं। हमारी प्राथमिकता है कि वे सुरक्षित महसूस करें और खुलकर अपनी बात कह सकें। इस थाने में 60 प्रतिशत कर्मचारी महिलाएं हैं, जिनमें जांच अधिकारी और सहायक कर्मचारी भी शामिल हैं। वैवाहिक विवाद के मामले में मदद लेने आई 33 वर्षीय एक महिला ने कहा कि यहां का माहौल अलग महसूस होता है। मैं यहां सहज महसूस कर रही हूं। महिलाएं उन बातों को समझती हैं जिन्हें कई बार पुरुष नहीं समझ पाते। मैं बिना किसी डर या झिझक के अपनी बात रख सकती हूं।

इंटरटेनमेंट...

विभाजन की पीड़ा झेलने वालों का दर्द है 'मैं वापस आऊंगा'



नयी दिल्ली। प्रख्यात फिल्मकार इम्तियाज अली का मानना है कि भारत-विभाजन की त्रासदी का सामना करने वाले लोगों को आगे बढ़ने की ताकत उनके दिलों में बसे प्रेम और उससे जुड़ी यादों ने दी और उनकी नयी फिल्म मैं वापस आऊंगा इसी भावनात्मक अनुभव को केंद्र में रखकर बनाई गई है। अली ने बातचीत में कहा कि यह फिल्म विभाजन की उथल-पुथल के बीच बिछड़े प्रेम और पास रह गई स्मृतियों की कहानी है।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि यह हजारों-लाखों लोगों की कहानी है। जब वे अपनी इच्छा न होने के बाद भी सीमा पार करके आए, तब वे अपने साथ गठरियां, संदूक, गहने और धन लेकर आए। वे अपने दिलों में प्रेम भी लेकर आए थे। अली ने कहा कि समय के साथ यही प्रेम यादों में बदल गया और लोगों के लिए एक ऐसे निजी खजाने की तरह बन गया, जहां वे कठिन और निराशाजनक क्षणों में लौट सकते थे। मैं वापस आऊंगा में अभिनेता दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में 95 वर्षीय एक व्यक्ति अपने अतीत को याद करता है और उसके जीवन की अनकही प्रेम कहानी सामने आती है। अली ने कहा कि विभाजन पर अनेक फिल्में बन चुकी हैं, लेकिन उनकी कोशिश यह समझने की रही कि इतने गहरे दुख और विस्थापन के बावजूद लोग अपने भीतर प्रेम और सुंदर स्मृतियों को कैसे बचाए रख पाए। उन्होंने कहा हम केवल अनुमान लगा सकते हैं कि उन्होंने कितना कष्ट सहा होगा। हिंसा और उथल-पुथल की बात की जा सकती है, लेकिन उनकी निराशा की गहराई को समझना कठिन है। सैकड़ों विभाजन पीड़ितों से बातचीत के बाद मुझे महसूस हुआ कि उन्हें उनके दिलों में मौजूद प्रेम ने संभाले रखा। अली ने बताया कि फिल्म की प्रेरणा उन्हें पंजाब में अपनी 2024 की फिल्म अमर सिंह चमकीला की शूटिंग के दौरान मिली, जब उन्होंने विभाजन के प्रत्यक्षदर्शी रहे अनेक लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा मैंने पाया कि वे नफरत की नहीं, बल्कि अच्छी और खूबसूरत यादों की बात करते थे। कोई अपने बगीचे के पेड़ों को याद करता था, कोई उस लड़की को जिसे वह चुपके से देखने जाता था, तो कोई नदी किनारे दोस्तों के साथ बिताए समय को याद करता था। अली के अनुसार, विभाजन की सबसे बड़ी अनदेखी क्षति सांस्कृतिक और सौंदर्यबोध से जुड़ी थी।

16 अक्टूबर को रिलीज होगी धनुष की फिल्म ओम

नयी दिल्ली। अभिनेता धनुष की फिल्म ओम 16 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्देशक राजकुमार पेरिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन-ड्रामा है। फिल्म निर्माताओं ने बृहस्पतिवार को इंस्टाग्राम पर फिल्म का टीजर और रिलीज की तारीख साझा की। इस पोस्ट को अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से फिर से साझा किया। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, उनका आगमन आग की तरह है। प्रस्तुत है पहला वार डी55, अब ओम है। वीडियो में डरे हुए ग्रामीणों का एक समूह दिखाया गया है और धनुष को एक उग्र रक्षक के रूप में पेश किया गया है, जो जंगल में हथियारबंद लोगों से लड़कर ग्रामीणों की रक्षा करते हैं।

शुरुआत में नहीं गाना चाहती थी नमक इस्क का : रेखा भारद्वाज

नयी दिल्ली। रेखा भारद्वाज का कहना है कि वह शुरू में ओमकारा में नमक इस्क का नहीं गाना चाहती थीं, लेकिन निर्देशक-संगीतकार विशाल भारद्वाज उनको इस फिल्म में लेने को इच्छुक थे। भारद्वाज ने रेखा से इस गाने को पहले गंवाया था और उसे अपने मोटोरोला फ्लिप फोन पर रिकार्ड किया था। मध्यकाल के मशहूर अंग्रेजी नाटककार विलियम शेक्सपियर के नाटक ओथेलो पर आधारित फिल्म ओमकारा के निर्माण के दौरान विशाल भारद्वाज अक्सर अपनी पत्नी और गायिका रेखा भारद्वाज के साथ संगीत की रचना और गीतों को लेकर चर्चा करते थे। रेखा भारद्वाज ने बताया कि नमक इस्क का गीत में जो ऊंचे सुर सुनाई देते हैं, वे शुरुआत में इस गाने का हिस्सा नहीं थे। रेखा भारद्वाज ने कहा जब नमक इस्क का बना, तो वास्तव में यह मेरी एक उपलब्धि थी।

पेड्डी ने अब तक कमाये 400 करोड़



नयी दिल्ली। अभिनेता राम चरण की फिल्म पेड्डी ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। यह स्पोर्ट्स-एक्शन ड्रामा फिल्म निर्देशक बुची सना के निर्देशन में बनी है और चार जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में शिवा राजकुमार और जाह्नवी कपूर समेत कई कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं।

प्रोडक्शन बैनर वृद्धि सिनेमा ने बृहस्पतिवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की बॉक्स ऑफिस कमाई साझा की। इसमें फिल्म के पोस्टर के साथ कमाई के आंकड़े भी दर्शाए गए थे। निर्माताओं के अनुसार, पेड्डी इस वर्ष की सबसे अधिक कमाई करने वाली दक्षिण भारतीय फिल्म भी बन गई है। फिल्म ने पहले दिन 135.36 करोड़ रुपये की कमाई की और अपने पहले सप्ताहांत में 236.7 करोड़ रुपये की कमाई कर ली। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, बॉक्स ऑफिस का जश्न। फिल्म पेड्डी ने दुनिया भर में 400 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। 1980 के दशक के ग्रामीण आंध्र प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म पेड्डी एक ऐसे निम्न जाति के ग्रामीण की कहानी है, जो अपने समुदाय के लिए सम्मान और पहचान हासिल करने के उद्देश्य से कुश्ती को अपनाता है। अभिनेता जगपति बाबू, दिव्येंदु और बोमन ईरानी भी इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्माण वृद्धि सिनेमा के तहत वेंकट सतीश किलारू ने किया है, जबकि आईवीवाई एंटरटेनमेंट के तहत ईशान सक्सेना इसके सह-निर्माता हैं। इसे मैत्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com